धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात
रांची, रविवार
16.02.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 216



12 राजग सहयोगी वक्फ संशोधन विधेयक पर सहमत

## न्यूज डायरी

### सीएम हेमंत ने झारखंड के खिलाड़ियों को दी बधाई

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 38वें राष्ट्रीय खेलों में झारखंड के खिलाड़ियों को 25 पदक मिलने पर बधाई दी है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर खेल एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखंड के पोस्ट को साझा किया और खिलाड़ियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड के खिलाड़ियों की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड सरकार खेलों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और खिलाड़ियों को हर संभव समर्थन प्रदान करेगी।

### हथियार के साथ पांच अपराधी गिरफ्तार

**लातेहार।** जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र के बुकरू गांव के पास पुलिस ने छापेमारी कर पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अपराधियों के पास से एक देशी पिस्तौल और जिंदा गोली भी बरामद हुई है। गिरफ्तार अपराधियों में बालूमाथ निवासी मोहन गंझु, सागर तुरी, चंदवा निवासी कुलदीप गंझु, चंदू, रांची निवासी लक्ष्मण गंझू शामिल है। बालूमाथ डीएसपी विनोद रवानी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में से कुछ का आपराधिक इतिहास भी रहा है।

### पुलिस ड्यूटी मीट में झारखंड को पांच पदक

**रांची।** राजधानी रांची में आयोजित 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट में झारखंड पुलिस को 5 मेडल मिले हैं। तेलंगाना पुलिस ओवरऑल चैंपियन बनी है। शनिवार को इसका समापन हो गया। मुख्य अतिथि वित्त मंत्री और विशिष्ट अतिथि नगर विकास मंत्री ने विजेताओं को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। समारोह का आयोजन बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम में किया गया।

### मंत्री दीपिका पांडेय सिंह का न्यायालय में बयान दर्ज

**दुमका।** ग्रामीण विकास मंत्री सह गोड्डा के महागामा विधायक दीपिका सिंह पांडेय की एमपी-एमएलए विशेष अदालत में शनिवार को पेशी हुई। पेशी एमपी-एमएलए विशेष न्यायाधीश सह एसडीजेएम मोहित चौधरी के न्यायालय में हुई। मामले में मंत्री का बयान दर्ज हुआ।

### राजू का प्रभारी बनाये जाने से कांग्रेसियों में उत्साह

**रांची।** कांग्रेस के अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक विभागों के राष्ट्रीय समन्वयक के राजू (कोप्पुला राजू) को झारखंड कांग्रेस का नया प्रभारी बनाया गया है। इस संबंध में कांग्रेस के जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल ने अधिसूचना जारी की है। वह गुलाम अहमद मीर का स्थान लेंगे। गुलाम अहमद मीर लोकसभा चुनाव के ठीक पहले 23 दिसंबर 2023 को झारखंड के प्रदेश प्रभारी बनाये गए थे। उनके नेतृत्व में कांग्रेस ने झारखंड में लोकसभा और विधानसभा चुनाव 2024 लड़ा था। लोकसभा में कांग्रेस को दो सीटों पर और विधानसभा में 16 सीटों पर जीत मिली थी।

### राष्ट्रपति ने बीआइटी मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह में कहा

# आज का युग तकनीक का आइटी सेक्टर महत्वपूर्ण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि आज का युग तकनीक का है वर्तमान दौर में इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी काफी महत्वपूर्ण है। टेक्नोलॉजी और ह्यूमैनिटीज एक दूसरे के पूरक हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शनिवार को बीआइटी मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि आज बीआईटी मेसरा की शानदार उपलब्धियों पर गर्व करने का दिन है। उन्होंने आगे कहा कि टेक्नोलॉजी ने काफी प्रगति की है, जिसमें एआई, एनीमेशन जैसी चीजों ने बड़ा परिवर्तन लाया है।

**द्रौपदी मुर्मू ने एआई को बताया महत्वपूर्ण :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं का उत्साह और प्रतिबद्धता मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने आगे कहा कि हमारी बेटियां विज्ञान, इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी, गणित में पीछे नहीं हैं। द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि बीआईटी ने 70 साल के सफर में कई आयाम स्थापित किये हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के सपने को सरकार करने में नयी तकनीक अहम है। बीआईटी मेसरा में 1964 में पहला स्पेस और रॉकेटरी डिपार्टमेंट स्थापित हुआ। वर्तमान समय में काफी नये इनोवेशन हुए हैं। उन्होंने एआई का उल्लेख करते हुए कहा कि यह काफी महत्वपूर्ण है।

- विकसित भारत निर्माण में युवाओं का उत्साह और प्रतिबद्धता महत्वपूर्ण साबित होगी
- छोटे और पारंपरिक समाधान को भी आजमाएं युवा




**रांची आना उनके लिए घर जैसा :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि झारखंड आना उनके लिए घर आने जैसा है। इससे पूर्व राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बीआईटी मेसरा कैंपस में एग्जिबिशन का उद्घाटन किया, पौधे लगाये और बीआईटी के 70 वर्षों के शैक्षणिक सफर की सराहना की। उन्होंने मौके पर मौजूद छात्रों से बातचीत भी की। इस मौके पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मंत्री सुदिव्य कुमार, बीआईटी के चेयरमैन सीके बिड़ला और वीसी इन्द्रनील मन्ना, कई विश्वविद्यालयों के वीसी के अलावा बड़ी संख्या में शैक्षणिक जगत से जुड़े लोग, कॉलेज छात्र समेत अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

### गरीबों को भी तकनीक का लाभ मिले, सुनिश्चित करें

राष्ट्रपति ने कहा कि चूंकि प्रौद्योगिकी समाज में बड़े व्यवधान पैदा करती है, इसलिए हमें हाशिए पर पड़े समूहों पर इसके प्रभाव के बारे में भी सोचना चाहिए। जो महान अवसर पैदा किए जा रहे हैं, वे सभी के लिए उपलब्ध होने चाहिए और सभी को लाभ होना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि युवा छोटे और पारंपरिक समाधान को ना भूलें, उसे भी आजमाने की जरूरत है।

**बीआइटी मेसरा टेक्नोलॉजी, रिसर्च और इंटरप्रेन्योरशिप का प्रमुख सेंटर :** इससे पूर्व बीआईटी के वाइस चांसलर इंद्रनील मन्ना ने बीआइटी मेसरा को टेक्नोलॉजी, रिसर्च और इंटरप्रेन्योरशिप का एक प्रमुख सेंटर बताया। समारोह का मुख्य आकर्षण राष्ट्रपति मुर्मू और राज्यपाल गंगवार द्वारा एक विशेष स्मारक रजत पदक, डाक टिकट और लिफाफा जारी करना था, जो शिक्षा, इनोवेशन और राष्ट्र निर्माण में इंस्टीट्यूट के उल्लेखनीय योगदान का प्रतीक है।

### झारखंड में 20 फरवरी से बारिश की संभावना

**रांची।** राज्य भर में फिर से ठंड लौटनेवाली है। मौसम विभाग से जारी पूर्वानुमान के अनुसार 20 और 21 फरवरी को कई जिलों में गर्जन के साथ हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने शनिवार को बताया कि 18 और 19 फरवरी को सुबह में हल्का कुहासा रहेगा। इसके बाद दिन भर आंशिक बादल छाये रहेंगे। इधर शनिवार को रांची समेत पूरे राज्य भर में मौसम साफ रहा। उत्तरी पश्चिमी हवा के चलते धूप में नरमी महसूस हुई। रांची में अधिकतम तापमान 26 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री, जमशेदपुर 31.4 और 11.6 डिग्री, डालटेनगंज में 30.2 और 10.6 डिग्री, बोकारो में 30.1 और 10.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## धनबाद और जमशेदपुर के बाद रांची भी प्रदूषित शहर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के शहरों की हवा दूषित होती जा रही है। शहरों में बढ़ रहे वायु प्रदूषण की स्थिति चिंताजनक है। हाल ही में जारी एयर क्वालिटी इंडेक्स रिपोर्ट के अनुसार, धनबाद में वायु प्रदूषण का स्तर सबसे अधिक है। धनबाद का एक्यूआई 165 पहुंच गया है। जबकि रांची और जमशेदपुर में इसके स्तर में कमी दर्ज की गयी है। राजधानी रांची में एक्यूआई लेवल 160 और जमशेदपुर में 150 पहुंच गया है। प्रशासन को इस स्थिति से निपटने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है, ताकि नागरिकों के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखा जा सके।



वायु प्रदूषण के स्तर की श्रेणियां :
- अच्छा : 0-50
- मॉडरेट : 51-100
- खराब : 101-200
- अनहेल्दी : 201-300
- सर्वर : 301-400
- खतरा : 401-500

## आइएएस पूजा सिंघल को विभाग नहीं देने की मांग वाली इडी की याचिका पर सुनवाई कल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** ईडी की ओर से रांची के पीएमएलए की विशेष कोर्ट में दाखिल उस याचिका पर अब 17 फरवरी को सुनवाई होगी, जिसमें एजेंसी ने कोर्ट से यह आग्रह किया है कि पूजा सिंघल को कोई विभाग न दिया जाये। ईडी की ओर से दाखिल याचिका में कहा गया है कि अगर पूजा सिंघल को राज्य सरकार किसी विभाग की जिम्मेदारी देती है तो वह अपने पद का दुरुपयोग कर केस को प्रभावित कर सकती हैं।

**पूजा सिंघल की ओर से दाखिल किया गया जवाब :** ईडी की याचिका पर पूजा सिंघल की ओर से जवाब भी दाखिल कर दिया गया है। अब कोर्ट में दोनों ओर से बहस होगी। बता दें कि मनरेगा घोटाला की अभियुक्त पूजा सिंघल को केंद्रीय जांच एजेंसी-इडी ने 11 मई को गिरफ्तार किया था। ईडी ने पांच मई 2022 को पूजा सिंघल के 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इसमें ईडी को बेहिसाब पैसे और अन्य जगहों पर इन्वेस्टमेंट के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली थी।

**सीए के घर से बरामद हुए थे 19.31 करोड़ रुपये :** ईडी की छापेमारी के दौरान पूजा सिंघल के सीए सुमन सिंह के आवास और कार्यालय से 19.31 करोड़ रुपये की नकदी बरामद हुई थी। पूजा सिंघल को दिसंबर महीने की 7 तारीख को बीएनएस कानून के तहत जेल से रिहा किया गया है। हालांकि वह अब भी मनी लॉन्ड्रिंग केस में अभियुक्त हैं, लेकिन कानूनी प्रावधानों के अनुसार जेल से बाहर रहने के दौरान उनका सस्पेंशन खत्म किया जा चुका है।

## महाकुंभ जा रहे दस श्रद्धालुओं की सड़क दुर्घटना में मौत, 19 घायल



**एजेंसी**

**प्रयागराज।** मिर्जापुर-प्रयागराज हाइवे पर मेजा थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात बस और एक बोलेरो की टक्कर में महाकुंभ स्नान करने जा रहे सभी 10 लोगों की मौत हो गयी। 19 लोग घायल हो गये। बोलेरो में सवार सभी छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के हैं। बस में सवार सभी घायल तीर्थयात्री संगम स्नान के बाद वाराणसी जा रहे थे। ये लोग एमपी के राजगढ़ के रहने वाले हैं। हादसे पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने दुख व्यक्त किया है। सीएम योगी ने अधिकारियों को घायलों का समुचित इलाज का निर्देश दिया है। रक्षा मंत्री ने एक्स पर लिखा यह सड़क हादसा हृदयविदारक है। यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने भी हादसे पर दुख व्यक्त किया।

### झारखंड के भी 7 श्रद्धालु सड़क हादसे में घायल

**गिरिडीह।** वहीं बेंगाबाद प्रखंड के मोतीलेदा से महाकुंभ नहाने जा रहे श्रद्धालुओं से भरा वाहन शनिवार को दोपहर में यूपी के मिर्जापुर में सामने से आ रहे वाहन से टकरा गया। हादसे में मोतीलेदा के बरमसिया निवासी एक ही परिवार के 4 सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गये। तीन अन्य लोगों भी घायल हो गये। सभी को स्थानीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद बरमसिया गांव से परिजन शनिवार को मिर्जापुर के लिए रवाना हो गये। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## चंद्रपुरा में 1600 मेगावाट के दो अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल पावर प्लांट की होगी स्थापना

### यह डीवीसी और सीआइएल का संयुक्त उद्यम होगा, ऊर्जा मंत्रालय ने दी मंजूरी

- इस परियोजना लागत 16425 करोड़ रुपये आंकी गयी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** चंद्रपुरा में 800 मेगावाट के दो अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल पावर प्लांट की स्थापना के लिए ऊर्जा मंत्रालय ने मंजूरी प्रदान कर दी है। यह पावर प्लांट डीवीसी और कोल इंडिया लिमिटेड का संयुक्त उद्यम होगा। इस परियोजना लागत 16425 करोड़ रुपये आंकी गयी है।

**डीवीसी की विद्युत उत्पादन क्षमता में वृद्धि :** डीवीसी की वर्तमान विद्युत उत्पादन क्षमता सात हजार मेगावाट है। जिसमें थर्मल पावर प्लांटों से 6540 मेगावाट का योगदान है। वर्ष 2030 तक, डीवीसी की विद्युत उत्पादन क्षमता 14-15 हजार मेगावाट तक पहुंचने की उम्मीद है, जिसमें थर्मल, सोलर, ग्रीन हाइड्रोजन प्रोजेक्ट और बैटरी स्टोरेज प्लांट शामिल होंगे।



प्रतिकात्मक तस्वीर

### नये पावर प्लांट की होगी स्थापना

आने वाले सात साल में 3720 मेगावाट क्षमता के नए पावर प्लांट स्थापित किए जाएंगे, जिनमें शामिल हैं।
- रघुनाथपुर में 1320 मेगावाट क्षमता का प्लांट
- कोडरमा फेस दो में 1600 मेगावाट क्षमता का सुपर क्रिटिकल प्लांट
- दुगार्पुर ओल्ड प्लांट की जगह 800 मेगावाट क्षमता का नया पावर प्लांट

### अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल इकाई की स्थापना से ऊर्जा क्षेत्र में आयेगी मजबूती : चंद्र प्रकाश



गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने बताया है कि चंद्रपुरा थर्मल पावर स्टेशन (सीटीपीएस) में 2 गुना 008 मेगावाट अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल इकाई की स्थापना होगी। यह कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के साथ संयुक्त उद्यम के माध्यम से होगी। इसका प्रबंधन डीवीसी के पास होगा। उन्होंने बताया कि इस परियोजना पर करीब 164257.7 करोड़ रुपए खर्च होगी। इसको लेकर केंद्रीय विद्युत, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री की सैद्धांतिक स्वीकृति प्राप्त हो गई है।

### सोलर प्लांट और पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट

इसके अलावा करीब दो हजार क्षमता का सोलर प्लांट लगाया जाएगा और पंप स्टोरेज के बड़े प्रोजेक्ट भी शुरू किए जाएंगे। जिनमें मैथन में एक हजार मेगावाट और ललपनिया में 1500 मेगावाट क्षमता के पंप स्टोरेज प्लांट शामिल हैं।

## बेरमो में सीसीएल क्वार्टर से दिन-दहाड़े 27 लाख की संपत्ति की चोरी

### 2 लाख नगद और 22-25 लाख के जेवरात ले गये



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** बोकारो जिले के बेरमो थाना क्षेत्र के रीजनल हॉस्पिटल कॉलोनी ढोरी में सीसीएल कर्मी के क्वार्टर से शनिवार को दिन दहाड़े 27 लाख रुपये की संपत्ति की चोरी हो गयी। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। वह क्वार्टर सीसीएल कर्मी उद्धेश्वर सिंह के नाम पर आवंटित है। वह दोपहर में अपनी पत्नी के साथ बाजार निकले थे। इस दौरान वह पत्नी को पुराना बीडीओ ऑफिस में छोड़कर ड्यूटी के लिए चले गये।

**22 से 25 लाख के जेवरात की चोरी, 2 लाख नकद ले गये चोर**
फुसरो से उद्धेश्वर सिंह की पत्नी वापस क्वार्टर लौटी तो देखा कि क्वार्टर के मुख्य दरवाजे का ताला कटा हुआ था और अंदर एक कमरे में सारा सामान बिखरा पड़ा था। बताया जाता है कि चोरों ने लगभग 22 से 25 लाख के जेवरात के साथ-साथ 2 लाख नकद भी ले गये।

**दिन-दहाड़े चोरी से कॉलोनी के लोगों में आक्रोश :** घटना की जानकारी पाकर बेरमो पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी। दिन-दहाड़े हुई चोरी को लेकर कॉलोनी में रहने वाले लोगों में आक्रोश है। मामले की जांच के लिए डॉग स्क्वायड टीम की मदद ली जा रही है।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 79500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 100000 रु./प्रति किलो |




### अंतरराष्ट्रीय बाल कैंसर जागरूकता दिवस पर ऑन्कोलॉजी कॉन्क्लेव का किया उद्घाटन

# प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना दुनिया का सबसे बड़ा स्वास्थ्य कवरेज कार्यक्रम : नड्डा

**चिकित्सीय पहल**

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना भारत सरकार का दुनिया का सबसे बड़ा स्वास्थ्य कवरेज कार्यक्रम है। इसकी शुरुआत 10 करोड़ 74 लाख परिवारों से हुई यानी 55 करोड़ लोग शामिल थे। इस तरह से भारतीय आबादी के 40 प्रतिशत लोगों को स्वास्थ्य कवरेज मिला। शनिवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने अंतरराष्ट्रीय बाल कैंसर जागरूकता दिवस के अवसर पर झज्जर में राष्ट्रीय कैंसर संस्थान में एम्स में आयोजित ऑन्कोलॉजी कॉन्क्लेव 2025 का उद्घाटन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री जन आरोग योजना की शुरूआत की गई थी। इस योजना से अब 36 लाख आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और अन्य को जोड़ा गया है। अब तीसरे कार्यकाल में इस योजना में 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिक को शामिल कर लिया गया है, फिर चाहे उनकी सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो। इस तरह अब वे पांच लाख रुपये के स्वास्थ्य बीमा कवरेज के लिए पात्र हैं। इसके साथ अब इस योजना का लाभ भारतीय आबादी का लगभग 40 प्रतिशत से बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया है। पीएमजेएवाई से लोगों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है। उन्होंने बाढ़सा गांव स्थित एम्स-2 (राष्ट्रीय कैंसर संस्थान) में उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करते हुए कई नयी सुविधाओं का शुभारंभ किया।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने इन सेवाओं को जनता को समर्पित किया। इसके साथ नयी स्वास्थ्य सेवाओं में बोन मैरो ट्रांसप्लांट इकाई की शुरूआत की। इससे रक्त कैंसर सहित अन्य गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधा मिलेगी। उन्होंने नाभिकीय चिकित्सा विभाग के तहत कैंसर के आधुनिक इलाज के लिए रेडियो न्यूक्लिड थेरेपी वार्ड का शुभारंभ किया। यह तकनीक कैंसर के प्रभावित अंगों को लक्षित कर इलाज में सहायता करेगी।



# प्रधानमंत्री मोदी आज दिल्ली में भारत टेक्स 2025 में लेंगे भाग

**एजेंसी।**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को शाम 4 बजे नई दिल्ली के भारत मंडपम में भारत टेक्स-2025 में भाग लेंगे। इस अवसर पर वे उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी करेंगे। इसमें 120 से अधिक देशों के नीति निमार्ता और वैश्विक सीईओ, प्रदर्शक, अंतरराष्ट्रीय खरीदार भाग लेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि भारत टेक्स 2025, एक व्यापक स्तर का वैश्विक कार्यक्रम है और इसका आयोजन 14-17 फरवरी को भारत मंडपम में किया जा रहा है। यह एक विशिष्ट कार्यक्रम है क्योंकि यह कच्चे माल से लेकर तैयार उत्पादों तक की संपूर्ण वस्त्र मूल्य शृंखला को एक ही मंच पर एक साथ लाता है।



भारत टेक्स प्लेटफॉर्म कपड़ा उद्योग का सबसे बड़ा और सबसे व्यापक आयोजन है, जिसमें दो स्थलों पर फैला एक मेगा एक्सपो शामिल है। इसमें संपूर्ण वस्त्र पारिस्थितिकी व्यवस्था को प्रदर्शित किया जाएगा। इस दौरान हैकथॉन आधारित स्टार्टअप पिच फेस्ट और इनोवेशन फेस्ट, टेक टैंक और डिजाइन चुनौतियों को भी शामिल किया गया है और यह प्रमुख निवेशकों के माध्यम से स्टार्टअप के लिए वित्तपोषण के अवसर प्रदान करेंगी।

एक बयान में कहा गया है कि 17 फरवरी तक चलने वाले भारत टेक्स 2025 में नीति निमार्ताओं, वैश्विक सीईओ के साथ-साथ 5000 से अधिक प्रदर्शकों, 120 से अधिक देशों के 6000 अंतरराष्ट्रीय खरीदारों और अन्य आगंतुकों के आने की उम्मीद है।

अंतरराष्ट्रीय वस्त्र निमार्ता संघ, अंतरराष्ट्रीय कपास सलाहकार समिति, यूरेटेक्स, टेक्सटाइल एक्सचेंज, यूएस फैशन इंडस्ट्री एसोसिएशन सहित दुनियाभर के 25 से अधिक प्रमुख वैश्विक वस्त्र निकाय और संघ भी इस कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे हैं।

### बीआइटी मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह में राष्ट्रपति ने की शिरकत

# राष्ट्रपति के आने की सूचना से राज्यवासियों में उत्साह एवं हर्ष का माहौल : राज्यपाल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बीआइटी मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्म का स्वागत करते हुए कहा कि जिस तरह से आपने 6 वर्षों से अधिक समय तक झारखंड के राज्यपाल के पद को सुशोभित किया और पीपुल्स गवर्नर के रूप में आपकी कार्यशैली और जन सेवा की भावना रही, झारखंड के जनमानस में गहरी छाप आपने छोड़ी है। जब से आपके झारखंड आगमन की सूचना मिली है तब से राज्यवासियों में उत्साह एवं हर्ष का माहौल है। राज्यपाल ने बीआईटी मेसरा के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इंजीनियरिंग विषयों और कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने की समृद्ध विरासत के साथ यह एक प्रतिष्ठित प्रौद्योगिकी संस्थान है, जो विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नए आयाम को जोड़ने का काम करता है। राज्यपाल ने कहा कि 1955 में बीआईटी मेसरा की स्थापना इस संस्थान के दूरदर्शी संस्थापक बीएम बिरला जी की एक बहुत ही प्रशंसनीय पहल थी, जिन्होंने इस देश के विकास के लिए इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के महत्व को सही ढंग से समझा। इस मौके पर मंत्री सुदिव्य कुमार ने भी संबोधित करते हुए बीआईटी मेसरा के शैक्षणिक सफर की सराहना की।




## हमें दुनिया भर में 50 हजार मजबूत एल्यूमनी नेटवर्क पर बहुत गर्व है

बीआईटी इंस्टीट्यूट के स्थायी प्रभाव पर विचार रखते हुए संस्थान के चेयरमैन सीके बिरला ने कहा कि आज, हमारे पास 20 से अधिक विषय हैं, जिनमें 10,000 से अधिक स्टूडेंट्स और 600 से अधिक फैकेल्टी सदस्य हैं, और हमें दुनिया भर में 50,000-मजबूत एल्यूमनी नेटवर्क पर बहुत गर्व है। प्रतिभाओं को लगातार आगे बढ़ाने और उनके लिए लगातार नए और बेहतर अवसर पैदा करने के व्यवस्थित प्रयासों के माध्यम से, हमने अपनी स्टूडेंट बॉडी में 30% तक महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। बीआईटी मेसरा स्वतंत्रता के बाद के युग में स्थापित इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी का तीसरा सबसे पुराना संस्थान है और 1964 में पहली बार स्पेस इंजीनियरिंग और रॉकेट्री डिपार्टमेंट की स्थापना में अग्रणी है। रिसर्च और टेक्नोलॉजी में हमारा निरंतर निवेश राष्ट्र निर्माण के लिए बीआईटी की प्रतिबद्धता और समर्पणता को दशार्ता है।

**बीआईटी की सबसे अधिक है डिमांड :** समारोह के दौरान झारखंड के मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि बीआईटी मेसरा सबसे अधिक मांग वाला संस्थान बना हुआ है और इसका श्रेय इसके प्रबंधन, संकाय, पूर्व छात्रों और सबसे महत्वपूर्ण रूप से उन छात्रों को जाता है, जो यहां अपनी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

## इसी साल चीफ सेक्रेट्री सहित 14 आईएएस हो जायेंगे रिटायर

### झारखंड में 47 आईएएस की कमी, फिर भी 14 हैं केंद्रीय प्रतिनियुक्ति में

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में आईएएस अधिकारियों की हमेशा से कमी रही है। अभी भी झारखंड में 47 आईएएस अफसर कम है। बताते चलें कि राज्य में आईएएस अफसरों के लिए 224 पद स्वीकृत हैं। इसमें केवल 177 अफसर ही कार्यरत हैं। वहीं, दूसरी ओर इसी साल चीफ सेक्रेट्री समेत 14 अफसर रिटायर हो जायेंगे। इसके बाद आईएएस अफसरों की संख्या घटकर और कम हो जायेगी। इसके अलावा 14 अफसर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति में हैं। इनमें तीन मुख्य सचिव, पांच प्रधान सचिव और दो सचिव रैंक के अफसर हैं।

**ये अफसर हैं केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर :** चीफ सेक्रेट्री रैंक के अफसर शैलेश कुमार सिंह, निधि खरे और सतेंद्र सिंह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं। वहीं प्रधान सचिव रैंक के सुनील वर्णवाल, राहुल शर्मा, केके सोन, हिमानी पांडेय और अराधना पटनायक भी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर तैनात हैं। सचिव रैंक के मुथु कुमार और हर्ष मंगला भी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं। इसके अलावा राय महिमापत रे, शांतनु अग्रहरि, भुवनेश प्रताप सिंह और दिव्यांशु झा भी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं।

### इस साल कौन अफसर कब होंगे रिटायर

| नाम | रिटायरमेंट की तिथि |
|---|---|
| अलका तिवारी | 30 सितंबर 2025 |
| हरि कुमार केसरी | 30 अप्रैल 2025 |
| सुमन कैथरिन | 30 जून 2025 |
| नेलशन इयोन बागे | 31 नवंबर 2025 |
| अंजनी कुमार मिश्र | 31 दिसंबर 2025 |
| शेखर जमुआर | 31 दिसंबर 2025 |
| अक्षय कुमार सिंह | 31 अगस्त 2025 |
| शशिभूषण मेहरा | 31 जून 2025 |
| पूनम प्रभा पूर्ति | 31 मई 2025 |
| ज्ञानेंद्र कुमार | 31 अगस्त 2025 |
| अजय कुमार सिंह | 31 जुलाई 2025 |
| लालचंद दादेल | 31 अक्टूबर 2025 |
| पवन कुमार | 31 दिसंबर 2025 |
| मनमोहन प्रसाद | 31 जुलाई 2025 |

### डीएसपीएमयू में डॉ यशोधरा राठौर के निधन पर शोक सभा

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में हिंदी विषय की सहायक प्राध्यापिका डॉ यशोधरा राठौर के निधन पर शनिवार को विश्वविद्यालय परिसर में एक शोक सभा आयोजित की गई। शोक सभा की अध्यक्षता कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने की। मौके पर कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य के अलावा अन्य शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मियों ने दिवंगत डॉ यशोधरा राठौर से जुड़े अपने संस्मरणों को उपस्थित लोगों के साथ साझा किया। इसके पूर्व सभी शिक्षकों और कर्मियों ने दिवंगत डॉ यशोधरा राठौर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। डॉ यशोधरा राठौर 2008 बैच की प्राध्यापिका थी। वह गत 6 वर्षों से कैंसर जैसी असाध्य बीमारी से ग्रसित थी। गौरतलब है कि उन्हें ही डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय का कुलगीत रचित करने का श्रेय प्राप्त है।डॉ. यशोधरा राठौर विश्वविद्यालय सेवा में 2008 में आयी थी।

### 70 साल पहले मात्र आठ फैकल्टी के साथ शुरूआत हुई थी

# 1955 में स्थापित बीआइटी का आज विदेशों में भी सेंटर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बीआइटी मेसरा आज देश के नामचीन शैक्षणिक संस्थानों में से एक है। बीएम बिरला ने 1955 में जिस संस्थान की नींव रखी थी, वह आज अपने गौरवशाली यात्रा का प्लेटिनम जुबली मना रहा है। 70 साल पहले महज 8 फैकल्टी और 83 स्टूडेंट्स के बदौलत शुरू हुआ महज तीन विभाग से शुरू हुई थी बीआईटी मेसरा। उस समय तीन विभाग मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और साइंस विभाग के साथ बीआइटी मेसरा ने अपनी शैक्षनिक यात्रा शुरू की थी। आगे चलकर इंजीनियरिंग और अनुसंधान पर ध्यान केन्द्रित कर नये-नये विभाग खोले गये। 1964 में स्पेस इंजीनियरिंग और रॉकेट्री विभाग खोलने वाला बीआईटी देश का पहला संस्थान बन गया। 1972 में बीआईटी देश का पहला स्वायत्तशासी कॉलेज बना।




### दादाजी का सपना पूरा हो रहा है: सीके बिरला

बीआईटी मेसरा के चेयरमैन सी के बिरला कहते हैं कि जिस सपना को दादाजी ने देखा था, वह पूरा हो रहा है। इस तरह का कैंपस पूरे देश भर में नहीं होगा। आज के समय में करीब 10000 स्टूडेंट्स और 600 फैकल्टी हैं। इसकी संख्या अभी और बढ़ेंगी। अगले चार-पांच वर्षों में यहां और भी नये-नये विभाग के साथ फैकल्टी बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि नई बिल्डिंग बनेगी और इसकी काफी उन्नति होगी। मैं चाहता हूं कि यह न केवल देशभर में टॉप इंस्टीट्यूट हो बल्कि साउथ एशिया में यह टॉप पर रहे। मेरा मकसद है कि पढ़ाई करने का मौका सबको मिले, सभी को इंजीनियर बनने का अवसर मिल। मैं आसपास के लोगों को भी यह कहता हूं कि जब हम इसे पूरा कर पायेंगे, तब मुझे सबसे ज्यादा खुशी मिलेगी। रैंकिंग को लेकर पूछे गये सवाल का जवाब देते हुए सी के बिरला ने कहा कि आने वाले समय में यह संस्थान और भी बेहतर करेगा।

### जयपुर, पटना, बहरीन, देवघर में भी शाखाएं

श्री बिरला ने कहा, छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बीआइटी ने अपने कार्यालय परिसर का विस्तार समय के साथ किया। 1995 में जयपुर, 2000 में बहरीन, 2006 में पटना, 2007 में देवघर में बीआइटी एक्सटेंशन सेंटर खोले गये। 1979 में बीआइटी में मैनेजमेंट डिपार्टमेंट का गठन हुआ और 1980 से एमबीए की पढ़ाई शुरू हुई। 1984 में एक बार फिर यह संस्थान सुर्खियों में रहा। 71वीं इंडियन साइंस कांग्रेस का आयोजन हुआ, जिसमें तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी शामिल हुई थी। 1986 में बीआईटी मेसरा को डीम्ड यूनिवर्सिटी की मान्यता यूजीसी एक्ट के तहत दी गयी।

### कुलपति इंद्रनील मन्ना बोले

बीआईटी मेसरा के कुलपति इंद्रनील मन्ना ने कहा कि हमारी जिम्मेदारी बढ़ी है। आगे हमें बहुत कुछ करना है। रैंकिंग को लेकर पूछे सवाल का जवाब देते हुए कुलपति ने कहा कि हम स्व वित्तपोषित संस्थान हैं। जबकि देश में 60-70 ऐसे संस्थान हैं, जो गवर्नमेंट फाइनेंनसिग इंस्टीट्यूशन है। हम नए-नए रिसर्च फैसेलिटीज के साथ आगे बढ़ रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि आने वाले समय में इसमें सुधार हो जायेगा। कैंपस में आने वाले समय में स्टूडेंट्स हॉस्टल रिसर्च बिल्डिंग सहित कई चीजे बनने हैं। इस कार्य में संस्था के द्वारा राज्य सरकार को मदद के लिए आग्रह किया गया है। उम्मीद है कि इसमें सरकार भी आगे बढ़कर काम करेगी।

## खबर एक नजर में

### राज्य सरकार नगर निकायों का इस्तेमाल एटीएम की तरह कर रही: बाबूलाल

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने नगर विकास विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं। सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा है कि नगर निकाय चुनाव नहीं होने के कारण जनता के पैसों की अंधाधुंध बबार्दी की जा रही है।जानकारी के अनुसार, हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र में बगैर एनओसी के ही उत्तरी कोयल नहर के ऊपर 10 लाख रुपये की लागत से सड़क बना दी गई, बाद में नहर जीर्णोद्धार करा रही कम्पनी ने नवनिर्मित सड़क को उखाड़ दिया। प्रायः झारखंड के सभी नगर निकायों में इसी प्रकार से औचित्यहीन योजनाओं का टेंडर निकालकर प्रशासक जनता के पैसों को पानी की तरह बहा रहे हैं। इन योजनाओं से जनता का कोई भला नहीं हो रहा। राज्य सरकार नगर निकायों का इस्तेमाल एटीएम की तरह कर काला धन इकठ्ठा कर रही है। नगर निकायों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद विगत दो वर्षों में नगर विकास विभाग द्वारा खर्च की गई राशि और योजनाओं की प्रासंगिकता की गहन जांच की जानी चाहिये।

### आजसू पार्टी का मिलन समारोह आज

**रांची।** आजसू पार्टी का मिलन समारोह रविवार को आयोजित किया गया है। हरमू स्थित पार्टी मुख्यालय में दोपहर 12:00 बजे से समारोह होगा। इसमें पार्टी के सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो मौजूद रहेंगे। यह जानकारी पार्टी के केन्द्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने दी।

### ट्रेड फेयर : भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय जागरूकता केंद्र में बैंकिंग की दी जानकारी

**रांची।** भारतीय रिजर्व बैंक, रांची कार्यालय द्वारा मोरहाबादी मैदान में 17 फरवरी तक आयोजित इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर में वित्तीय जागरूकता केंद्र लगाया गया है। वित्तीय जागरूकता केंद्र का उद्घाटन भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह ने किया। क्षेत्रीय निदेशक ने वित्तीय साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक जो हमारे आर्थिक परिदृश्य में सुदृढ़ता, विकास और प्रगति का प्रतीक है। इस वर्ष अपनी 90वीं वर्षगांठ मना रही है। इस विशेष अवसर पर वित्तीय समावेशन और जागरूकता के आदर्शों को बढ़ावा देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक, रांची कार्यालय, झारखंड राज्य के विभिन्न स्कूलों में 90 वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित कर रहा है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में साख फाउंडेशन रांची का अहम योगदान रहा।

### नयी उत्पाद नीति पर शराब माफिया का प्रभाव आम जनता को होगा नुकसान : चंद्र प्रकाश



**रांची।** आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष व गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उत्पाद एवं मध निषेध विभाग द्वारा मदिरा के थोक भंडारण व खुदरा बिक्री एवं होटल, बार व कल्बों आदि के संबंध में प्रस्तावित नियमावली पर मांगे गए सुझाव पर अपना सुझाव, आपत्ति व संशोधन को लेकर पत्र भेजा है। उन्होंने अपने पत्र में यह उल्लेख किया है कि झारखंड में शराब की थोक व खुदरा बिक्री के लाइसेंस के लिए एक प्रभावशाली गिरोह ने अनैतिक व गैर कानूनी रूप से वर्तमान में लागू मदिरा का भंडारण एवं थोक बिक्री (संशोधन) नियमावली 2022 के नियम 5, 6, 7 को नई नियमावली में विलुप्त करा दिया है जो भ्रष्टाचार की प्रकाष्ठा है। उन्होंने पत्र में कहा है कि शराब एक ओर जहां राजस्व प्राप्ति का माध्यम है तो दूसरी ओर शराब सेवन से राज्य में निवास करने वालों के सामाजिक व आर्थिक संरचनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, जो कल्याणकारी राज्य के हित में नहीं है। उन्होंने कहा कि मदिरा भंडारण एवं थोक विक्रेता नियमावली 2022 के नियम 7 की लाइसेंस प्रदान करने की प्रक्रिया में किसी प्रकार का संशोधन विधि के विरुद्ध होगा। इस नियम सात को यथावत बनाए रखना न्याय संगत होगा। कहा कि उत्पाद नियमावली 2025 के विभिन्न प्रावधान गैर कानूनी व असामाजिक तत्वों को प्रोत्साहन करने वाली है। इसमें संशोधन करना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मॉडल शॉप व डिपार्टमेंटल स्टोर में शराब की खुदरा बिक्री करना अन्यायपूर्ण होगा। झारखंड के युवाओं के भविष्य को देखते हुए शराब की खुदरा बिक्री को सरल एवं सुगम करना सामाजिक संरचना एवं स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

### बीएड, एमएड और बीपीएड कोर्स में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

**रांची।** झारखंड में बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन (बीएड), मास्टर ऑफ एजुकेशन ( एमएड) और बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन (बीपीएड) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शनिवार से शुरू हो गया। आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 मार्च है, जबकि परीक्षा 20 अप्रैल को आयोजित की जायेगी।

**136 बीएड कॉलेजों में होगा दाखिला :** शैक्षणिक सत्र 2025-2027 के लिए राज्य के 136 बीएड कॉलेजों में चयनित अभ्यर्थियों का दाखिला होगा। झारखंड के मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री हासिल करने वाले अभ्यर्थियों के लिए जेसीईसीईबी के नियमानुसार 85 फीसदी सीट आरक्षित रहेगी।

**सात जिलों में होगी परीक्षा, इतना लगेगा आवेदन शुल्क :** रांची, धनबाद, बोकारो, जमशेदपुर, दुमका, हजारीबाग और पलामू जिलों के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर 20 अप्रैल को प्रवेश परीक्षा ली जायेगी। परीक्षा ऑफलाइन मोड में होगी। सामान्य वर्ग के छात्रों के लिए आवेदन शुल्क 1000 रुपये रखा गया है। जबकि पिछड़े वर्ग के छात्रों को 750 रुपये और अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति व महिलाओं के लिए आवेदन शुल्क 500 रुपये निर्धारित है।

### केंद्र कर रहा सौतेला व्यवहार, बकाये का ब्यौरा हो रहा तैयार

# बकाया राशि बढ़ कर दोगुनी हो जायेगी: दीपिका

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची, दुमका।** ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। समाज के उत्थान के लिए जो विकास योजनाएं चलायी जा रही है, उसमें केंद्र सरकार का जो अंश है, उसे देने में कोताही बरती जा रही है। पहले से कोयले की रॉयल्टी व अन्य मदों में 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपए बाकी है। बकाये का पूरा व्यौरा तैयार किया जा रहा है। कुछ ही दिनों में बकाया दोगुना हो जायेगा। वह दुमका में पत्रकारों से बोल रही थीं। उनके साथ लुईस मरांडी भी थीं।

मंत्री ने कहा कि अलग-अलग विभागों के करोड़ों रुपये का केंद्र पर बकाया है, जिसमें पीएम आवास योजना, मनरेगा, नल-जल योजना, बाल विकास परियोजना की राशि प्रमुख है।

मंत्री ने कहा कि झारखंड के वित्त विभाग के द्वारा इन बकायों का एक ब्यौरा तैयार किया जा रहा है. कुछ दिनों में हम लोगों के द्वारा भी यह रिपोर्ट पेश की जायेगी कि हमारे विभाग का कुल कितना बकाया है। मंत्री ने कहा कि अभी से दोगुना बकाया हो जायेगा। मंत्री दीपिका पांडे सिंह दुमका के एमपी-एमएलए कोर्ट में पेशी के लिए आयी थीं। यहीं परिसदन में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने ये बातें कही।

**आंदोलन की भी दी धमकी :** मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार अगर राशि देना नहीं चाह रही है तो इसे पाने के लिए अगर जरूरत पड़ी तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जायेगा।

उन्होंने कहा कि सभी जानते हैं कि झारखंड आंदोलनकारियों की भूमि रही है। मंत्री ने कहा कि हाल ही में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से हमारी बैठक हुई थी।



### मंईयां सम्मान योजना काफी उपयोगी

सुप्रीम कोर्ट द्वारा फ्रीबीज को लेकर उठाए सवाल पर मंत्री ने कहा कि चुनाव के वक्त अगर कोई रुपए देने की बात कहता है तो यह गलत है। अगर कैबिनेट में फैसला लेकर महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए मदद की जा रही है तो यह कहीं से गलत नहीं है। आवास योजना या फिर बिजली बिल माफी योजना, जनता के हित में सरकार के द्वारा उठाया गया कदम है। इसी तरह झारखंड सरकार के द्वारा जो मंईयां सम्मान योजना चलायी गयी है। यह महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का प्रयास है। उन्होंने झारखंड कांग्रेस के नये प्रभारी बनाये जाने पर के.राजू को बधाई दी। उन्होंने कहा, वह काफी अनुभवी हैं। निश्चित रूप से झारखंड राज्य और यहां की कांग्रेस को आगे ले जाने में उनका अनुभव काफी काम आयेगा।

### नए प्रदेश प्रभारी के मार्गदर्शन में संगठन होगा मजबूत: केशव

**रांची।** झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा है कि नए प्रदेश प्रभारी के. राजू के मार्गदर्शन में संगठन और मजबूत होगा। उनका झारखंड से पुराना जुड़ाव रहा है। प्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने भी आलाकमान के इस निर्णय का स्वागत किया है। बताते चलें कि सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, मनरेगा और खाद्य सुरक्षा बिल का ड्राफ्ट तैयार करने में के राजू की अहम भूमिका रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि के. राजू आंध्र प्रदेश के 1981 बैच के आईएएस अधिकारी रह चुके हैं। वह राहुल गांधी के बेहद करीबी माने जाते हैं। साल 2024 के लोकसभा चुनाव में आंध्र प्रदेश के नेल्लोर निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ चुके हैं।

# आंदोलनकारी नेता के रूप में थी टेकलाल की पहचान : केशव

### स्व. टेकलाल की जयंती कांग्रेस भवन में मनी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** गिरिडीह के पूर्व सांसद और मांडू से पांच बार विधायक, झारखंड आंदोलनकारी स्व. टेकलाल महतो की जयंती शनिवार को कांग्रेस भवन में मनाई गई। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं कांग्रेस जनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धसुमन अर्पित किया। कार्यक्रम में केशव महतो कमलेश ने स्व. टेकलाल महतो के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए कहा कि उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। स्व. टेकलाल महतो की पहचान पूरे उत्तरी छोटानागपुर क्षेत्र में आंदोलनकारी नेता के रूप में थी। महाजनी प्रथा व धान पेडी की लेवी के खिलाफ चलाये गये आंदोलन के अलावा झारखंड अलग राज्य आंदोलन में उनकी सक्रियता रही। बिनोद बिहारी महतो के साथ मिलकर शिवाजी समाज का गठन कर बाल विवाह के अलावा अन्य सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जन जागरण अभियान चलाया था। साधारण धोती-कुर्ता और कंधे पर हमेशा एक हरा गमछा उनकी पहचान थी। वर्ष 1997 में एकीकृत बिहार विधानसभा में टेकलाल महतो ने ही सर्वप्रथम झारखंड अलग राज्य विधेयक पारित कराया था। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा विभाग में उन्हें नौकरी मिली थी, लेकिन जनसेवा के जुनून के कारण नौकरी छोड़ कर राजनीति में सक्रिय हो गये। 70 के दशक में हजारीबाग के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत खरकी पंचायत के लकमा में महाजनी प्रथा के खिलाफ आंदोलन में सक्रिय ग्रामीण साधु, सैयनाथ व शनिचर महतो की मौत सीआरपीएफ की गोली से हो गयी थी। इस आंदोलन का नेतृत्व टेकलाल महतो कर रहे थे। उन्होंने धान पेडी की लेवी को काला कानून बताया था। इसके तहत किसानों को 10 रुपये क्विटंल की दर से धान सरकार को बेचना था। झारखंड व छोटानागपुर क्षेत्र के किसान इसके खिलाफ गोलबंद हुए। आंदोलन की अगुवाई कर रहे टेकलाल महतो का कहना था कि सिंचाई की सुविधा नहीं है तो लेवी भी नहीं देंगे। इस आंदोलन ने संयुक्त बिहार सरकार को हिला दिया और उसे झुकना पड़ा था। किसानों ने तब नारा लगाया था, मिप्ती का एक लाल टेकलाल-टेकलाल। टेकलाल महतो ने 1964 में हजारीबाग के संत कोलंबा कॉलेज से छात्र राजनीति की शुरूआत की थी। केंद्रीय कारा हजारीबाग जेल में रहे तथा बेहतर सुविधा की मांग को लेकर जेल में भूख हड़ताल पर बैठ गये थे। टेकलाल महतो का कांग्रेस नेत्री सोनिया गांधी और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से करीबी संबंध रहा. वे झारखंड विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर भी बने थे। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों राकेश सिन्हा, रविन्द्र सिंह अभिलाष साहु, रजन वर्मा, विनय सिन्हा दीपू, केके गिरि, डॉ एम तौसीफ अमुल्य नीरज खलखो, कमल ठाकु, खुर्शीद हसन रूमी, विनय कुमार चौबे, केदार पासवान, पप्पु पासवान, अख्तर अली, सफार, समुदर गुप्ता, राजू राम, छोटू सिंह आदि शामिल थे



## ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...



यह बिल्डिंग जमशेदपुर के जुबिली पार्क के पश्चिम छोर पर अवस्थित है, जिसे रुसी मोदी सेंटर फॉर एक्सीलेंस के रूप में जाना जाता है। यहां देश का पहला कारपोरेट घराना संग्रहालय स्थित है। यहां की आर्ट गैलरी एवं आधुनिक सभागार और मखमली घास वाला लॉन तो है ही, इसकी स्थापत्य कला भी देखने योग्य है।

# सूर्यधाम में 22 से 28 तक दोपहर तीन बजे से श्रीराम कथा

- श्रीधाम वृंदावन से पधार रहे कथा व्यास आचार्य श्री राजेंद्र जी महाराज
- 21 फरवरी को शोभायात्रा सह नगर भ्रमण व 1 मार्च को विशाल महाभंडारा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर इस वर्ष फिर से भक्ति और श्रद्धा की दिव्य धारा में डुबकी लगाने को तैयार है। सूर्य मंदिर समिति, सिदगोड़ा के तत्वावधान में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर स्थापना की पंचम वर्षगांठ पर 21 फरवरी से 1 मार्च तक भव्य धार्मिक आयोजन होने जा रहा है। मौके पर संगीतमय श्रीराम कथा, शोभायात्रा, विशेष पूजन-हवन समेत कई अनुष्ठान संपन्न होंगे। आयोजन की सफलता के लिए सूर्य मंदिर समिति ने शहर के एक लाख घरों तक आमंत्रण पत्र भेजने का लक्ष्य रखा है और श्रद्धालुओं से राम काज हेतु 10 रुपये का सहयोग देने का आह्वान किया है।

शनिवार को साकची स्थित होटल दयाल इंटरनेशनल में आयोजित प्रेस वार्ता में सूर्य मंदिर समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह एवं पदाधिकारियों ने आयोजन के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा की। चंद्रगुप्त सिंह ने बताया कि सूर्य मंदिर जनभागीदारी और जनसहयोग से एक भव्य स्वरूप में स्थापित हुआ है। आज यह झारखंड के एक सुंदर, रमणीक और दार्शनिक स्थल के रूप में लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। इसी श्रद्धा और भक्ति को और अधिक प्रगाढ़ करने के लिए इस वर्ष भी श्रीराम कथा का दिव्य आयोजन सुनिश्चित किया गया है। इस दौरान सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, मीडिया प्रभारी प्रेम झा एवं प्रमोद मिश्रा मौजूद रहे।



श्रीराम कथा की जानकारी देते सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह। साथ में बायें से प्रेम, चंद्रगुप्त सिंह व प्रमोद मिश्रा।

**21 फरवरीः भव्य शोभायात्रा से होगा शुभारंभ-** चंद्रगुप्त सिंह ने बताया कि आयोजन की शुरूआत 21 फरवरी को होगी, जिसमें दोपहर 3 बजे सुगना कॉलोनी, बारीडीह मंदिर से भव्य शोभायात्रा सह नगर भ्रमण निकलेगा। यह शोभायात्रा नगर के विभिन्न क्षेत्रों से गुजरते हुए सूर्यधाम पहुंचेगी। शोभायात्रा के माध्यम से प्रभु श्रीराम की भव्य महिमा का प्रचार-प्रसार होगा और शहरवासियों को इसमें अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने का आग्रह किया गया है। इसके लिए मंदिर समिति के सदस्य शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर श्रद्धालुओं को आमंत्रित कर रहे हैं। सूर्य मंदिर समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह ने शहरवासियों से अपील की है कि वे 21 फरवरी को भव्य शोभायात्रा एवं 7 दिवसीय श्रीराम कथा में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर इस धार्मिक आयोजन को ऐतिहासिक बनायें।

सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि 22 फरवरी से 28 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से संध्या 7:30 बजे तक श्रीराम कथा का आयोजन होगा। इस कथा का वाचन वृंदावन धाम से पधार रहे प्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य राजेंद्र जी महाराज करेंगे। वे श्रीरामचरितमानस की संगीतमय कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को प्रभु श्रीराम के आदर्शों और जीवन मूल्यों से जोड़ेंगे। अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि राम मंदिर की पंचम वर्षगांठ के पावन अवसर पर विशेष पूजन, हवन एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किये जायेंगे।

### किस दिन कौन से आयोजन

- 21 फरवरी- भव्य शोभायात्रा सह नगर भ्रमण, संगीतमय श्री रामकथा का शुभारंभ
- 22 फरवरी- श्री राम कथा महिमा।
- 23 फरवरी-श्री शिव-पार्वती शुभ विवाह।
- 24 फरवरी- श्री राम जन्मोत्सव।
- 25 फरवरी- श्री बाल लीला।
- 26 फरवरी- श्री सीताराम विवाहोत्सव।
- 27 फरवरी- केवट प्रसंग एवं भरत चरित्र।
- 28 फरवरी- वन लीला एवं श्री राम राज्याभिषेक।
- 1 मार्च- विशाल भंडारा (महाप्रसाद), दोपहर 12 बजे से।

## स्पीड न्यूज



### स्कूटी चोरी के आरोप में युवक गिरफ्तार

**गम्हरिया।** कांड्रा पुलिस ने स्कूटी चोरी के आरोप में जितेन प्रधान नामक युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार युवक गम्हरिया प्रखंड के दुग्धा पंचायत के हरिहरपुर ग्राम का है। थाना प्रभारी विनोद मुर्मू ने बताया कि 08 जनवरी को कांड्रा बाजार से चांडिल के भीम मुर्मू की स्कूटी चोरी हो गयी थी। इस बावत भीम मुर्मू 10 जनवरी को कांड्रा थाना में शिकायत दर्ज करायी गयी थी।

### डीएसडी कार्यकर्ता विनोद नशे में धराया

**गम्हरिया।** प्रखंड के डीएसडी अभिकर्ता को बीडीओ ने शराब के नशे की हालत में पकड़ कर मेडिकल जांच के लिए भेज दिया। बीडीओ ने बताया कि उन्होंने प्रखंड परिसर में डीएसडी अभिकर्ता को असामान्य गतिविधि करते देखा। तत्पश्चात उसे बुलवाकर जांच करायी गयी, जिसमें वह अल्कोहलिक पाया गया। इसके बाद उन्होंने ट्रैफिक पुलिस को बुलवाकर ब्रीद एनालाइजर से अभिकर्ता की जांच करवाई जिसमें अल्कोहल की मात्रा तय मानक से 5 गुणा अधिक पायी।

### प्रस्तावित कचरा डंपिंग यार्ड के विरोध में प्रदर्शन

**गम्हरिया।** आदित्यपुर नगर निगम के वार्ड 9 के मिरुडीह में प्रस्तावित कचरा डंपिंग यार्ड का स्थानीय ग्रामीणों ने विरोध किया है। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने शनिवार को विरोध प्रदर्शन किया। मौके पर ग्रामीणो ने बताया कि उन्हें विरोध करने पर मजबूर किया जा रहा है। इसके पूर्व भी प्रस्तावित कचरा डंपिंग यार्ड बनाने को लेकर ग्रामीणों ने विरोध किया था। उस समय ग्रामीणों पर धारा 107 के तहत केस कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि जबरन यहां पर कचरा डंपिंग यार्ड थोपा जा रहा है।

### जादूगोड़ा में 4 से 6 अप्रैल तक होगा रंकणी महोत्सव

**जादूगोड़ा।** जादूगोड़ा के सुप्रसिद्ध रंकणी मंदिर में रंकणी महोत्सव आगामी 4-6 अप्रैल को होनी है। जिसको लेकर तैयारी शुरू हो गयी है। इधर, कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जादूगोड़ा मां रंकणी कापड़ गादी घाट के अध्यक्ष दिनेश सरदार ने झारखंड के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार को लिखा है। पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार को लिखे पत्र में मां रंकिणी राजकीय महोत्सव के आयोजन हेतु स्वीकृति एवं 30 लाख आवंटन की मांग की है।

### आरएसबी : प्लांट-2 में 342 यूनिट रक्तदान

**जमशेदपुर/गम्हरिया।** औद्योगिक क्षेत्र के फेज सात स्थित आरएसबी प्लांट-2 कंपनी में शनिवार को वार्षिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में गम्हरिया बीडीओ अभय कुमार द्विवेदी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में आरएसबी कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट एसके बेहरा, संगीता बेहरा, नलिनी बेहरा, कंपनी की अधिकारी जया सिंह, 157 सीआरपीएफ के कमांडेंट श्रीकांत सिंह आदि उपस्थित थे।

# सुप्रीम कोर्ट में इंडस्ट्रीयल सिटी गठन के खिलाफ दायर याचिका अब भी विचाराधीन

- अधिवक्ता अखिलेश श्रीवास्तव ने स्थिति स्पष्ट की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता अखिलेश श्रीवास्तव ने कहा है कि जमशेदपुर इंडस्ट्रीयल सिटी के गठन के खिलाफ दायर याचिका को सुप्रीम कोर्ट में खारिज होने की बात बिल्कुल गलत है। यह मामला अब भी सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन बना हुआ है।

बता दें कि एक स्थानीय अखबार (खबर मन्त्र नहीं) आज दिनांक 15.02.2024 को यह खबर छपी है कि सर्वोच्च न्यायालय में जमशेदपुर को इंडस्ट्रियल टाउन बनाने के खिलाफ दायर याचिका खारिज! इस पर प्रतिक्रिया देते हुए अधिवक्ता अखिलेश श्रीवास्तव ने कहा कि मैं याचिकाकर्ता का अधिवक्ता हूं और सर्वोच्च न्यायालय में मैंने ही बहस किया। अतः मैं गंभीरतापूर्वक इस समाचार का खंडन करता हूं।

ऐसा लगता है कि इंडस्ट्रियल टाउन के पक्षकारों ने अपने निहित स्वार्थों की रक्षा के लिए समाचारपत्र में यह भ्रामक और झूठा समाचार छपवाया है। सबसे पहले मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि सर्वोच्च न्यायालय में इंडस्ट्रियल टाउन के खिलाफ कोई याचिका दायर नहीं की गयी थी। इंडस्ट्रियल टाउन बनाने के झारखंड सरकार के 12/2023 के नोटिफिकेशन के खिलाफ याचिका माननीय उच्च न्यायालय, झारखंड में लगायी गयी है। उच्च न्यायालय ने 6.9.2024 के आदेश में इस बात को स्वीकार किया कि झारखंड सरकार ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243 द और झारखंड म्युनिसिपल अधिनियम, 2011 की धारा 481 का उल्लंघन कर जमशेदपुर के 15480 एकड़ क्षेत्रफल के समूचे स्थानीय निकाय को ही इंडस्ट्रियल टाउन घोषित कर दिया है जबकि कानूनन स्थानीय निकाय से इंडस्ट्रियल टाउन के लिए एक छोटे क्षेत्र को निकाल कर इंडस्ट्रियल टाउन बनाया जाता है।

**खास बातें :** ज्ञातव्य है कि संविधान के अनुच्छेद 243 द के तहत माननीय राज्यपाल को समूचे स्थानीय निकाय (15480 एकड़ क्षेत्रफल) को ट्रांजिशनल एरिया, स्मालर अर्बन एरिया या लार्जर अर्बन एरिया घोषित करना था जिसे माननीय राज्यपाल ने घोषित नहीं किया! यह भी ज्ञातव्य है कि जिस अर्बन एरिया की आबादी 300000 लाख से ज्यादा होती है उसमें म्युनिसिपल कॉरपोरेशन बनाने की संवैधानिक व्यवस्था है! अधिवक्ता ने बताया कि उच्च न्यायालय, झारखंड ने अपने 13.9.2024 के आदेश में माननीय सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन एक रिट संख्या 549 ऑफ 2018 में 13.7.2018 के एक आदेश का हवाला देते हुए कहा कि जवाहरलाल शर्मा बनाम झारखण्ड सरकार का मामला माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है जिसमें माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि अगर झारखंड सरकार इंडस्ट्रियल टाउन की घोषणा करती है तब सर्वोच्च न्यायालय इंडस्ट्रियल टाउन की संवैधानिकता की जांच करेगी इसलिए अब रिट पिटीशन 2636 ऑफ 2024 की सुनवाई सर्वोच्च न्यायालय द्वारा रिट संख्या 549 ऑफ 2018 की सुनवाई पूरी कर आदेश पारित करने के बाद होगी।

### क्या कहते हैं सौरव विष्णु

सौरव विष्णु ने माननीय उच्च न्यायालय के उक्त आदेश के खिलाफ माननीय सर्वोच्च न्यायालय में एक एसएलपी दायर कर गुहार लगायी कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय या तो माननीय उच्च न्यायालय को सुनवाई करने के लिए निर्देश दे या उनके एसएलपी को सुप्रीम कोर्ट में दायर जवाहरलाल शर्मा के विचाराधीन पिटीशन के साथ टैग कर दे। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि एक ही मामले में दो पिटीशन की जरूरत नहीं है पर पिटीशनर चाहे तो जवाहरलाल शर्मा के पिटीशन में खुद को जोड़ सकता है और उसके लिए आवेदन दे सकता है।

## एक नजर में

### पोड़ाहाट गांव पहुंचे विधायक जगत माझी कार्यकर्ता की मां भवानी राउत को दी श्रद्धांजलि



**सोनुवा।** विधायक जगत माझी शनिवार को पोड़ाहाट गांव पहुंचे। यहां उन्होंने सामाजिक कार्यकर्ता अशोक राउत व झामुमो कार्यकर्ता अजीत राउत की माता भवानी राउत के श्राद्धकर्म में शामिल हुए और श्रद्धांजलि अर्पित की। मालूम हो कि विगत दिनों भवानी राउत का निधन हो गया था। इस दौरान विधायक ने स्वजनों से मुलाकात की एवं भवानी राउत के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। मौके पर रामगोपाल जेना, अशोक राउत, हेमचंद महतो, कुलदीप महतो, चक्रधारी साहू, सूरज मोहंती, राज कुमार राउत, संजीत राउत, मनोज राउत, रमेश बोदरा, रामप्रेस महतो, ओंकार महतो, सुभाष महतो आदि मौजूद रहे।

### एनटीटीएफ के दो छात्र 5-5 लाख पैकेज पर लॉक



**जमशेदपुर।** एनटीटीएफ के गोलमुरी स्थित आर डी टाटा तकनीकी संस्थान मे बीते दिनों फानुक कंपनी ने कैंपस सिलेक्शन किया। जिसमें सर्वप्रथम लिखित परीक्षा, छात्रों की व्यक्तिगत प्रतिभा, तकनीकी क्षमता को परखा गया एवं फाइनल सिलेक्शन इंटरव्यू राउंड के बाद किया गया। जिसमें छात्रों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देते हुए संस्थान को गौर्वांगित किया। कंपनी फैनुक ने एनटीटीएफ के 2 छात्रों को 5 लाख के पैकेज पर लॉक किया। जापानी रोबोटिक्स कंपनी फेनुक जापानी कंपनियों का एक समूह है जो रोबोटिक्स और कंप्यूटर न्यूमेरिकल कंट्रोल वायरलेस सिस्टम जैसे स्वचालन उत्पाद और सेवाएं देता है। सभी छात्रों ने 05 राउंड के सिलेक्शन प्रक्रिया में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दे अपनी जगह इस कंपनी में बनायी। दोनों छात्र गुलशन कुमार, श्रेयांशु शेखर सेन फाइनल ईयर के डिप्लोमा इन इलेक्ट्रॉनिक्स एंड एंबेडेड सिस्टम। सभी को 05 लाख के पैकेज पर बैंगलोर की फैनुक कंपनी के लिए लॉक किया है। इस उपलब्धि पर संस्थान गौरवान्वित है। इसमें संस्थान के प्लेसमेंट पदाधिकारी नेहा एवं मिथिला ने सहयोग किया।

### सोना देवी की स्मृति में 160 रोगियों की जांच



**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय द्वारा द्रोपदी देवी चिमनलाल भालोटिया फैमिली ट्रस्ट, राजस्थान सेवा सदन तथा जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति के सहयोग से सोना देवी मेमोरियल एजुकेशनल फाउण्डेशन ट्रस्ट एवं सोना देवी यूनिवर्सिटी के संयोजन में आयोजित रेड क्रॉस सोसाईटी पूर्वी सिंहभूम के 759वें नेत्र शिविर का शुभारंभ बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में 160 नेत्र रोगियों के जांच के साथ हुआ, जाने माने नेत्र चिकित्सक डॉ बीपी सिंह, डॉ राशि वर्मा एवं उनके सहयोगी चिकित्सीय टीम ने 160 मरीजों की जांच की तथा मोतियाबिंद ग्रस्त 45 नेत्र रोगियों का ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण हेतु चयन के साथ आंखों की अन्य बीमारियों से प्रभावित नेत्र रोगियों को जरूरत के अनुसार चिकित्सीय परामर्श व दवा प्रदान कर विदा किया गया। जिन नेत्र रोगियों में ऑपरेशन योग्य मोतियाबिंद पाये गये, उनकी स्वास्थ्य जांच के बाद उपयुक्त नेत्र रोगियों का ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण रविवार को नेत्र चिकित्सक डॉ बीपी सिंह, डॉ भारती शर्मा, डॉ पूनम सिंह, डॉ विवेक केडिया, डॉ राशि वर्मा एवं सहयोगी चिकित्सीय टीम करेगी। 16 फरवरी को शिविर के ऑपरेशन सत्र का उद्घाटन सोना देवी मेमोरियल एजुकेशनल फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं सोना देवी युनिवर्विसिटी के संस्थापक एवं कुलाधिपति प्रभाकर सिंह द्वारा राम मनोहर लोहिया नेत्रालय, बागबेड़ा में किया जायेगा।

### एनआइटी : ओजस-25 के दूसरे दिन स्टार्ट अप ऑडियाथॉन और कंसल्टिंग नेक्सस



**जमशेदपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआइटी) जमशेदपुर का वार्षिक टेक्नो-मैनेजमेंट फेस्ट ओजस्स-25 का दूसरा दिन में प्रतिभागियों की संख्या में वृद्धि देखी गयी, जिसमें मजेदार और तकनीकी दोनों आयोजनों में भाग लिया गया। प्रबंधन उत्साही लोगों के लिए ओजस्स ने स्टार्टअप आइडियाथॉन और कंसल्टिंग नेक्सस का आयोजन किया। तकनीकी जादूगरों के लिए, व्यवस्था उनके लिए भी स्वर्ग की तरह थी। मेज मैराथन और रोबोसॉकर जैसी घटनाओं में कई छात्रों ने अपने रोबोटिक्स के बारे में ज्ञान का प्रदर्शन किया, ग्लाइड ने छात्रों को अपनी एयरोडायनामिक क्षमता का प्रदर्शन करने का मौका दिया। साहित्यिक और वाद-विवाद समाज द्वारा आयोजित डिबेट द यूएन में भी एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा देखी गयी, जहां छात्रों ने विशिष्ट देशों के मॉक प्रतिनिधियों के रूप में कार्य किया और अपने वाद-विवाद कौशल और भू-राजनीतिक ज्ञान का पूरा उपयोग किया।

## 16 से 23 तक जमशेदपुर में स्काई डाइविंग फेस्टिवल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** झारखंड पर्यटन के तत्वावधान में स्काई डाइविंग फेस्टिवल 2025 का आयोजन जमशेदपुर में 16 फरवरी से 23 फरवरी 2025 तक होगा। सोनारी एयरपोर्ट में 10:30 बजे पूर्वाह्न पर्यटन मंत्री श्री सुदिव्य कुमार द्वारा आयोजन का शुभारंभ किया जायेगा। आयोजन के निमित्त जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अन्यय मित्तल ने तैयारी का जायजा लिया तथा सोनारी एयरपोर्ट में बैठक कर प्रशासनिक एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से जरूरी दिशा निर्देश दिये। इस दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक कौशल किशोर, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनिकेत सचान, सिटी एसपी कुमार शिवशीष, डीएसएम धालभूम शताब्दी मजूमदार एवं अन्य मौजूद थे। जानकारी के लिए दिग्विजय सिंह, स्काई डाइविंग रांची (9871220088) से संपर्क करें।

## अब विधायक जयराम महतो के नेतृत्व में टाटा मोटर्स के खिलाफ लड़ाई लड़ेंगे कान्वाई चालक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स के कान्वाई चालक अब अपने हक की लड़ाई झारखंड के फायर ब्रांड विधायक जयराम महतो के नेतृत्व में लड़ेंगे। यह जानकारी कान्वाई नेता ज्ञानसागर प्रसाद ने दी है।

प्रसाद ने कहा कि जमशेदपुर लोकल ट्रेलर ओनर यूनियन के हजारों ड्राइवर , मजदूरी एवं अन्य मांगों को लेकर मात्र दो दिन धरने, हड़ताल पर रहे,? जिला के माननीय एसडीओ महोदया, टाटा स्टील प्रबंधन से वार्ता कर हड़ताल पर गये सभी ड्राइवर का वेतन, 22500 रुपये महीना अर्थात 8 घंटे की मजदूरी 865 रुपये जो सरकार निर्धारित अति कुशल श्रेणी मजदूरी हैं। साथ ही अन्य मांगों को भी प्रबंधन से मनवा लिया वहीं टाटा मोटर्स के कंवाई चालकों के वेतन पर ,लेबर कमिश्नर झारखंड से राय मांगी गई, जिन्हें मात्र 370 रुपये दिया जाता है और मांगों पर लगातार बैठकर जारी है जो दिनांक 20/02/25,को फिर से रखा गया है, अजीब बात नहीं है? अधिकारियों की कार्यशाली पर प्रश्न चिह्न नहीं लग रहा?



जयराम महतो, डुमरी विधायक।

कान्वाई नेता ज्ञानसागर प्रसाद ने यहां जारी एक बयान में कहा है कि मनी फिट जमको, क्षेत्र में हुई दुर्घटना एवं जाम को लेकर माननीय विधायक सरयू राय जी खूब सक्रिय है, अच्छी बात है परंतु टेल्को लेबर ब्यूरो से लेकर साउथ गेट तक टाटा मोटर के के डंपर, चेचिस से रोड जाम रहती है, सैकड़ो दुर्घटनाएं हुई परंतु इस पर उनके मुंह से आवाज नहीं निकला? 1 साल से चल रहे कंवाई धरने पर उनकी आवाज बंद है, कुछ तो बात है।

## राष्ट्रपति से मिले धर्मेंद्र तिवारी, आशाराम बापू की स्थायी रिहाई के लिए किया अनुरोध

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/जमशेदपुर।** राजकली फाउंडेशन के सचिव धर्मेंद्र तिवारी 14 फरवरी को रांची स्थित राजभवन में भारत की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान श्री तिवारी ने राष्ट्रपति को पुष्प गुच्छ और शाल प्रदान कर उनका सम्मान किया और संस्था की कार्यशैली के बारे में जानकारी दी।

मुलाकात के दौरान श्री तिवारी ने राष्ट्रपति को पूज्य संत श्री आसाराम जी बापू की बिगड़ती स्वास्थ्य स्थिति के बारे में जानकारी दी। बताया कि बापू वर्तमान में मार्च 2025 तक पैरोल पर बाहर हैं, जहां उन्हें अपना इलाज करवाने का अवसर मिला है। हालांकि बापू के 86 वर्ष की आयु और उनकी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को ध्यान में रखते हुए, उनकी स्थाई रिहाई के लिए राष्ट्रपति से हस्तक्षेप का अनुरोध किया। श्री तिवारी ने इस संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट की अनुशंसा का भी उल्लेख किया, जिसमें कहा गया है कि 75 वर्ष से अधिक आयु के कैदियों को रिहा किया जाये, विशेषकर जब उनकी स्वास्थ्य स्थिति गंभीर हो। उन्होंने इस अनुशंसा का हवाला देते हुए बापू की स्थाई रिहाई की मांग और मजबूत किया।



राष्ट्रपति से मिलते धर्मेंद्र तिवारी।

## आदिवासी नेताओं की मनमानी के खिलाफ प्रशासन मौन : राम सिंह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर आदिवासी सुरक्षा परिषद जमशेदपुर महानगर के अध्यक्ष राम सिंह मुंडा ने एसडीओ धालभूम जमशेदपुर को एक आवेदन पत्र देकर, जमशेदपुर के टेल्को थाना परिसर में आदिवासी सुरक्षा परिषद जमशेदपुर महानगर के बैनर तले 21 फरवरी को सुबह 10 बजे से धरना प्रदर्शन की जानकारी दी है। पर्याप्त सुरक्षा बल नियुक्त करने का आग्रह किया है। उल्लेखनीय है कि 18 जनवरी को प्रदीप गुहा उर्फ छोटका एवं कुछ अन्य लोग काली मंदिर परिसर सलगाझुड़ी में टुसू मेला आयोजन करने का आदेश ले कर, मंदिर परिसर से लगभग 1000 मीटर दूर आदिवासी कला सांस्कृतिक भवन निर्माण के लिए एनओसी प्राप्त जमीन पर, आदिवासी आस्था का प्रतीक सरना झंडा, पूजा स्थान, पूजा स्थल की झोपड़ी, 50 हरे भरे फलदार पेड़ पौधे, को नष्ट कर उक्त स्थान पर जमीन कब्जा करने के नियत से, जबरन टुसू मेला लगाने का कार्य किया, जिसकी लिखित शिकायत 19 को राम सिंह मुंडा के द्वारा टेल्को थाना में दिया था।

# लाभ की अंधाधुंध खोज अक्सर व्यवसायों को नैतिक व सामाजिक दायित्वों से दूर ले जाती है : आरती शर्मा

- एक्सएलआरआइ में पहली बार आयोजित किए गए आध्यात्मिक सम्मेलन का हुआ समापन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआइ के सेंटर फॉर स्पिरिचुअलिटी द्वारा स्पिरिचुअलिटी कॉन्क्लेव 2025 का आयोजन किया गया। कार्डिनल कूनिग हाउस (वियना, ऑस्ट्रिया), लासाले-हाउस बैड शॉनब्रुन (स्विट्जरलैंड), मकाऊ रिक्की इंस्टीट्यूट (मकाऊ) और मनेरेसा रिट्रीट हाउस (गोजो, माल्टा) के सहयोग से आयोजित इस कॉन्क्लेव में सभी को कॉर्पोरेट सेक्टर में अध्यात्म के महत्व से अवगत कराया गया। इस दौरान मुख्य वक्ता के रूप में डॉ फादर सोमी एम मैथ्यू, एसजे (सीएसआईएफ, जेसीएसए, नई दिल्ली), डॉ फादर मरियनस कुजूर, एसजे (निदेशक, एक्सआईएसएस, रांची) और सुश्री आरती शर्मा (सीनियर डायरेक्टर, द कोका-कोला कंपनी, वेस्ट इंडिया) उपस्थित थीं। फादर टॉम ऑडिटोरियम में आयोजित इस कॉन्क्लेव में व्यवसाय में आध्यात्मिकता का समावेशः भारत की विविध परंपराओं से ज्ञान अर्जित करना विषय पर प्रतिष्ठित विद्वानों, कॉर्पोरेट लीडर और विचारकों ने हिस्सा लिया। उन्होंने नेतृत्व, व्यावसायिक नैतिकता और मानव समृद्धि में आध्यात्मिकता की भूमिका पर चर्चा की। इस कार्यक्रम ने इस बात पर जोर दिया कि आध्यात्मिक मूल्य नैतिक निर्णय लेने, सार्थक नेतृत्व और टिकाऊ कॉर्पोरेट प्रथाओं के लिए एक मजबूत आधार प्रदान कर सकते हैं। कार्यक्रम की शुरूआत एक प्रार्थना और दीप प्रज्ज्वलन से हुई।



कार्यक्रम में मौजूद अतिथि।

## स्पीड न्यूज

### 17 को मनेगी कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि



**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय नाई संघ ट्रेड यूनियन के सदस्यों की बैठक शताब्दी मार्केट स्थित देवेंद्र ठाकुर के सैलून में हुई। जिसमें 17 को भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में चैनपुर के टेपो स्टैंड अवस्थित भारत रत्न की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित करने का सामूहिक निर्णय लिया गया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष विजय ठाकुर, महानगर अध्यक्ष धनंजय ठाकुर आदि उपस्थित थे।

### एक फरार वारंटी को गिरफ्तार, जेल

**हरिहरगंज पलामू।** लंबित वारंट के निष्पादन को ले वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर हरिहरगंज थाना पुलिस ने अभियान चलाया। इस दौरान हरिहरगंज थाना कांड संख्या 118/24 के प्राथमिकी अभियुक्त हरिहरगंज थाना क्षेत्र के सतगावां बांध पर निवासी महंग राम के पुत्र जितेंद्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। हरिहरगंज पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर फरार अभियुक्त गिरफ्तार किये जा रहे हैं।

### पुलिस लाइन स्टेडिय में आज से टूर्नामेंट

**मेदिनीनगर।** शहर के पुलिस लाइन स्टेडियम में शहीदों की स्मृति में 16 से 23 फरवरी तक अंतर्राज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट के सफल बनाने को लेकर शनिवार को पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता की गयी। पलामू पुलिस एवं पलामू फुटबॉल आयोजन समिति के लोगों ने बताया कि 16 को नेपाल एफसी वर्सेज नॉर्थन रेलवे एफसी दिल्ली, 17 को एस ई आर एस ए सी के पी डिविजन वर्सेज एम ई जी सेंटर बैंगलोर, 18 को एस बी एस टी सी दुर्गापुर वर्सेज आजाद क्लब समस्तीपुर बिहार, 19 को वाई वाई बी एकेडमी वर्सेज पलामू फएफसी होगी। मौके पर मनोहर लाली, बबलू गुप्ता, विमल चंद्रवंशी भी थे।

### आज होगा भवानी सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला



**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला जे बी उच्च विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित भवानी सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को डंडीला यूथ क्रिकेट टीम व प्रतापपुर क्रिकेट टीम के बीच खेला जायेगा। इसकी जानकारी टूर्नामेंट आयोजन समिति के अध्यक्ष संजू सिंह ने दी। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि विधायक नरेश प्रसाद सिंह होंगे। विशिष्ट अतिथि एसआईएस के कमांडेंट रमेश जसवार व पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान होंगे।

### पांकी के बोरोदरी में रविदास युवा क्लब ने किया भक्ति जागरण का आयोजन



**पांकी पलामू।** पांकी के ग्राम बोरोदरी में रविदास युवा क्लब ने रविदास जयंती पर भक्ति जागरण कार्यक्रम कराया। इसके मुख्य अतिथि पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता थे। अपरिहार्य कारणों से उनके अनुपस्थित रहने पर लोहरसी मंडल अध्यक्ष व केल्हवा के पूर्व मुखिया प्रत्याशी रौशन सिंह ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर सुमन रवि, राजकुमार सिंह, दीपक सिंह, कुंदन वर्मा, पूजा कमेटी के अध्यक्ष अवधेश रवि, अजय रवि, अनुज रवि, सचिव वीरेंद्र कुमार रवि आदि थे।

### संत रविदास जयंती पर डॉ अंबेडकर जागृति क्लब ने निकाली शोभा यात्रा



**विश्रामपुर (पलामू)।** डॉ भीम राव अंबेडकर जागृति क्लब ने शनिवार को पंजरी कला पंचायत में संत शिरोमणि रविदास जयंती पर भव्य शोभा यात्रा निकाली। जिसकी शुरुआत संत रविदास के पूजा स्थल से हुई। पंचायत भ्रमण के बाद कोयल तट पर प्रतिमा विसर्जन के साथ शोभा यात्रा का समापन हुआ। जिसमें कांग्रेस के पूर्व विस प्रत्याशी सुधीर चंद्रवंशी, क्लब अध्यक्ष पंकज रवि, सचिव विकास राम, नवगड़ा ओपी प्रभारी अनिल यादव, सोनू सिंह, विमलेश्वर सिंह, समन पासवान, रविंद्र साव, शिवनाथ पासवान, सच्चितानंद मिश्रा मौजूद थे।

### बीडीओ ने की युवा क्लब गठन पर चर्चा



**सतबरवा पलामू।** सिद्धो कान्हो युवा क्लब गठन को लेकर सतबरवा प्रखंड सभागार कक्ष में शनिवार को जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की गयी। अध्यक्षता बीडीओ सह सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की तथा संचालन जिला खेल कोऑर्डिनेटर निधि उपाध्याय ने किया। जिसमें सभी मुखिया तथा सामाजिक संगठन से जुड़े लोग शामिल हुए। बीडीओ ने सभी से आग्रह किया कि प्रत्येक गांव में खेल कमेटी का गठन कराना सुनिश्चित करेंगे। सरकार कमेटी को 25000 रुपये उपलब्ध करायेगी। मौके पर मुखिया गिरवर राम, निरोतमा कुमारी, रिंकी यादव, संतोष उरांव, कलावती देवी, पुष्पा देवी, मनीता देवी मौजूद थे।

### नये दौर में संस्कार और संस्कृति को जानने की जरूरत : प्रो एससी मिश्रा



**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** प्रखंड के ढेला रोड लेस्लीगंज स्थित ग्लोबल एरा पब्लिक स्कूल का 11वां वार्षिकोत्सव मनाया गया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर सतीश चंद्र मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कृष्ण मुरारी दुबे, सत्यनारायण तिवारी, नंदकिशोर सिंह उपस्थित हुए। वार्षिकोत्सव के मौके पर छात्र-छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक नृत्य, नाटक एवं झांकी प्रस्तुत किया गया। प्रथम में स्वागत गीत से सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। उसके पश्चात बच्चों द्वारा नशा से होने वाले नुकसान को नाटक के माध्यम बताया। मुख्य अतिथि प्रो सतीश चंद्र मिश्रा ने कहा कि शिक्षक एवं छात्रों का संबंध बहुत ही मधुर संबंध होता है। एक शिक्षक ही है जो उच्च पदों पर बैठें पदाधिकारी को भी शिक्षा दे कर उन्हें उस काबिल बनाता है।

# फेयर माइन कार्बन प्राइवेट लिमिटेड राजहरा नार्थ कोल माइंस का उद्घाटन आज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पंडवा प्रखंड क्षेत्र के पंडवा मे केन्द्र सरकार द्वारा फेयर माइन कार्बन प्राइवेट लिमिटेड को आवंटित कोल ब्लॉक राजहरा नार्थ कोल माइंस का उद्घाटन रविवार को होगा। इसकी जानकारी डाइरेक्टर राजीव कुमार सिंह शनिवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी।

उन्होंने बताया कि माइंस का उद्घाटन राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और पलामू सांसद बीडी राम संयुक्त रूप से करेंगे। डाइरेक्टर राजीव कुमार सिंह ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा कंपनी को आवंटित कोल ब्लाक अपने तय समय से दस माह पूर्व ही शुरू होने जा रहा है, जो पलामू समेत राज्य के विकास के लिए शुभ संकेत है। इस कोल ब्लॉक से सरकार को लगभग एक सौ करोड़ राजस्व मिलने के साथ ही स्थानीय स्तर पर हजारों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर मिलेगा।



जानकारी देते डायरेक्टर राजीव कुमार सिंह व अन्य।

उन्होंने बताया कि माइंस चालु कराने में जिला प्रशासन के साथ साथ स्थानीय लोगों से भरपूर सहयोग मिला। उन्होंने कहा कि पलामू मे रोजगार के अभाव के साथ यहां के लोगों के लिए पलायन मजबूरी है ऐसे में इस माइंस का खुलना इलाके के विकास में सहायक साबित होगी। इस मौके पर डायरेक्टर राजीव शेखर सिंह, डीजीएम यशवंत कुमार, अशोक मिश्रा, रौशन कुमार, विजय कांत झा, आनंद कुमार मौजूद थे।

## मेदिनीनगर बड़े शहरों का रूप ले रहा : अरुणा शंकर

# एम बाजार के 190वें ब्रांच का शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने रेडमा स्थित बी एन टी कॉम्प्लेक्स में एम बाजार का उद्घाटन किया। मौके पर अरुणा ने कहा कि मेदिनीनगर शहर तेजी से बड़े शहरों का रूप ले रहा है जहां हम लोगों को पहले हर अच्छी चीज रांची के बाजार में मिला करती थी जो आज मेदिनीनगर शहर में सुलभ है। यह सब हमारे स्थानीय व्यवसायों एवं ग्राहकों की देन है। मैं इस शानदार बाजार को खोले जाने पर इस संस्था के स्थानीय व्यवस्थापक संजीव गुप्ता को बधाई देती हूं। प्रथम महापौर ने कहा कि मेदिनीनगर में खुला एम बाजार झारखंड का 11वां और भारत का 190वां ब्रांच है, जिसके मालिक संजीव सराफ कोलकाता है। इस तरह के बाजार खुलने से मध्यम परिवार के लोग भी अच्छी क्वालिटी के ब्रांडेड कपड़े कम दामों में अपनी इच्छा अनुसार ले पा रहे हैं। मौके पर भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक, अभिमन्यु तिवारी, विश्वजीत पाठक, सुनील गुप्ता समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।



कार्यक्रम का उद्घाटन करते लोग।

विधायक संजय सिंह यादव ने लोगों से की हेलमेट लगाने की अपील, पुलिस बोले

# चेकिंग के बहाने परेशान न करे पुलिस, फाइन की सुविधा बढ़ाये

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** सड़क सुरक्षा में बाइक चेकिंग पर विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने विधानसभा अंतर्गत सभी थानों को बाइक चेकिंग के नाम पर बेवजह परेशान नहीं करने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि चेकिंग के नाम पर कुछ स्थानों पर पैसा उगाही का मामला भी लगातार मिल रहा है, यह गलत है। उन्होंने चेकिंग अभियान नियम को और सख्त बनाने और फाइन भरने की सुविधा हर थानों में बढ़ाने की बात कही है। कहा कि लगन मुहूर्त का दिन है। लोग निजी तथा जरूरी काम में घर से निकलते हैं जिन्हें बहुत परेशानी हो रही है। लेकिन उन्होंने सभी लोगों को हर हाल में हेलमेट, जूता पहनने और सभी कागजात साथ रखने का आग्रह भी किया है। कहा कि राज्य भर में हो रही सड़क दुर्घटनाओं से लोगों को डरना चाहिए। पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए हेलमेट चेकिंग कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि हर थाना में वाहन चेकिंग अभियान चल रहा है सबको मालूम है इसके बाद भी लोग हेलमेट व अपनी सुरक्षा की व्यवस्था लेना भूल जा रहे है और अनावश्यक रूप से थाना पैरवी करा रहे जो बिल्कुल गलत हैं। उन्होंने नाराजगी जताते कहा कि ऐसे में कोई भी जनप्रतिनिधि क्या करेगा। विदित हो कि 26 जनवरी को भी हुसैनाबाद के जयप्रकाश चौक पर विधायक ने माईक से अपील करते हुए लोगो को हेलमेट लगाने व सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की थी।

**...और क्या बोले विधायक**

- उन्होंने चेकिंग अभियान नियम को और सख्त बनायें और फाइन भरने की सुविधा हर थानों में शीघ्र बढ़ायें
- हर हाल में हेलमेट, जूता पहनें, कागजात साथ रखें, राज्य भर में हो रही दुर्घटनाओं से लें सबक



संजय सिंह यादव, विधायक।

# किसान मेला से किसानों को मिलेगी विकसित नवाचारों की जानकारी: डीसी

- प्रमंडल स्तरीय किसान मेला-सह-प्रदर्शनी 19 फरवरी को पलामू के शिवाजी मैदान में
- मेला-सह-प्रदर्शनी को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के शिवाजी मैदान में 19 फरवरी 2025 को प्रमंडल स्तरीय किसान मेला-सह-प्रदर्शनी का आयोजन होगा। मेला-सह-प्रदर्शनी के सफल आयोजन को लेकर पलामू उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में बैठक हुई। उपायुक्त ने मेला-सह-प्रदर्शनी के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों को निदेशित किया।

उपायुक्त ने कहा कि किसान मेला-सह-प्रदर्शनी के माध्यम से किसानों को कृषि के क्षेत्र में विकसित नवाचारों की जानकारी मिले। इस दिशा में सक्रियता से तैयारी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मेला में किसान एक-दूसरे किसानों द्वारा उत्पादित सब्जी एवं अन्य उत्पाद के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। वहीं पशुपालक किसान भी उन्नत नस्ल के पशुओं के बारे में जान-समझ सकेंगे। सखी मंडल की महिलाएं भी दूसरे महिलाओं द्वारा किए जा रहे बेहतर कार्य के बारे में जागरूक व प्रज होंगी। मेला के माध्यम से किसान उन्नत खेती, कृषि के क्षेत्र में हो रहे नये प्रयोग एवं उपचारित बीज से उत्पादन को बढ़ावा दिए जाने आदि के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। वहीं कृषि एवं पशुपालन के क्षेत्र में विकसित तकनीक अपनाकर किसान अपनी आमदनी को बढ़ा सकेंगे।



बैठक में शामिल उपायुक्त व अन्य पदाधिकारी।

## प्रबंधन की लापरवाही से नहीं आया एडमिटकार्ड, परीक्षा देने से है वंचित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** स्कूल प्रबंधन की लापरवाही से 12वीं की एक छात्रा का एडमिट कार्ड नहीं आया, जिस कारण वह अब परीक्षा से वंचित हो गयी। मामला बिश्रामपुर +2 जनता उवि का है। छात्रा की मां पूनम देवी ने पलामू उपायुक्त व जिला शिक्षा पदाधिकारी को एक आवेदन भी दिया है जिसमें कहा है कि पुत्री गीताजंली कंचन आर के +2 जनता उवि में 12वीं के रजिस्ट्रेशन के सारे कागजात शुल्क सहित जमा की थी। इसके बाद भी स्कूल प्रबंधन ने उसका ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फॉर्म नहीं भरा। जिससे उसका एडमिट कार्ड नहीं आया। बगैर एडमिट कार्ड वह परीक्षा में शामिल नहीं हो सकती। अब उसका शैक्षणिक सत्र एक वर्ष पीछे हो गया। एक वर्ष से वह परीक्षा के लिए कठिन परिश्रम कर रही थी। परीक्षा में शामिल नहीं होने की खबर से वह मानसिक तनाव से गुजर रही है। उन्होंने उपायुक्त व जिला शिक्षा पदाधिकारी से उसका परीक्षा प्रवेश पत्र जारी कराने का आग्रह किया है ताकि वह परीक्षा दे सके।

- अभिभावक ने उपायुक्त व जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया आवेदन, परीक्षा में शामिल कराने की मांग



## सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा रोटरी स्कूल परीक्षा केंद्र पर शांतिपूर्वक हुआ प्रारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर पलामू।** रोटरी स्कूल में आयोजित केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं की परीक्षा शनिवार को शांतिपूर्ण प्रारंभ हुई। प्राचार्य सह केंद्राधीक्षक अश्लेश कुमार पांडेय ने बताया कि लगातार 17 वर्षों से सीबीएसई रोटरी विद्यालय को परीक्षा केंद्र बना रहा है। इस वर्ष 10वीं के 782 एवं 12वीं के 454 विद्यार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र बना है, जिसमें एमके डीएवी चियांकी, संत मरियम डालटनगंज एवं सीएम एक्सीलेंस गर्ल्स स्कूल (केजी स्कूल) के परीक्षार्थी शामिल हुए। शनिवार को सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षा कदाचार मुक्त प्रारंभ हुई। 10वीं के अंग्रेजी के 782 विद्यार्थियों में 780 उपस्थित रहे। एमके डीएवी के 339, संत मरियम के 366 में 364 एवं सीएम एक्सीलेंस गर्ल्स स्कूल (केजी स्कूल) के 77 विद्यार्थी उपस्थित रहे। 12वीं की एंटरप्रेन्योरशिप के 3 विद्यार्थियों में 3 उपस्थित रहे। परीक्षा के बाद सभी परीक्षार्थियों के चेहरे पर खुशी थी क्योंकि परीक्षार्थियों ने प्रश्न पत्र के स्तर को सामान्य बताया। इस परीक्षा केंद्र पर दंडाधिकारी के रूप में अदनान अली ने अपना योगदान दिया।



अश्लेश कुमार पाण्डेय।

### बुजुर्ग से 94 हजार ले उड़े बाइक सवार उचक्के



**नीलांबर पीतांबर पलामू।** प्रखंड के अमवा खुर्द निवासी गया राय से 94 हजार रुपये छिनतई का मामला सामने आया है। थाने में दिये गये लिखित आवेदन के अनुसार प्रखंड क्षेत्र के ग्राम अमवा पोस्ट फुलांग थाना लेस्लीगंज के गया राय शुक्रवार को भारतीय स्टेट बैंक से चेक से 94 हजार रुपये निकाल कर जैप 8 रोड स्थित पेट्रोल पंप से बाइक में पेट्रोल भरवा कर मेदिनीनगर जा रहे थे। जैसे ही करीब 200 मीटर बढ़े। अचानक पल्सर से हेलमेट लगाये दो अपराधी पैसे से भरा बैग छीन कर भाग निकले।

### सेवा सदन में नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर



**मेदिनीनगर।** प्रकाशचंद जैन सेवा सदन में दो दिवसीय नि:शुल्क मोतियाबिंद आपॅरेशन शिविर लगाया गया। इसमें 36 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन रांची के नेत्र रोग सर्जन डॉ सुरूचि पल्लवी व उनके सहयोगी हरेंद्र कुमार, अरूण कुमार ने किया। शिविर को सफल बनाने में सेवा सदन के महासचिव सुरेश जैन, संयुक्त सचिव सौमित्रो भट्टाचार्य, कोषाध्यक्ष प्रदीप केजरीवाल, डॉ आरएन सिंह, कामता प्रसाद, कृष्ण ओझा, सुधीर सिंह, विजय कुमार, देवाशीष राय, सतीश मिश्रा, राहुल राम, पुनम कुमारी थे।

### मूसहर समाज आज भी हाशिये पर : अविनाश देव



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के चियांकी पहाड़ तर मुसहर टोला में रैदास जयंती पर मूसहर समाज के बच्चों के पढ़ने के लिए एक उत्प्रेरण केंद्र खोला गया। मौके पर विशिष्ट अतिथि अविनाश देव ने केंद्र का उद्घाटन फीता काटकर किया। श्री देव ने कहा कि मूसहर समाज 21वीं सदी में भी उपेक्षित और हाशिये पर है। उन्होंने कहा कि आजदी के इतने वर्ष बीत जाने के बाद भी मुसहर समाज की स्थिति नहीं सुधरी है। उन्होंने राजीव सिंह के अगड़ी जाति से होने के बाद भी मुसहर समाज के सर्वांगीण उत्थान के लिए आगे आये। भगत सिंह आंबेडकर सावित्री बाई फातिमा शेख के परंपरा को एक कदम आगे बढ़ाया। हमारी पुरजोर कोशिश है यह समाज तरक्की करे हम साथ साथ हैं। उन्होंने कहा कि केवल सरकार, जिला प्रशासन के प्रयास से ही नहीं बल्कि सामूहिक प्रयास से मुसहर समाज का विकास होगा। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

## पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के हुसैनाबाद इकाई द्वारा एसडीओ गौरांग महतो के माध्यम से राज्यपाल महोदय को ज्ञापन सौंपकर पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की है। दिए गए ज्ञापन में बताया गया है कि झारखंड के अलग-अलग जिले के अलग-अलग प्रखंडों से पत्रकारों के साथ बदसलूकी, मारपीट एवं फर्जी मुकदमे की खबर लगातार समाचार पत्रों एवं टीवी चैनलों के माध्यम से लगातार प्रकाशित होते रहते हैं। इसको लेकर झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन लगातार आंचलिक पत्रकारों के हित में आवाज उठाने का काम करता रहा है। पत्रकार जब किसी भ्रष्टाचार को समाज के सामने लाता है तो उन्हें अलग-अलग तरह से (फर्जी मुकदमा कर) प्रताड़ित किया जाता है। जेजेए पत्रकार संघ के लोगो ने आग्रह किया है कि छत्तीसगढ़ के 'तर्ज

- झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन हुसैनाबाद इकाई ने एसडीएम को दिया ज्ञापन



### सड़क दुर्घटना में चार घायल, दो हुए गंभीर

**विश्रामपुर (पलामू)।** बी मोड़-उंटारी मुख्य पथ पर सिगसिगी चौक के पास शनिवार को सड़क दुर्घटना में चार लोग घायल हो गये, जिसमें दो की हालत गंभीर बतायी जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार लोहरदगा का लालजी उरांव सिंगसिगी चौक के पास सड़क पार कर रहा था इसी बीच एक तेज रफ्तार बाइक ने उसे धक्का मार दिया। धक्का मारने के बाद चालक भी असंतुलित होकर गिर गया जिससे बाइक चालक शेख शमशीर, सवार शेख सलमान और फैजल आलम घायल हैं।

## सतबरवा में प्रखंड स्तरीय संत शिरोमणि रविदास जयंती समारोह कार्यक्रम आयोजित

- प्रखंड स्तरीय संत शिरोमणि रविदास जयंती समारोह कार्यक्रम का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा पलामू।** प्रखंड स्तरीय संत शिरोमणि रविदास जयंती समारोह कार्यक्रम सतबरवा में किया गया। मुख्य अतिथि आजाद समाज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मुमताज खान ने कार्यक्रम की शुरुआत फीता काट तथा संत रविदास, बाबा साहब डॉ अंबेडकर तथा गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। कहा कि संत महात्मा किसी जाति धर्म के नहीं होते। किसी भी व्यक्ति की पहचान जाति धर्म से नहीं उसके कर्म से होनी चाहिए। संत रविदास हमेशा समाज की बुराइयों को दूर करने के लिए लड़ते रहे। अजय सिंह चेरो ने कहा कि संत रविदास समता मूलक समाज के पक्षधर थे उनके बताये रास्ते पर चलकर ही सबका कल्याण होगा।

# सेना से सरहद और वनों से ब्रह्मांड की होती है पूर्ण सुरक्षा: डॉ कौशल किशोर

- पुलवामा हमले की छठी बरसी पर पर्यावरणविद ने उड़ीसा और झारखंड के विद्यालयों में पौधरोपण कर शहीदों को किया नमन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर/ उड़ीसा राउरकेला।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने पुलवामा हमले में शहीदों के छठी बरसी पर उड़ीसा के बंडा मुंडा केंद्रीय विद्यालय व लातेहार के गारु स्थित कस्तूरबा विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ शहीदों के नाम थाईलैंड प्रजाति के आम के पौधे लगाते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। इस क्रम में उन्होंने स्कूल के सभी शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं को पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ भी दिलायी। कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन व पौधा रोपण कर किया गया जबकि समापन वृक्षों पर रक्षाबंधन कर किया गया। वनराखी मूवमेंट के प्रणेता डॉ कौशल ने कहा कि देश की रक्षा में सेना और धरती और ब्रह्मांड की सुरक्षा में वनों का अहम योगदान होते हैं। इसलिए दोनों ही पूजनीय है। जिसके नाम पर पौधारोपण कर उन्हें याद किया गया।



पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाते पर्यावरण धर्म गुरु डॉ कौशल किशोर जायसवाल व अन्य।

**खास बातें :** जलवायु परिवर्तन रोकना है तो वनों को आग से बचाना होगा और किसानों को वृक्ष की खेती भी करनी होगी। तभी हम पर्यावरण व प्रकृति की रक्षा करने में कामयाब हो सकेंगे। वृक्ष खेती को अकाल व सुखाड़ का भय नहीं होता। पौधे किसानों के लिए उनके जीवन में फिक्स्ड डिपॉजिट का काम करता है। जिससे उनके आर्थिक हालातों में भी सुधार आता है। साथ ही पर्यावरण व प्रकृति की भी सुरक्षा हो जाती है। प्रिंसिपल अमरपाल सिंह बराड़ व करोनोलिया ने कहा कि डॉ कौशल इसके पहले भी उनके विद्यालय में पौधे लगाये हैं।

## पाटन मंडल में भाजपा कार्यकर्ताओं की कार्यशाला संपन्न

# सभी शक्ति केंद्र के प्रभारी नियुक्त

- कार्यक्रम में पाटन मंडल संगठनात्मक पर्यवेक्षक परशुराम ओझा, सह पर्यवेक्षक श्यामदेव सिंह भी रहे उपस्थित
- जल्द से जल्द सभी शक्ति केंद्र और बूथों पर बैठक कर बूथों का चुनाव संपन्न कराने पर जोर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** भारतीय जनता पार्टी पाटन मंडल कार्यालय कुड़वा मोड में भाजपा का कार्यशाला की गयी। कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने किया। कार्यक्रम में पाटन मंडल संगठनात्मक पर्यवेक्षक परशुराम ओझा, सह पर्यवेक्षक श्यामदेव सिंह उपस्थित थे। पर्यवेक्षक के द्वारा सभी शक्ति केंद्र प्रभारी नियुक्त किया गया और उन्हें बताया गया कि जल्द से जल्द सभी शक्ति केंद्र और बूथों पर बैठक कर बूथों का चुनाव संपन्न कराये। बैठक में जिला कार्यसमिति सदस्य वशिष्ठ पाण्डे, मंडल उपाध्यक्ष योगेंद्र पांडे, मंडल महामंत्री शान्ति पाण्डे, मंडल महामंत्री प्रदीप चंद्रवंशी, मंडल मंत्री पशुपति शर्मा, मंडल मंत्री पूनम देवी, मंडल कोषाध्यक्ष रविनाथ साव, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष राधेश्याम मेहता, अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष विजय सिंह, सतोवा शक्ति केंद्र संयोजक गिरेंद्र सिंह, बूथ अध्यक्ष बैजनाथ दुबे, बूथ अध्यक्ष ललन सिंह, धीरज सिंह उपस्थित थे।





कार्यशाला में उपस्थित भाजपा नेता और कार्यकर्ता व अन्य।

# आगामी गर्मी को लेकर डीसी ने की समीक्षात्मक बैठक

## खराब चापानलों एवं जलमीनारों को दुरुस्त करने का निर्देश



बैठक करते डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** डीसी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में शनिवार को आगामी गर्मी को लेकर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का समीक्षात्मक बैठक की गई। जिसमें मुख्य रूप से आगामी गर्मी मौसम के मद्देनजर संभावित पेयजल संकट से निपटने को लेकर विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई। साथ ही आवश्यक निर्देश दिए गये। डीसी ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता, जिला समन्वयक, सोशल मोबलाइजर तथा संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को जिले के सभी प्रखंडों में गर्मी के मौसम को देखते हुए चापाकलों, जलमीनारों एवं पेयजल के अन्य स्त्रोतों की समुचित व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर निर्देशित किया। साथ ही सभी प्रखंडों के लिए एक-एक अदद चापकाल के मरम्मती हेतु वाहन संचालित करने का निर्देश दिया। डीसी ने जिला स्तर पर कंट्रोल रूम का अधिष्ठापन करने का निर्देश दिया तथा कंट्रोल रूम में प्राप्त शिकायतों के निष्पादन समय पर करने हेतु जिला स्तर पर वरीय पदाधिकारी नियुक्त करने की बात कही। साथ ही सभी निमार्णाधीन एसवीएस, एसवीएस क्लस्टर एवं एमवीएस योजनाओं का निर्माण कार्य समय पर पूर्ण कराने के लिए निर्देशित किया। डीसी ने कहा कि जिन क्षेत्रों में रनिंग वाटर में समस्याएं आ रही है, वहां पेयजल की समुचित व्यवस्था के लिए अन्य विकल्प तलाशे। डीसी श्री जमुआर ने प्राथमिकता के आधार पर ऐसे क्षेत्रों में पानी टैंकर समेत अन्य वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया। बैठक में कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, अजय कुमार सिंह, सभी सहायक अभियंता, सभी कनीय अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## डीसी ने की कल्याण विभाग की बैठक में दिया आवश्यक निर्देश

**गढ़वा।** डीसी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में कल्याण विभाग के तहत आमजनों के लिए चलाए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का समीक्षात्मक बैठक की गई। जिसमें मुख्य रूप से कल्याण विभाग से चलाये जा रहे विभिन्न करीब 17 योजनाओं का समीक्षा किया गया एवं लक्ष्य प्राप्ति के लिए सक्रियता के साथ कार्य करते हुए लंबित योजना में आ रही समस्याओं का निराकरण करते हुए ससमय निष्पादित करने का निर्देश जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश समेत बैठक में उपस्थित विभिन्न प्रखंड कल्याण पदाधिकारियों एवं सहायक अभियंताओं तथा कनीय अभियंताओं को दिया। बैठक के दौरान मुख्य रूप से प्री-मैट्रिक छात्रवृति, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति, साईकिल वितरण, बिरसा आवास, धुमकुड़िया भवन का निर्माण, वन अधिकार अधिनियम-2006, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सरना घेराबन्दी, कब्रिस्तान घेराबन्दी, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, छात्रावास जीर्णोद्धार, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, शहीद ग्राम विकास योजना, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय निर्माण आदि की समीक्षा की गई। डीसी ने प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप योजना के तहत गत वित्तीय वर्ष एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष के तहत अब तक बचे योग्य लाभुकों के खाते में स्कॉलरशिप की राशि सभी आवश्यक जांच करते हुए डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित करने का निर्देश दिया। इसी प्रकार साइकिल वितरण योजना के तहत भी शेष योग्य लाभुक जिनको साईकिल योजना का लाभ अभी तक नहीं मिल सका उनके बीच शीघ्र साईकिल वितरित करने का निर्देश दिया। जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश ने ऐसे सभी लाभुकों को लाभान्वित करने हेतु सभी का भौतिक सत्यापन करते हुए अग्रेतर कार्रवाई करने की बात कही। डीसी श्री जमुआर ने विभिन्न योजनाओं में लाभुकों को अब तक किए गए भुगतान राशि का किस्त वार स्पष्ट प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देशित किया। साथ ही मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, पशुधन विकास योजना समेत विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं के कंप्लीशन आदि की समीक्षा करते हुए वर्तमान वित्तीय वर्ष के समाप्ति के पूर्व कार्य संपन्न करने को लेकर निर्देशित किया।

# इंटरमीडिएट की परीक्षा कदाचारमुक्त व शांतिपूर्ण

खबर मन्त्र संवाददाता



परीक्षा लिखता एक कैदी

**कांडी।** प्रखण्ड के दो परीक्षा केंद्र पर शनिवार को इंटरमीडिएट की परीक्षा कदाचारमुक्त व शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। जमा दो उच्च विद्यालय कांडी सेंटर पर कला संकाय में 464 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जबकि दो अनुपस्थित रहे। विज्ञान संकाय में 17 व वाणिज्य संकाय में 1 परीक्षा लिखे। शोणभद्र आदर्श इंटर कॉलेज सेंटर पर कला संकाय में 364 उपस्थित थे। जबकि 2 अनुपस्थित थे। विज्ञान संकाय में 171 परीक्षा लिखे जबकि 1 अनुपस्थित थे। उधर शोनभद्र आदर्श इंटर कॉलेज सेंटर पर आज एक कैदी जेल से आकर इंटर की परीक्षा में शामिल हुआ।


कार्यालय : जिला परिषद, चतरा
(Phone: 06541.222288, E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

–सूचना–

एतद द्वारा सिमरिया प्रखण्ड अन्तर्गत सिमरिया मतस्य विभाग कार्यालय के सामने सिमरिया–बगरा पथ में 24 दुकानो का निर्माण कार्य प्रस्तावित है।

दुकान लीज/किराया पर लेने हेतु इच्छुक व्यक्तियों से आवेदन की मांग की गयी थी। आवेदित लाभुकों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 28.02.2025 को 12:30 बजे जिला परिषद सभागार में लॉटरी का आयोजन किया जायेगा।

अतः आवेदक उक्त निर्धारित तिथि को यथा स्थान लॉटरी प्रक्रिया में भाग लेना सुनिश्चित करें। अनुपस्थित रहने पर किसी भी तरह के आवेदन पर विचार नही किया जायेगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, चतरा

PR 346457 (District)24-25*D


# श्री शतचंडी महायज्ञ के दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने की यज्ञशाला की परिक्रमा

खबर मन्त्र संवाददाता

**केतार।** मां चतुभुर्जी मंदिर परिसर में आयोजित शतचंडी महायज्ञ में हो रहे श्री शतचंडी महायज्ञ के दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने यज्ञशाला की परिक्रमा कर पूजा अर्चना की। सायं काल में कथावाचिका देवी प्रतिभा ने शुकदेव जी के जन्म का वृतांत का विस्तार से वर्णन किया। कथा वाचक बांके बिहारी महाराज (राधे सरकार) ने कथा की शुरूआत करते हुए कहा कि आप सब पर ठाकुर जी की कृपा है। जिसकी वजह से आप आज कथा का आनंद ले रहे है।




देवी प्रतिभा

श्रीमद भागवत कथा का रसपान कर पा रहें हैं, क्योंकि जिन्हें गोविंद प्रदान करते है जितना प्रदान करते है उसे उतना ही मिलता है। कथा में यह भी बताया कि अगर आप भागवत कथा सुनकर कुछ पाना चाहते हैं, कुछ सीखना चाहते है तो कथा में प्यासे बन कर आए, कुछ सीखने के उद्देश्य से, कुछ पाने के उद्देश्य से आएं, तो ये भागवत कथा जरूर आपको कुछ नहीं बल्कि बहुत कुछ देगी। भागवत कथा का दूसरा दिन प्रभु से बढ़कर कोई और सुख और सम्पदा नहीं, भागवत कथा श्रवण करने वालों का सदैव होता है कल्याण मनुष्य जीवन विषय वस्तु को भोगने के लिए नहीं मिला है, लेकिन आज का मानव भगवान की भक्ति को छोड़ विषय वस्तु को भोगने में लगा हुआ है। उसका सारा ध्यान संसारिक विषयों को भोगने में ही लगा हुआ है।

मौके पर राजीव रंजन तिवारी, मंदिर विकास समिति अध्यक्ष प्रमोद कुमार, प्रमोद शुक्ला, रामविचार साहू, सुरेश कुमार, राजकुमार पाठक, कुंडल सिंह, त्रिपुरारी सिंह, जयशंकर प्रसाद, दिलीप गुप्ता, उदयकांत विश्वकर्मा, लल्लू पाल आदि उपस्थित थे।

# 55 दिनों से जारी अनिश्चितकालीन धरना 15 दिनों के लिए स्थगित

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** क्रशिंग प्लांट की नीलामी के बाद प्लांट कटिंग के विरोध में विस्थापित संघर्ष समिति द्वारा सेल के प्रशासनिक भवन के समीप पिछले 55 दिनों से जारी अनिश्चितकालीन धरना शुक्रवार को आगामी 15 दिनों के लिए स्थगित कर दी गई है। उक्त आशय की जानकारी विस्थापित संघर्ष समिति के मुख्य संरक्षक सुशील कुमार चौबे ने शनिवार को पहाड़ी शिवमंदिर के प्रांगण में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान दी। उन्होंने कहा कि जारी धरना के दौरान श्री बंशीधर नगर एसडीओ के ज्ञापांक 37 दिनांक 13 फरवरी 2025 पत्रांक 366 के आलोक में निर्देश दिया गया है कि सेल के प्रशासनिक भवन के सड़क को आंदोलनकारियों द्वारा अवरुद्ध किया गया है। पत्र प्राप्ति के पश्चात 15 दिनों के लिए अनिश्चितकालीन धरना को स्थगित रखने का निर्णय लिया गया है। कहा कि अब सांसद, वर्तमान विधायक एवं पूर्व विधायक एशिया का सबसे बड़ा क्रेशर प्लांट को कैसे बचते हैं उनकी जवाबदेही है। कहा कि सेल के वरीय पदाधिकारियों द्वारा चल रहे धरना प्रदर्शन के समाप्त कराने हेतु किसी प्रकार से गंभीरता से विचार विमर्श नहीं किया जा रहा है। सेल प्रबंधन उदासीन रवैया के चलते अगर भविष्य में विस्थापित संघर्ष समिति का धरना प्रदर्शन उग्र होता है, और क्षेत्र में विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होती है तो इसकी पूरी जवाबदेही सेल प्रबंधन को भुगतना होगा। सेल प्रबंधन भरतपुर खदान समूह को निर्देश दिया गया है कि विस्थापित संघर्ष समिति भवनाथपुर खदान समूह मांगों पर निर्णय लेने हेतु बोकारो स्टील प्लांट बोकारो के चीफ जनरल मैनेजर एवं अन्य सक्षम पदाधिकारी को सूचित करते हुए उक्त धरना प्रदर्शन को यथाशीघ्र समाप्त करने हेतु कार्रवाई करने का निर्देश प्राप्त है। मौके विस्थापित संघर्ष समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र साह, संगठन सचिव नंदलाल पाठक, अजय राम, दीपक जायसवाल, शंभू राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# महिला ने की फांसी लगाकर आत्महत्या, पति गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत घटहुआं कला गांव निवासी रोहित कुमार बैठा की 22 वर्षीया पत्नी लक्ष्मी देवी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना के दौरान परिजन खेत में काम करने गए थे। मृतका का पति घर पर पहुंचा तो देखा कि घर के एक कमरे का दरवाजा बंद है।

रौशनदान से झांक कर देखा तो छत में लगे सीलिंग फैन के हुक से मृतका का शव झूल रहा था। जानकारी के अनुसार कुछ लोगों ने बताया कि जिस फैन के हुक में फांसी के बारे में बताया गया उस तक पहुंचने के लिए कोई साधन नहीं था। वहीं परजिनों के द्वारा दरवाजा का कुंडी तोड़ कर फांसी के फंदे से उतारा तब तक लक्ष्मी की मौत हो चुकी थी। परिजनों ने फोन के माध्यम से मृतका के मायके वालों को घटना की सूचना दी।

घटना की सूचना थाना प्रभारी अविनाश राज को मिला। उसके बाद थाना एसआई विद्यासागर व एएसआई शम्भू कुमार अपने दल-बल के साथ पहुंचे और परिजनों से पूछताछ की। एएसआई संजय कुमार दल-बल के साथ पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। इस संबंध में कांडी थाना प्रभारी अविनाश कुमार राज ने बताया कि मृतका की मां लालती देवी पति संजय रजक ने आरोप लगाया है कि उनकी पुत्री का ससुराल वालों ने मिलकर हत्या कर दी है।

# नाली के अभाव में सड़क पर बह रहा है नाली का पानी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** नगर पंचायत के ब्लॉक रोड में पांडेय पेट्रोल पंप के समीप ढलान पर नाली के अभाव में घरों का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। जिस कारण आने जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इस संबंध में स्थानीय लोगों का कहना है कि पास में ही शिव मंदिर एवं दुर्गा मंदिर है और पूजा अर्चना करने के लिए जाते समय उक्त रास्ते से गुजर कर मंदिर जाना पड़ता है। इस दौरान सड़क पर बह रहा घरों का गंदा पानी शरीर पर पड़ने की संभावना लगी रहती है। साथ ही मुख्य पथ होने के कारण पूरे दिन वाहनों का परिचालन होता रहता है और बगल से गुजरते समय गंदे पानी के छिंटे पड़ने का भय लगा रहता है। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका के कार्यपालक पदाधिकारी से नाली निर्माण कराने की मांग की है। इस संबंध में नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने बताया कि पेट्रोल पंप तक नाली बनाई जा चुकी है। उससे आगे नाली बनाने के लिए नगर विकास विभाग को प्रपोजल भेजा जा चुका है। स्वीकृति आते ही नाली निर्माण शुरू करा दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि ब्लॉक रोड में शिव मंदिर से पूर्व में मुख्य पथ में पहले भी कई बार नगर पालिका से नाली निर्माण की कोशिश की गई थी लेकिन स्थानीय लोगों के विवाद के कारण नही बना था, लेकिन मेरे पहल पर इस वर्ष नाली बन गई है और उसके आगे भी जल्द ही इसकी स्वीकृति मिल जायेगी।



सड़क पर बहता नाली का पानी


JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LTD
(A Government of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi-834001
E-Mail - pdt.juidco@gmail.com, juidcolimited@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752

TENDER CANCELLATION NOTICE

NIT No.: JUIDCO/PMAY/V-III/Kangoi/Mihijam-627
Tender ID : 2024_UDD_89463_1
PR No.: 331842
Name of Work: Construction of 64 Dwelling Units in 8 number of G+1 blocks (including structural design) under Pradhan Mantri Awas Yojana (Urban) at Kangoi, Mihijam.

All the bidders are hereby intimated that the tender for "Construction of 64 Dwelling Units in 8 number of G+1 blocks (including structural design) under Pradhan Mantri Awas Yojana (Urban) at Kangoi, Mihijam", bearing Tender ID : 2024_UDD_89463_1 is hereby cancelled.

For further details bidders may visit e-procurement website of Government of Jharkhand https://jharkhandtenders.gov.in

All the bidders are requested to kindly wait for future correspondence.

Sd/-
(Gopal Jee)
Project Director (Technical)

PR 346476 Urban Development and Housing(24-25)#D


# जेईई मेंस में आरके पब्लिक की शिवानी सिन्हा ने लहराया परचम

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के आरके पब्लिक स्कूल की छात्रा शिवानी सिन्हा ने जेईई-मेंस 2025 में सफलता का परचम लहराया है।

शिवानी ने अपने लगन, परिश्रम और स्वध्याय से जेईई-मेंस 2025 में जेनरल ईडब्ल्यूएस में 97.83 परसेंटाइल लाकर सभी को गौरवान्वित किया है। वहीं स्कूल के पूर्व छात्र अभिषेक पाण्डेय ने भी 86.56 परसेंटाइल लाकर सफलता प्राप्त की है। इस सफलता पर स्कूल के निदेशक अलखनाथ पाण्डेय ने हर्ष व्यक्त करते हुए दोनों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह स्कूल के कर्मठ व योग्य शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि गढ़वा जैसे छोटे शहर के बच्चे भी बिना विशिष्ट कक्षा व विख्यात कोचिंग के सफलता के परचम लहरा रहे हैं।



शिवानी सिन्हा व अभिषेक पाण्डेय


पलामू समाहरणालय
प्रपत्र VII
झारखण्ड सरकार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

(जिला भू–अर्जन शाखा) या
समाहर्त्ता या समुचित सरकार
अधिघोषणा
(अधिनियम–30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)

अधिघोषणा संख्या :– /भू0अ0, पलामू, दिनांक :–

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ, यथा परियोजना **भजनिया मोहम्मदगंज से हैदरनगर (मोहम्मदगंज से दंगवार) पथ भाया कोलहुवा, बरडीहा, पन्सा, अपौड़ी तथा रानीदेवा पथ परियोजना प्रयोजन हेतु ग्राम–सजवन सलेमपुर, थाना सं0–298, थाना–हैदरनगर, अंचल–हैदरनगर, जिला–पलामू** में कमोवेश **2.9455 एकड़** यानि 1.1920 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन यह भू–खण्ड है जो मानक मान से कमोवेश **2.9455 एकड़** यानि 1.1920 हेक्टेयर है। ग्राम–सजवन सलेमपुर, थाना सं0–298, थाना–हैदरनगर, जिला–पलामू में है। जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

ग्राम–सजवन सलेमपुर, थाना सं0–298, कुल रकबा–2.9455 एकड़

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | भूमि का किस्म | भूमि स्वामित्व का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 134 | 969 | टांड़ दो | रैयती | 0.1603 | शिवो भगत वो दीनानाथ भगत वो महेश्वर भगत पिता फकीरा भगत वो नान्हों भगत वो सागर भगत पिता गणेशी भगत | – | – | – | – |
| 2 | 134 | 980 | टांड़ दो | रैयती | 0.1534 | शिवो भगत वो दीनानाथ भगत वो महेश्वर भगत पिता फकीरा भगत वो नान्हों भगत वो सागर भगत पिता गणेशी भगत | – | – | – | – |
| 3 | 74 | 979 | टांड़ दो | रैयती | 0.0298 | फकीर चन्द महतो पिता केशो महतो वो ब्रह्मदेव महतो पिता रामलगन महतो | – | – | – | – |
| 4 | 73 | 977 | टांड़ दो | रैयती | 0.0298 | फकीर चन्द महतो पिता केशो महतो वो ब्रह्मदेव महतो पिता रामलगन महतो | – | – | – | – |
| 5 | 149 | 983 | टांड़ दो | रैयती | 0.3248 | सूर्यदेव महतो पिता दुखी महतो वो सिताराम महतो पिता चरितर महतो वो गणेशी महतो पिता देवचन्द महतो वो इन्द्रदेव महतो वो राजकुमार महतो वो वशिष्ठ महतो पिता शिव महतो | – | – | – | – |
| 6 | 149 | 990 | टांड़ दो | रैयती | 0.0147 | सूर्यदेव महतो पिता दुखी महतो वो सिताराम महतो पिता चरितर महतो वो गणेशी महतो पिता देवचन्द महतो वो इन्द्रदेव महतो वो राजकुमार महतो वो वशिष्ठ महतो पिता शिव महतो | – | – | – | – |
| 7 | 149 | 984 | टांड़ दो | रैयती | 0.0007 | सूर्यदेव महतो पिता दुखी महतो वो सिताराम महतो पिता चरितर महतो वो गणेशी महतो पिता देवचन्द महतो वो इन्द्रदेव महतो वो राजकुमार महतो वो वशिष्ठ महतो पिता शिव महतो | – | – | – | – |
| 8 | 159 | 989 | टांड़ दो | रैयती | 0.1189 | हलखोरी महतो पिता तापदाल महतो कामेश्वर महतो पिता विशेश्वर महतो वो ललू महतो वो रामस्वरूप महतो पिता काशी महतो | – | – | – | – |
| 9 | 159 | 988 | टांड़ दो | रैयती | 0.0356 | हलखोरी महतो पिता तापदाल महतो कामेश्वर महतो पिता विशेश्वर महतो वो ललू महतो वो रामस्वरूप महतो पिता काशी महतो | – | – | – | – |
| 10 | 159 | 992 | टांड़ दो | रैयती | 0.1350 | हलखोरी महतो पिता तापदाल महतो कामेश्वर महतो पिता विशेश्वर महतो वो ललू महतो वो रामस्वरूप महतो पिता काशी महतो | – | – | – | – |
| 11 | 43 | 995 | टांड़ दो | रैयती | 0.0056 | डीलु महतो वो दशरथ महतो वो बालकिशोर महतो वो रामसेवक महतो पिता चरितर महतो | – | – | – | – |
| 12 | 43 | 996 | टांड़ दो | रैयती | 0.0754 | डीलु महतो वो दशरथ महतो वो बालकिशोर महतो वो रामसेवक महतो पिता चरितर महतो | – | – | – | – |
| 13 | 149 | 997 | टांड़ दो | रैयती | 0.0507 | सूर्यदेव महतो पिता दुखी महतो वो सिताराम महतो पिता चरितर महतो वो गणेशी महतो पिता देवचन्द महतो वो इन्द्रदेव महतो वो राजकुमार महतो वो वशिष्ठ महतो पिता शिव महतो | – | – | – | – |
| 14 | 150 | 998 | टांड़ दो | रैयती | 0.0302 | सूर्यदेव महतो पिता दुखी महतो वो सिताराम महतो पिता चरितर महतो | – | – | – | – |
| 15 | 142 | 1155 | टांड़ दो | रैयती | 0.2311 | श्री श्री 108 श्री राम जनक स्थान सजन खेलमपुर मंदीर गुश्री उर्वीस्थानी, व्यवस्थापक एवं संयोजक श्री मद वेद मार्ग प्रतिष्ठापना पिता... | – | – | – | – |
| 16 | 129 | 1154 | टांड़ दो | रैयती | 0.0014 | रामराज सिंह पिता ठकुरी सिंह वो ललु सिंह पिता रामवृक्ष सिंह, जाति–राजपूत | – | – | – | – |
| 17 | 43 | 1000 | टांड़ दो | रैयती | 0.0011 | डीलु महतो वो दशरथ महतो वो बालकिशोर महतो वो रामसेवक महतो पिता चरितर महतो | – | – | – | – |
| 18 | 154 | 1125 | टांड़ दो | रैयती | 0.0167 | हरी महतो वो रामचन्द्र महतो वो सत्यनारायण महतो पिता अयोध्या महतो वो प्रयाग महतो वो इन्द्रदेव महतो वो विट्ठल महतो पिता द्वारिका महतो वो शिवनाथ महतो पिता गया महतो | – | – | – | – |
| 19 | 154 | 1126 | टांड़ दो | रैयती | 0.0662 | तदैव | – | – | – | – |
| 20 | 154 | 1127 | टांड़ दो | रैयती | 0.1074 | तदैव | – | – | – | – |
| 21 | 154 | 1128 | टांड़ दो | रैयती | 0.0852 | तदैव | – | – | – | – |
| 22 | 154 | 1129 | टांड़ दो | रैयती | 0.0931 | तदैव | – | – | – | – |
| 23 | 26 | 1148 | टांड़ दो | रैयती | 0.0166 | चन्द्रधन पासवान वो कपीलदेव पासवान पिता केश्वर पासवान वो रामविलास पासवान वो जानकी पासवान पिता वनवारी पासवान | – | – | – | – |
| 24 | 26 | 1147 | टांड़ दो | रैयती | 0.1255 | चन्द्रधन पासवान वो कपीलदेव पासवान पिता केश्वर पासवान वो रामविलास पासवान वो जानकी पासवान पिता वनवारी पासवान | – | – | – | – |
| 25 | 46 | 1146 | टांड़ दो | रैयती | 0.1063 | तुलसी राम वो रघुवीर राम वो महावीर राम पिता बालचन्द राम | – | – | – | – |
| 26 | 50 | 1145 | टांड़ दो | रैयती | 0.0753 | जयराम कान्दु वो करमचन्द कान्दु पिता लक्षमण कान्दु वो दशरथ कान्दु वो चन्द्रिका कान्दु वो सितारान कान्दु वो राजचन्द कान्दु पिता मथुरा साह वो पिंकी देवी पति मुरारी साव | – | – | – | – |
| 27 | 114 | 1144 | टांड़ दो | रैयती | 0.0699 | यदुनी कान्दु वो नथुनी कान्दु वो रामु कान्दु पिता मंहगु कान्दु | – | – | – | – |
| 28 | 13 | 1130 | टांड़ दो | रैयती | 0.3258 | गणेश मिस्त्री पिता मेघनाथ मिस्त्री | – | – | – | – |
| 29 | 126 | 1188 | टांड़ दो | रैयती | 0.0009 | रामप्रवेश महतो पिता झरी महतो वो जनेसर महतो वो विरेन्द्र महतो पिता धनरथन महतो वो शंकर महतो वो हिरा महतो वो रामाशीष महतो पिता रामचन्द महतो वो प्रदीप महतो पिता भगवान महतो नारायण महतो वो भरत महतो पिता विरन महतो | – | – | – | – |
| 30 | 24 | 1198 | टांड़ दो | रैयती | 0.1011 | गोविन्द महतो वो यदुनी महतो वो राजाराम महतो वो रामटहल महतो वो सुरजदेव महतो पिता तपेश्वरी महतो | – | – | – | – |
| 31 | 24 | 1197 | टांड़ दो | रैयती | 0.0072 | गोविन्द महतो वो यदुनी महतो वो राजाराम महतो वो रामटहल महतो वो सुरजदेव महतो पिता तपेश्वरी महतो | – | – | – | – |
| 32 | 46 | 1199 | टांड़ दो | रैयती | 0.0987 | तुलसी राम वो रघुवीर राम वो महावीर राम पिता बालचन्द राम वो सीताराम साव पिता जदुनी साव | – | – | – | – |
| 33 | 82 | 1143 | टांड़ दो | रैयती | 0.1054 | बनवारी महतो पिता रूपचन महतो | – | – | – | – |
| 34 | 13 | 1142 | टांड़ दो | रैयती | 0.0199 | गणेश मिस्त्री पिता मेघनाथ मिस्त्री | – | – | – | – |
| 35 | 94 | 1141 | टांड़ दो | रैयती | 0.0041 | बुटन महतो पिता छठु महतो वो सोहराई महतो वो रामलखन महतो पिता रामेश्वर महतो | – | – | – | – |
| 36 | 97 | 1203 | टांड़ दो | रैयती | 0.0576 | भगवान पासवान वो तुलसी पासवान वो रघुबीर पासवान वो महावीर पासवान पिता बालचन्द पासवान | – | – | – | – |
| 37 | 129 | 1201 | टांड़ दो | रैयती | 0.0641 | रामराज सिंह पिता ठकुरी सिंह वो ललु सिंह पिता रामवृक्ष सिंह | – | – | – | – |
| कुल :– | | | | | 2.9455 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा–15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :–

ग्राम.......×....... थाना.......×....... थाना सं0.......×....... अंचल.......×....... जिला.......×....... क्षेत्रफल .......×....... एकड़.......×....... यानि.......×....... हे0 जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है :–.......×.......

कानुनगो जिला भू–अर्जन, कार्या0 पलामू | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू | अपर समाहर्त्ता, पलामू | उपायुक्त, पलामू

PR 346495 Palamu(24-25).D

समय संवाद

# प्राकृतिक खाद्यों में विश्व का नेतृत्व करे भारत

**इस विषय पर भारत के सबसे विख्यात वैज्ञानिक प्रो. पुष्प भार्गव आधिकारिक विशेषज्ञ थे। सुप्रीम कोर्ट ने इस विषय पर उन्हें अपने सलाहकार की तरह माना और उनका सहयोग प्राप्त किया। उन्होंने जीएम फसलों पर हुए लगभग सभी अनुसंधान पत्रों का अध्ययन कर निष्कर्ष निकाला था कि जो स्वतंत्र व निष्पक्ष वैज्ञानिक हैं उनमें लगभग सभी ने जीएम फसलों को हानिकारक पाया है। चीन की नीति में जो बदलाव आया है, वह वैज्ञानिक आधार पर नहीं आया है अपितु जीएम फसलों व खाद्यों से जुड़ी कंपनियों के नीति-निर्धारकों पर बढ़ते असर के कारण आया है। वहां के बीज व कृषि क्षेत्र में इन कंपनियों के पहले दबदबे व असर के कारण ही नीतिगत बदलाव हुए हैं।**

पश्चिमी देशों की तर्ज पर चीन द्वारा जीएम फसलों को अपनाया जा रहा है।?आगामी वर्षों में दुनिया में स्वास्थ्य अनुकूल जीएम मुक्त प्राकृतिक खेती के उत्पादों की मांग सबसे अधिक होगी। इसी के लिए बेहतर कीमत भी मिलेगी। भारत को प्राकृतिक खाद्यों में विश्व का नेतृत्व करना चाहिए।

**भारत डोगरा**

विश्व की खाद्य व कृषि व्यवस्था पर चंद बहुराष्ट्रीय कंपनियों का अधिक व बढ़ता नियंत्रण एक बड़ी चिंता का विषय रहा है। एक समय अनेक किसान व सामाजिक आंदोलनों की उम्मीद थी कि इन विशालकाय कंपनियों के नियंत्रण से मुक्ति के प्रयासों में चीन से बड़ी सहायता मिलेगी। पर हाल के समय में चीन ने जो नीतियां अपनाई हैं उनसे तो लगता है कि वह स्वयं इन बहुराष्ट्रीय कंपनियों की राह पर ही चल निकला है।

बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने खाद्य व्यवस्था पर अपने नियंत्रण के लिए प्रायः जेनेटिक स्तर पर संवर्धित फसलों की तकनीक का बहुत उपयोग किया है। कुछ समय तक तो चीन ने इन जीएम फसलों से अपनी दूरी बनाए रखी, पर हाल के समय में इसने तेजी से अनेक जीएम खाद्य फसलों को अपना लिया है। इसी



तरह जीएम खाद्यों के आयात पर प्रतिबंध भी ढीले कर दिए गए। सबसे आश्चर्य की बात तो यह है कि चीन की एक बहुत बड़ी सरकारी नियंत्रण की कंपनी ने 43 अरब डालर के एक सौदे में ऐसी एक बड़ी पश्चिमी कंपनी का अधिग्रहण कर लिया जो जीएम फसलों के प्रसार के लिए जानी जाती है व विकासशील देशों के बीज पर अधिक नियंत्रण करने के जिसके प्रयासों की आलोचना होती रही है।

लगता है कि चीन की यह सरकारी कंपनी भी आज नहीं तो कल विकासशील देशों में जीएम फसलों का प्रचार ही करेगी। इस तरह विश्व स्तर के जन-आंदोलनों व किसान आंदोलनों में चीन की इस सरकारी नियंत्रण की कंपनी की भी वैसी ही निंदा होगी जैसी कि पहले पश्चिमी देशों में स्थित बहुराष्ट्रीय कंपनियों की होती रही है।

यह आश्चर्य की बात है कि चीन के सामान्य लोगों व उपभोक्ताओं में जीएम फसलों के प्रति बहुत नकारात्मक सोच होने के बावजूद व जन-भावनाओं की उपेक्षा करते हुए वहां की सरकार जीएम फसलों के समर्थन की राह पर चली है। एक अध्ययन में तो यह पाया गया कि केवल 12 प्रतिशत चीनी उपभोक्ताओं की ही जीएम फसलों के प्रति सकारात्मक सोच है व अधिकांश लोग उन्हें हानिकारक ही मानते हैं। एक अन्य सर्वेक्षण में यह पता चला कि 60 प्रतिशत चीन के नागरिकों की जीएम फसलों के प्रति नकारात्मक सोच है।

जी.एम. फसलों के विरोध का एक मुख्य आधार यह रहा है कि यह फसलें स्वास्थ्य व पर्यावरण की दृष्टि से सुरक्षित नहीं हैं तथा यह असर जेनेटिक प्रदूषण के माध्यम से अन्य सामान्य फसलों व पौधों में फैल सकता है। इस विचार को इंडिपेंडेंट साइंस पैनल ने बहुत सारगर्भित ढंग से व्यक्त किया है। इस पैनल में एकत्र हुए विश्व के अनेक देशों के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों व विशेषज्ञों ने जी.एम. फसलों पर एक महत्वपूर्ण दस्तावेज तैयार किया जिसके निष्कर्ष में उन्होंने कहा है- ह्यजी.एम. फसलों के बारे में जिन लाभों का वादा किया गया था वे प्राप्त नहीं हुए हैं व ये फसलें खेतों में समस्याएं पैदा कर रही हैं। अब इस बारे में व्यापक सहमति है कि इन फसलों का प्रसार होने पर ट्रान्सजेनिक प्रदूषण से बचा नहीं जा सकता है। अतः जी.एम. फसलों व गैर जी.एम. फसलों का सह अस्तित्व नहीं हो सकता है।

सबसे महत्वपूर्ण यह है कि जी.एम. फसलों की सुरक्षा या सेफ्टी प्रमाणित नहीं हो सकी है। इसके विपरीत पर्याप्त प्रमाण प्राप्त हो चुके हैं जिनसे इन फसलों की सेफ्टी या सुरक्षा संबंधी गंभीर चिंताएं उत्पन्न होती हैं। यदि इनकी उपेक्षा की गई तो स्वास्थ्य व पर्यावरण की क्षति होगी जिसकी पूर्ति नहीं हो सकती है, जिसे फिर ठीक नहीं किया जा सकता है।

## कैमरे की नजर में



महाकुंभ प्रयागराज में संतो, सन्याशियों और अखाड़ा प्रमुख के बीच यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।



महाकुम्भ में विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश की संसद के स्पीकर ओम विरला जी ने सनातन संस्कृति और परंपराओं का पालन करते हुए अपनी धर्मपत्नी सहित संगम स्नान किया।

## नटराजासन बनाये स्वस्थ



**स्वामी मुक्तरथ**

**नटराजासन** एक लाभकारी योगासन है जिसका नाम हिंदु देवता शिव के नाम पर पड़ा है। इस आसन के अभ्यास के लिए आपको प्रैक्टिस की जरुरत होगी लेकिन जल्द ही आप संतुलन बनाना सीख जाएंगे। आइए जानते हैं नटराजसन करने के लाभ और इसे करने की विधि।

नटराजासन कैसे करें और इसके क्या लाभ हैं : नटराज आसन करने के लिए योगा मैट पर सीधे खड़े हो जाएं और अपने हाथों को साइड में सीधा रखें। अब सांस लेते हुए सीधे पैर को शरीर के पीछे की तरफ मोड़ें और सीधे हाथ से पैर को टखने से पकड़ें। अब सीधे पैर को जितना हो सके ऊपर की ओर उठाएं। इस दौरान इसे हाथ से पकड़े रहें। अपने उल्टे हाथ को अपने सामने सीधा फैलाएं। शुरूआत में आप किसी और व्यक्ति की मदद ले सकते हैं। अभ्यास करते वक्त गहरी सांस लेते रहें और संतुलन बनाने की कोशिश करें। इस स्थिति में 20-30 सेकेंड के लिये रुकें। अब धीरे-धीरे सामान्य आसन में आ जाएं। इसी आसन को दूसरे पैर के साथ दोहराएं। इसी तरह 3-4 बार इस आसन का अभ्यास करें।

**नटराजासन करने के लाभ :** नटराज आसन का अभ्यास करने से आपको वजन कम करने में मदद मिलती है। यह आपके शरीर की मुद्रा में सुधार करता है और शरीर के संतुलन को बढ़ाता है। नटराजासन करने से थाई, हिप्स, टखनों और सीने की मसल्स को स्ट्रेच करने में मदद मिलती है। यह आपकी एकाग्रता बढ़ाने के लिए भी लाभकारी योगासन है। तनाव को कम करने और दिमाग को शांत करने के लिए आपको नटराज आसन का अभ्यास करना चाहिए। इस योगासन के अभ्यास से एब्डोमिनल ऑर्गन के फंक्शन को सुधारने में मदद मिलती है जिससे आपका पाचन बेहतर होता है। यह हैमस्ट्रिंग, स्पाइन, कंधों के लचीलेपन को बढ़ाता है।

## शखं बजाने के अनेको लाभ

**भारतीय** परिवारों में और मंदिरो में सुबह और शाम शंख बजाने का प्रचलन है। अगर हम रोजाना शंख बजाते है, तो इससे हमें काफी लाभ हो सकता है।

**शंख बजाने के 10 फायदे**

रोजाना शंख बजाने से गुदाशय की मांसपेशियां मजबूत बनती हैं। शंख बजाना मूत्रमार्ग, मूत्राशय, निचले पेट, डायाफ्राम, छाती और गर्दन की मांसपेशियों के लिए काफी बेहतर साबित होता है। शंख बजाने से इन अंगों का व्यायाम हो जाता है।

शंख बजाने से श्वांस लेने की क्षमता में सुधार होता है। इससे हमारी थायरॉयड ग्रंथियों और स्वरयंत्र का व्यायाम होता है और बोलने से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्याओं को ठीक करने में मदद मिलती है।

शंख बजाने से झुर्रियों की परेशानी भी कम हो सकती है। जब हम शंख बजाते हैं, तो हमारे चेहरे की मांसपेशियों में खिंचाव आता है, जिससे झुर्रियां घटती हैं।

शंख में सौ प्रतिशत कैल्शियम होता है। रात को शंख में पानी भरकर रखें और सुबह उसे अपनी त्वचा पर मालिश करें। इससे त्वचा संबंधी रोग दूर हो जाएंगे।

शंख बजने से तनाव भी दूर हो जाता



है, जो लोग ज्यादा तनाव में रहते हैं, उनको शंख जरुर बजाना चाहिए। क्योंकि शंख बजाते समय दिमाग से सारे विकार चले जाते है। शंख बजाने से घर के अंदर आने वाली नकारात्मक शक्तियां भी दूर रहती है। जिन घरों में शंख बताया जाता है, वहां कभी नकारात्मकता नहीं आती है।

शंख बजाने से दिल के दौरे से भी बच सकते है। नियमित रूप से शंख बजाने वाले को कभी हार्ट अटैक नहीं आती है। शंख बजाने से सारे ब्लॉकिज खुल जाते हैं। इसी तरह बार-बार सांस भरकर छोड़े से फेंफड़े भी स्वस्थ्य रहते हैं। शंख बजाने से योग की तीन क्रियाएं एक साथ होती है झ कुम्भक, रेचक, प्राणायाम।

शंख की आकृति और पृथ्वी की संरचना समान है नासा के अनुसार झ शंख बजाने से खगोलीय ऊर्जा का उत्सर्जन होता है जो जीवाणु का नाश कर लोगो को ऊर्जा व शक्ति का संचार करता है।

फेफड़ों के रोग करें खत्म : शंख बजाने से चेहरे, श्वसन प्रणाली, श्रवण तंत्र तथा फेफड़ों की बहुत बढ़ि ?ा एक्सरसाइज होती है। जिन लोगों को सांस संबंधी समस्याएं है, उन्हें शंख बजाने से छुटकारा मिल सकता है। हर रोज शंख बजाने वाले लोगों को गले और फेफड़ों के रोग नहीं होते। इससे स्मरण शक्ति भी बढ़ती है।

वैज्ञानिक मानते हैं कि शंख फूंकने से उसकी ध्वनि जहां तक जाती है, वहां तक के अनेक बीमारियों के कीटाणु ध्वनि-स्पंदन से मूर्छित हो जाते हैं या नष्ट हो जाते हैं। यदि रोज शंख बजाया जाए, तो वातावरण कीटाणुओं से मुक्त हो सकता है। बर्लिन विश्वविद्यालय ने शंखध्वनि पर अनुसंधान कर यह पाया कि इसकी तरंगें बैक्टीरिया तथा अन्य रोगाणुओं को नष्ट करने के लिए, उत्तम व सस्ती औषधि हैं। रोजाना सुबह-शाम शंख बजाने से वायुमंडल कीटाणुओं से मुक्त हो जाता है। इसीलिए, सुबह-शाम शंख बजाने की परंपरा है।

## -औरतें

**संध्या दीप उर्वशी**

**औरतें** सिर्फ शक्ल और जिस्म
से ही खुबसूरत नहीं होतीं,
बल्कि वो इसलिए भी खुबसूरत होती हैं,
क्योंकि प्यार में ठुकराने के बाद भी,
किसी मर्द पर तेजाब नहीं फेंकती !
उनकी वजह से कोई पुरुष
दहेज में प्रताड़ित हो कर फांसी नहीं लगाता !
वो इसलिए भी खुबसूरत होती हैं,क्योंकि उनकी वजह से लड़कों को
रास्ता नही बदलना पड़ता,
वो राह चलते लड़कों पर
अभद्र टिप्पणियां नही करती!
वो इसलिए भी खुबसूरत होती हैं,क्योंकि देर से घर आने वाले
पति पर शक नही करती,
बल्कि फिक्र करती है!
वो छोटी छोटी बातों पर
नाराज नही होती,
सामान नही पटकती,
हाथ नही उठाती,
बल्कि पार्टनर को समझाने की,
भरपूर कोशिश करती हैं !
वो तकलीफ सह कर भी
रिश्ते इसलिए निभा जाती हैं,
क्योंकि वो अपने माँ बाप का
दिल नही तोड़ना चाहती !
वो हालात से समझौता
इसलिए भी कर जाती हैं,
क्योंकि उन्हें अपने बच्चों के
उज्वल भविष्य की फिक्र होती है !
वो रिश्तों में जीना चाहती हैं !
रिश्ते निभाना चाहती हैं !
रिश्तों को अपनाना चाहती हैं !
दिलों को जीतना चाहती हैं !
प्यार पाना चाहती हैं !
प्यार देना चाहती हैं !
हमसफर, हमकदम बनाना चाहती हैं।
इसलिए औरतें
सिर्फ शक्ल और जिस्म
से ही खुबसूरत नहीं होती ,
वो एक सुंदर मन होती हैं,
जिसे देखने के लिए चाहिए
एक सुंदर नजर ,
मातृशक्ति को प्रणाम
और उन-औरतें -
औरतें सिर्फ शक्ल और जिस्म
से ही खुबसूरत नहीं होतीं,
बल्कि वो इसलिए भी खुबसूरत होती हैं,
क्योंकि प्यार में ठुकराने के बाद भी,किसी मर्द पर तेजाब नहीं फेंकती !
उनकी वजह से कोई पुरुष
दहेज में प्रताड़ित हो कर फांसी नहीं लगाता !
वो इसलिए भी खुबसूरत होती हैं,क्योंकि उनकी वजह से लड़कों को रास्ता नही बदलना पड़ता,
वो राह चलते लड़कों पर
अभद्र टिप्पणियां नही करती!



वो इसलिए भी खुबसूरत होती हैं,क्योंकि देर से घर आने वाले
पति पर शक नही करती,
बल्कि फिक्र करती है!
वो छोटी छोटी बातों पर
नाराज नही होती,
सामान नही पटकती,
हाथ नही उठाती,
बल्कि पार्टनर को समझाने की,भरपूर कोशिश करती हैं !
वो तकलीफ सह कर भी
रिश्ते इसलिए निभा जाती हैं,
क्योंकि वो अपने माँ बाप का
दिल नही तोड़ना चाहती !
वो हालात से समझौता
इसलिए भी कर जाती हैं,
क्योंकि उन्हें अपने बच्चों के
उज्वल भविष्य की फिक्र होती है !
वो रिश्तों में जीना चाहती हैं !
रिश्ते निभाना चाहती हैं !
रिश्तों को अपनाना चाहती हैं !
दिलों को जीतना चाहती हैं !
प्यार पाना चाहती हैं !
प्यार देना चाहती हैं !
हमसफर, हमकदम बनाना चाहती हैं।
इसलिए औरतें
सिर्फ शक्ल और जिस्म
से ही खुबसूरत नहीं होती ,
वो एक सुंदर मन होती हैं,
जिसे देखने के लिए चाहिए
एक सुंदर नजर ,
मातृशक्ति को प्रणाम और
उनके सशक्तिकरण
के लिए हार्दिक शुभकामनाएं...?

**रांची झारखंड ( विवेकानंद विद्या मंदिर धुर्वा रांची)**

## मैंगो फेस मॉस्क से लाभ

**आम** में बेहतरीन स्वाद के अलावा भी कई गुण होते हैं। आम हमारी त्वचा को निखारने में बहुत मदद करता है। चेहरे पर आम से बना फेस मास्क काफी फायदेमंद होता है। मैंगो फेस मास्क से चेहरे पर मुहांसे भी कम होते हैं, साथ ही चेहरे को ग्लोइंग बनाता है। इसके अलावा गर्मी में तेज धूप के कारण टेन हुई आपकी स्किन के लिए आम काफी असरकारक साबित होता है। आम में पाए जाने वाले विटामिन और न्यूट्रिएंट्स होने के चलते इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है।

**मैंगो फेस मास्क**

मुहांसे की समस्या का हर किसी को सामना करना पड़ता है। गर्मी के मौसम में मुहांसे की समस्या ज्यादा होती है। इसके लिए आप कच्चे आम के जूस का इस्तेमाल कर सकते हैं। कच्?चे आम का जूस एस्?ट्रिंजेंट के रूप में मुंहासे हटाने के लिये प्रयोग किया जा सकता है। इसके अलावा इससे झाइयां भी दूर हो जाती हैं। मुहांसों की समस्या से निजात पाने के लिए मैंगो फेस मास्क बनाएं। इसके लिए दो चम्मच आम का पल्प, एक चम्मच मुल्तानी मिट्टी और थोड़ा गुलाब जल लें। इसके बाद तीनों को मिलाकर पेस्ट बना लें। अब इस तैयार फेस मास्क को चेहरे पर लगाएं और सूखने दें। सूखने के बाद इसे छुड़ाकर चेहरा साफ पानी से धो लें। मैंगो फेस मास्क का इस्तेमाल करने से आप मुहांसों से छुटकारा पा सकेंगे। बता दें कि आम में बहुत सारा एंटीऑक्सीडेंट होता है जो त्वचा को बूढ़ा नहीं होने देता है।

-यदि आपकी स्किन ढीली पड़ गई हो तो मैंगो और हनी फेस पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं। आम और शहद का मेल स्किन को टोन कर उसे निखरने में मदद करेगा। इसके लिए आम का पल्?प, शहद और बादाम तेल मिलाएं। इस पेस्?ट को चेहरे पर लगाकर धो लें।

-ब्लैकहेड की समस्या से छुटकारा पाने के लिए आम के पल्प, मिल्क पाउडर और शहद को मिलाकर स्?क्रब बनाएं। फिर इसे चेहरे पर लगाएं। इसके बाद आपकी स्किन शाइनिंग करेगी।

## अपने पौधों को कैसे बचाएं

**रजनी अरोड़ा**

गर्मी के मौसम में जीव-जंतुओं का ही नहीं, पेड़-पौधों का भी हाल बेहाल हो जाता है। अगर उनकी समुचित देख रेख न की जाए, तो वे मुरझा जाते हैं या ग्रोथ रुक जाती है। ऐसे में अगर आप कुछ बातों का ध्यान रखें तो गर्मियों में अपने पौधों को हरा-भरा रख सकते हैं।

**हरी नेट या चादर लगाएं**

इस मौसम में वेस्ट-फेसिंग पौधे तेज धूप का सामना करते हैं। जमीन में लगे पौधों को बचाने के लिए ग्रीन नेट या प्लेन चादर लगाएं। ताकि धूप छन कर आए और पौधे जलने से बच सकें।

**नमी बनाए रखें**

गर्मियों में पौधों के आसपास नमी बनाए रखने के लिए किसी टब में थोड़ा-सा पानी डालें। उसमें अपने छोटे गमलों में लगे पौधों को रखें। या फिर अपने पौधों के पास एक टब, बाल्टी या परात में थोड़ा -सा पानी भर कर रख दें। गर्मी की वजह से जब पानी इवेपोरेट होगा, तो पौधों के आसपास नमी बनी रहेगी। **स्प्रे भी फायदेमंद**

नोजल लगाकर पौधों की पत्तियों पर दिन में कम से कम दो बार मिस्टिंग या छिड़काव करना फायदेमंद है।

**ठीक से करें सिंचाई**

गर्मियों में पौधों को डीप वॉटरिंग की जरूरत होती है। नियमित रूप से पानी देना चाहिए। अगर टैम्परेचर 40 डिग्री से ज्यादा हो, तो दिन में दो बार पौधों को पानी देना चाहिए। पौधों को पानी तेज धूप निकलने से पहले (तड़के) या फिर सूरज ढलने (शाम) होने पर दें। धूप निकलने के बाद पानी देने से पानी गर्म हो जाता है जिससे उसकी जड़ें खराब हो जाती हैं। साथ ही पानी तेज धूप में वाष्पित जल्दी हो जाता है और पौधों को पोषण नहीं मिल पाता। गमलों में पानी इतना दें जब तक कि व ड्रेन होल से न निकलने लगे। सुबह अच्छी तरह से पानी देने से पौधे दोपहर की धूप झेल लेते हैं। शाम को चैक करें जो पौधा सूखा लगे, उसमें दोबारा पानी देना चाहिए। पानी देते हुए ध्यान रखें कि उनकी पत्तियों को भी धोएं। जरूरत के हिसाब से थोड़ा पानी डाल सकते हैं। पत्तियां धोने से वे अच्छी तरह सांस ले पाती हैं।

**पौधों को अंदर ग्रुप में रखें**

धूप से बचाने के लिए यथासंभव पौधों को शेड में, बरामदे या बालकनी में एकसाथ ग्रुप में रखें। जहां तेज धूप न आती हो। या छनकर धूप आती हो। एकसाथ रखने से इन्हें एक-दूसरे की ठंडक मिलती रहती है और ये सूखने से बचे रहते हैं।

**माहौल ठंडा रखें**

गर्मी से बचाने के लिए पौधों को कूलर, पंखें की हवा में रख सकते हैं। इससे वातावरण थोड़ा ठंडा हो जाएगा और पौधे गर्मी को झेलने में सक्षम हो पाएंगे। पौधों पर पंखे की हवा सीधी नहीं पड़नी चाहिये, इससे जड़े कमजोर होती हैं।

**फर्टिलाइजर**

गर्मियों में पौधों को ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर देने चाहिए। क्योंकि केमिकल फर्टिलाइजर बहुत तेज होने के कारण पौधे जल सकते हैं। मई-जून की गर्मी में 10-15 दिन के अंतराल पर सरसों खली, बनाना पील फर्टिलाइजर, कम्पोस्ट टी जैसे लिक्विड फर्टिलाइजर डालना सुरक्षित है।

**मल्चिंग**

गर्मी की वजह से ऊपरी मिट्टी बहुत गर्म हो जाती है जिससे पौधे की जड़ें जल सकती हैं, पौधा सूख सकता है। इसके लिए, सूखी घास, सूखे पत्ते, धान का भूसा, नारियल के छिलके, लकड़ी का बुरादा, ईंट या कोयले के टुकड़े, टाट पट्टियां जैसी चीजें ले सकते हैं और मिट्टी को कवर या मल्चिंग करनी चाहिए। इससे नमी बनी रहेगी। धीरे-धीरे मल्चिंग की चीजें मिट्टी में मिल जाएंगी और खाद का काम करेंगी।

**मॉस का करें इस्तेमाल**

छोटे गमलों या ट्रे में लगे पौधों को गर्मी से बचाने के लिए उनकी मिट्टी को पानी में भीगी मॉस से ढक देना चाहिए। ताकि इसमें नमी बनी रहे। मनी प्लांट जैसे क्लाइम्बर पौधों को मॉस स्टिक में चढ़ाएं। पानी देते हुए मॉस स्टिक गीली हो जाती है तो पौधों में नमी बनी रहती है और जड़ों को न्यूट्रीशन मिलता रहता है।

## प्रवचन करने वाला महान साधु नहीं चाहिए भाई

**मनोज शर्मा**

**हमें** साम, दाम, दंड और भेद वाला पीएम चाहिये प्रवचन करने वाला महान साधु बाबा,गुरु बाबा नहीं। 150 करोड़ वाला देश जिसके अंदर दर्जन भर और देश सर उठाने को खड़ा है उसे चलाने के लिये कठोर फैसले लेने वाले नेतृत्व की जरूरत है। दया,भावुकता, ड्रामा ,इमोशंस से देश नहीं चलेगा।

हर मुद्दे पर तमाशाई चुप्पी और कार्रवाई के बदले मन की बात अब जनता में क्षोभ पैदा कर रही है।

सबसे पहले सोशल मीडिया पर कठोर कार्रवाई कर दें। ये अब स्वयंभू कमांडर हो गये हैं। क्या इसके लिये भी आप अक्षम हैं? बंद हो जाये फेसबुक ,ट्विटर,ह्वाट्सेप कोई चिंता नहीं ये अफवाह के वाहक हो गये हैं।

विपक्ष पर संगीन आरोप लगा लगा कर जनता को उल्लू मत बनाइये। जनता झांसे में आकर बार- बार आपका साथ नहीं देगी। आरोप लगाते हैं तो साबित करें और दोषियों को सजा दिलवाइये। ये राजनितिज्ञों





वाली नूरा कुश्ती ज्यादा दिन नहीं टिकेगी। क्या हुआ टूजी, चिदंबरम से लेकर मवड्रा और दामाद और उनके पुत्र पर लगाये गये संगीन आरोपों का जिसका शोर करके आप पीएम बने?

क्या भाजपा में काम करने वाले नेताओं का टोटा पड़ गया है? जो नाचने गाने वाले झूठे और हल्के लोगों को सर पर बैठाये हुये हैं? प्रवक्ता ऐसे कुतर्की कि अब लोगों को पका दे रहे हैं। विपक्ष के दुष्ट, भ्रष्ट ,षड्यंत्रकारियों, गद्दारों को सीखचों के पीछे डालने या ठिकाने लगाने के लिये जनता ने सत्ता सौंपी थी, बार बार आपके मन की बात सुनने के लिये नहीं। सभाओं में जनता से ही ये सवाल कि फलां .... है कि नहीं ? और जनता से उन्मादी जवाब के स्टंट से बाज आइये, ये अब खीझ पैदा करता है।

दूसरी पारी निराश कर रही है और याद रखिये मोदी का सपोर्टर सबसे ज्यादा आंखे खुला रखता है मोह भंग हुआ तो फीलगुड करा देगा, वह अंधभक्त नहीं होता। अंधभक्त गंधभक्त अंडभक्त गुलाम चमचे ये सभी उच्छिष्ट विपक्ष में अधिकाधिक होते हैं। राष्ट्र हंता मान्यवर। कोई राष्ट्रहित में जीवन न्योछावर कर दे उसे एक गिरोह बनाकर बदनाम किया जाए यह कोई न्याय नहीं है।

देश का पीएम हमारा गर्व है, वह ईमानदार है, कर्मठ है, अग्रसोची, व्यवहारिक है,अरे जनाब वह चुनाव जीतना भी जानता है। लेकिन अकेले का सबके मॉस्क पहनाते चलेगा? आपका चापलन बनवा दें। आज उसका कोई विकल्प भी नहीं है। एक बेहाल तंत्र में जान भरना आसान तो नहीं है लेकिन हम आपसे प्रवचन नहीं सुनना चाहते। वश उड़ कर मारिये चाहे घुस कर मारिये लेकिन मारिये जरूर कोरोनवा को।

दाढ़ी कटवाइये और पुराने एक्शन मोड वाले मोदी बन जाइये। और हां ये तल्खी किसी विपक्ष या वामपंथी के षडयंत्र की उपज नहीं है। जो देखा,समझा उसकी प्रतिक्रिया है।

(लेखक रांची विवि पत्रकारिता विभाग से जुड़े हैं।)

मलेरिया की दवा ...





साभार बीबीसी हिंदी डॉट कॉम

## स्पीड न्यूज

### 33वां सप्ताह भी मां शीतला देवी मंदिर में भव्य भंडारा का किया आयोजन



प्रसाद का वितरण करते लायंस क्लब के लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भांति इस शनिवार को भी लगातार 33वां सप्ताह भुरकुंडा के पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद मां को लड्डू का भोग चढ़ाया गया। तत्पश्चात आयोजित भंडारा में लायंस क्लब के लोगों द्वारा फूड फॉर हंगर के तहत लगभग 400 लोगों को खिचड़ी रूपी प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद लिया गया। बताया गया कि प्रत्येक सप्ताह लायंस परिवार के सदस्यों द्वारा व्यक्तिगत सहयोग से आयोजन किया जाता रहा है।

### नए आपराधिक कानूनों के तहत उनकी भूमिका पर दिया गया प्रशिक्षण

**रामगढ़।** प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित डीजी एंड आईजी कॉन्फ्रेंस 2024 में दिये गये निर्देश के अनुसार प्रत्येक जिला में गैर पुलिस कर्मियों यथा चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ आदि को नए आपराधिक कानूनों के तहत उनकी भूमिका एवं जिम्मेदारी के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाना है। इस संबंध में 15 फरवरी को को 13:00 बजे पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के निर्देशन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ को नए आपराधिक कानूनों के संबंध में चन्दन कुमार वत्स, वरीय पुलिस उपाधीक्षक (मु०) रामगढ़ द्वारा प्रशिक्षण दिया गया तथा उनकी भूमिका एवं जिम्मेदारी से अवगत कराया गया।

### स्व टेकलाल महतो ने झारखंड राज्य को बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाया: राजकुमार महतो



नयामोड में जयंती मनाते झामुमो केंद्रीय सदस्य व कार्यकर्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुजू।** नयामोड़ फोरलेन चौराहा में शनिवार को झामुमो कार्यकताओं ने गिरिडीह के पूर्व सांसद सह मांडू के पूर्व विधायक स्व टेकलाल महतो का 80 वां जयंती मनाया। इस दौरान मुख्य रूप से झामुमो केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो शामिल हुए। जयंती कार्यक्रम के दौरान राजकुमार महतो व मौजूद सभी कार्यकताओं ने बारी-बारी से स्व टेकलाल महतो के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर राजकुमार महतो ने कहा कि स्व टेकलाल महतो एक महान पुरूष थे। वह झारखंड राज्य को बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाया है, जो कभी भुलाया नहीं जा सकता है। वह हमेशा क्षेत्र के विकास व जनता के समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देते थे। जरूरत है आज हम सभी को उनके बताये मार्गों पर चलने की। उन्होंने मांडू से 5 बार विधायक व गिरिडीह से एक बार सांसद बनकर ग्रामीण जनता का विकास किया था।

### ग्राम पंचायत सौंदा डी में डीएमएफटी से स्वीकृत योजनाओं को कराने की मांग की



पंचायत समिति सदस्य कुमकुम देवी

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पतरातू प्रखंड अंतर्गत सौंदा डी पंचायत की पंचायत समिति सदस्य कुमकुम देवी ने डीएमएफटी फंड से स्वीकृत योजनाओं को सौंदा डी पंचायत में कार्य करवाने हेतु रामगढ़ डीसी को पत्र सौंपा है। सौंपे गये पत्र में कुमकुम देवी ने कहा है कि डीएमएफटी शासी निकाय परिषद 18 मार्च 2021 और 15 सितंबर 2023 के बैठक स्वीकृत योजना ग्राम पंचायत सौंदा डी में आज तक जमीन पर काम नहीं आ पाया। पत्र में 18 मार्च 2021 को स्वीकृत श्यामलाल के घर ए टाईप होते हुए मेन रोड सौंदा डी तक पीसीसी पथ निर्माण, बलराम के घर से नवल शर्मा के घर तक पीसीसी पथ व 15 सितंबर 2023 में स्वीकृत योजना जनता मजदूर संघ कार्यालय से जीपी कैंप, रैंबो क्लब, क्लब घर होते हुए उच्च विद्यालय होते हुए मध्य विद्यालय तक पीसीसी पथ निर्माण, मनोज तुरी चाणक्य कॉलोनी से झोपड़ी होते हुए जेठु बेदिया के घर तक पीसीसी, नकारी नदी पर सीढ़ीनुमा छठ घाट का निर्माण कराने की मांग की गई है।

### केंद्रीय मिलन सरहुल पूजा समिति की हुई बैठक

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सरहुल पूजा मनाने को लेकर केंद्रीय सरना स्थल रिवर साइड भुरकुंडा में शनिवार को केंद्रीय मिलन सरहुल पूजा समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता कमेटी के संरक्षक दर्शन गंझू और संचालन सचिव संतोष उरांव ने किया। बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे धूमधाम से सरहुल पूजा मनाने को लेकर चर्चा की गई। साथ ही इसकी तैयारियों और विभिन्न मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 1 अप्रैल को सरना पूजा किया जाएगा। साथ ही 2 अप्रैल को जुलूस के शक्ल में भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी।

झारखंड में किसानों के विकास को ले कृषि मेला सह प्रदर्शनी में मंत्री नेहा शिल्पी तिर्की ने कहा

# किसान वैज्ञानिक तरीके अपनायें, तभी होगा विकास

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** हजारीबाग के गोरिया करमा स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में 15 फरवरी 2025 को प्रमंडल स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं और आधुनिक कृषि तकनीकों से अवगत कराना था। मंत्री ने कहा कि झारखंड की 80% आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है और कृषि उनकी आजीविका का प्रमुख साधन है। इसके बावजूद, पारंपरिक खेती के चलते किसानों की उत्पादकता और आय सीमित है। उन्होंने कहा कि समय के साथ किसानों को आधुनिक तकनीकों और वैज्ञानिक विधियों को अपनाना होगा ताकि खेती अधिक लाभकारी बन सके। मंत्री ने राज्य सरकार की कृषि, मत्स्य पालन, बागवानी, डेयरी और पशुपालन से जुड़ी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार किसानों की समृद्धि के लिए समर्पित है। उन्होंने बताया कि झारखंड मिल्क फेडरेशन की मेधा डेयरी के माध्यम से दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा दिया जा सकता है। इसके साथ ही, उन्होंने किसानों को रोजगारपरक प्रशिक्षण देने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डाला।



कृषि मंत्री व अन्य

**किसानों के लिए मार्गदर्शिका और परिसंपत्तियों का वितरण:** इस कार्यक्रम में किसान समृद्धि योजना मार्गदर्शिका का विमोचन किया गया, जिसमें आधुनिक खेती की तकनीकों और जानकारियों को सरल भाषा में प्रस्तुत किया गया है। इस अवसर पर 142 लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। इनमें सोलर पंप, मत्स्य पालन उपकरण और कृषि यंत्र शामिल थे। खाद्य एवं पोषण सुरक्षा दलहन योजना और केसीसी योजना के तहत भी किसानों को लाभान्वित किया गया।

**मंत्री ने कृषि अनुसंधान केंद्र का किया दौरा :** इससे पूर्व, कृषि मंत्री ने डेमोटांड़ स्थित कृषि अनुसंधान केंद्र का दौरा किया। उपायुक्त नैंसी सहाय ने उनका स्वागत किया और अनुसंधान कार्यों की जानकारी दी। मंत्री ने केंद्र में फसलों, सब्जियों और स्ट्रॉबेरी की खेती का निरीक्षण किया। उन्होंने मछली पालन की परियोजनाओं का अवलोकन कर इसे किसानों की आय का एक प्रमुख स्रोत बताया।

**स्थानीय नेताओं और अधिकारियों का योगदान:** कार्यक्रम में बरही विधायक मनोज यादव ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से किसानों को नई तकनीक और आधुनिक कृषि की जानकारी मिलती है। उन्होंने किसानों से पारंपरिक खेती के साथ-साथ बहुआयामी खेती को अपनाने का आग्रह किया। वहीं, उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद ने किसानों को जागरूक और सक्रिय रहकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की सलाह दी।

**कृषकों की बढ़ती भागीदारी से सफलता की उम्मीद :** कृषि मंत्री ने किसानों की भारी भागीदारी पर खुशी जताई और कहा कि झारखंड में खेती-बाड़ी के क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे इस मेले में लगे स्टालों से योजनाओं और तकनीकों की जानकारी प्राप्त करें और अपनी खेती को उन्नत बनाएं। इस कार्यक्रम ने किसानों को जागरूक करने और उन्हें कृषि के प्रति नए दृष्टिकोण से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह मेला झारखंड के किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होगा।

## पकरी बरवाडीह कोल माइनिंग प्रोजेक्ट को सर्वश्रेष्ठ कोल माइनिंग पुरस्कार

### एनटीपीसी ने रचा नया इतिहास



पुरस्कार ग्रहण करते अधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बड़कागांव।** भारतीय पावर स्टेशन्स ऑपरेशंस एंड मेंटेनेंस कॉन्फ्रेंस (आईपीएस 2025) में एनएमएल पकरी बरवाडीह कोल माइनिंग प्रोजेक्ट ने सर्वश्रेष्ठ कोल माइनिंग (ऑपरेशनल) श्रेणी में प्रतिष्ठित स्वर्ण शक्ति पुरस्कार 2023-24 जीतकर गौरव हासिल किया। यह पुरस्कार एनटीपीसी लिमिटेड की कोल माइनिंग यूनिट को खनन क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और श्रेष्ठ परिचालन के लिए प्रदान किया गया। सम्मान समारोह में यह पुरस्कार क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोल माइनिंग) श्री अनिमेष जैन और पकरी बरवाडीह के परियोजना प्रमुख श्री फैज तैय्यब ने ग्रहण किया। पकरी बरवाडीह कोल माइनिंग प्रोजेक्ट का यह सम्मान न केवल इसकी परिचालन उत्कृष्टता को प्रमाणित करता है, बल्कि एनटीपीसी के ऊर्जा उत्पादन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को भी रेखांकित करता है।

**आईपीएस 2025: नवाचार और ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित :** एनटीपीसी द्वारा 13 से 15 फरवरी तक रायपुर में आयोजित तीन दिवसीय आईपीएस 2025 सम्मेलन का मुख्य विषय ₹विश्वसनीय और स्थायी उत्पादन, संपत्ति प्रबंधन और ऊर्जा संक्रमण₹ रहा। इस आयोजन को एनटीपीसी सिंगरौली की पहली यूनिट के सफल समन्वयन की स्मृति में आयोजित किया गया।

**तकनीकी नवाचारों की प्रदर्शनी :** सम्मेलन के दौरान टेक्नो गैलेक्सी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटलीकरण और अन्य अत्याधुनिक तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शनी आधुनिक ऊर्जा उत्पादन तकनीकों और खनन प्रक्रियाओं में प्रौद्योगिकी के समावेश को उजागर करती है। एनटीपीसी लिमिटेड, भारत की सबसे बड़ी एकीकृत पावर यूटिलिटी, ने इस उपलब्धि से न केवल अपनी क्षमता और नवाचार का प्रदर्शन किया, बल्कि कोल माइनिंग क्षेत्र में अपनी नेतृत्वकारी स्थिति को भी सुदृढ़ किया है। पकरी बरवाडीह का यह पुरस्कार भविष्य में खनन और ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में और अधिक ऊंचाइयां हासिल करने के प्रति एनटीपीसी की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

दारु में नाबालिग बच्चियों के साथ दुराचार!

## एसडीपीओ ने दिया सख्त कार्रवाई का आश्वासन

**दारु।** दारु थाना क्षेत्र में तीन नाबालिग बच्चियों के साथ हुए दुराचार और उत्पीड़न की घटना ने मानवता को झकझोर दिया है। इस शर्मनाक घटना की कड़ी निंदा करते हुए एसडीपीओ बैजनाथ प्रसाद ने कहा कि ट्यूशन की आड़ में इस प्रकार का कृत्य घोर निंदनीय है। दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, और किसी भी हालत में उसे बख्शा नहीं जाएगा।

### सीएसआर के तहत जिला प्रशासन को उपलब्ध कराया गया एम्बुलेंस

**रामगढ़।** वेंकटेश आयरन कंपनी द्वारा शनिवार को जिला प्रशासन रामगढ़ को सीएसआर के तहत एक एंबुलेंस उपलब्ध कराया गया। मौके पर उपायुक्त चंदन कुमार ने वेंकटेश आयरन द्वारा उपलब्ध कराए गए एंबुलेंस वाहन की सराहना करते हुए कहा कि सीएसआर के तहत प्राप्त एंबुलेंस को झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय दुलमी में उपयोग किया जाएगा।

### पीवीयूएन प्रायोजित एसी पंप प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रांची के सरकारी टूल रूम में पीवीयूएन द्वारा प्रायोजित एसी एवं वाटर पंप मरम्मत व रख-रखाव प्रशिक्षण शिविर शुक्रवार को संपन्न हो गया। इस दो महीने के प्रशिक्षण में स्थानीय गांवों के 30 युवाओं ने भाग लिया और अपने कौशल का विकास के गुर सिखे। समारोह में सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिससे उन्हें स्वरोजगार के साथ-साथ बेहतर रोजगार के अवसर प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाना और उनके आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। पीवीयूएन के एचओएचआर जियाउर रहमान ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें अपने सीखे हुए कौशल का सर्वोत्तम उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

## हजारीबाग मेडिकल कॉलेज में जटिल रीढ़ की हड्डी का सफल ऑपरेशन

### मरीज को मिला नया जीवन, सांसद मनीष जायसवाल ने डॉक्टरों का बढ़ाया मनोबल

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक असाधारण उपलब्धि हासिल की गई, जब ऑर्थोपेडिक विभाग की टीम ने सीमित संसाधनों के बीच जटिल रीढ़ की हड्डी का ऑपरेशन कर सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल मरीज नरेश भुइयां को जीवनदान दिया।

चतरा जिले के जयपुर गांव निवासी 34 वर्षीय नरेश की रीढ़ की हड्डी टूट जाने से वे चलने-फिरने में असमर्थ हो गए थे। लेकिन डॉ. शशिकांत सिंह और डॉ. संजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में करीब ढाई घंटे चले इस ऑपरेशन ने उनकी हालत में चमत्कारिक सुधार किया। ऑपरेशन के दौरान मरीज की रीढ़ में 8 पैडिकल स्क्रू और 2 रॉड लगाई गईं। यह जटिल प्रक्रिया आयुष्मान भारत योजना के तहत पूरी तरह निःशुल्क हुई, जो मरीज और उनके परिवार के लिए राहत की बड़ी खबर थी। डॉक्टरों का कहना है कि समय पर यह सर्जरी नहीं होती तो मरीज को पैरालाइसिस का सामना करना पड़ सकता था। इस उपलब्धि से प्रभावित होकर हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने अस्पताल का दौरा कर ऑपरेशन में शामिल डॉक्टरों और सहयोगी टीम को शॉल और पुष्प देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यह सफलता सरकारी अस्पतालों के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने अस्पताल में चुनिंदा डॉक्टरों की क्षमता और समर्पण की सराहना करते हुए इसे गरीब और जरूरतमंद मरीजों के लिए नई उम्मीद बताया। सांसद ने कहा कि अमूमन ऐसे ऑपरेशन बड़े शहरों के निजी अस्पतालों में लाखों रुपये खर्च करके किए जाते हैं, लेकिन हजारीबाग मेडिकल कॉलेज में यह सर्जरी सरकारी सुविधा में होना बड़ी उपलब्धि है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इसका मतलब यह नहीं है कि यहाँ सब कुछ दुरुस्त है। अस्पताल में अभी भी कई कमियां हैं, जिन्हें दूर करना प्रबंधन की जिम्मेदारी है।



सम्मानित करते हजारीबाग सांसद

अस्पताल में हर दिन 1000 से अधिक मरीजों की उपस्थिति यह साबित करती है कि लोगों का इस संस्थान पर भरोसा कायम है। इसे बनाए रखना और सुधार लाना प्रबंधन की प्राथमिकता होनी चाहिए। लेकिन इसके साथ जो अच्छा काम हुआ है उसकी प्रशंसा भी जरुरी है। इस मौके पर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. अजय कुमार सिंह, सांसद के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। सांसद मनीष जायसवाल ने अस्पताल की बेहतरी के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि ऐसे कार्यों से समाज को प्रेरणा मिलती है और सरकारी संस्थानों की उपयोगिता का प्रमाण मिलता है।

## एक नजर में

### टाटीझरिया में 18 फरवरी को रोजगार मेला, युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

**टाटीझरिया।** रोजगार की तलाश में जुटे शिक्षित युवाओं के लिए खुशखबरी है। टाटीझरिया प्रखंड मुख्यालय में 18 फरवरी 2025, मंगलवार को सीएलएफ कार्यालय के पास रोजगार मेला सह मोबिलाइजेशन शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के तहत आयोजित किया जा रहा है। शिविर में 18 से 35 वर्ष के बेरोजगार युवक-युवतियां, जो प्रखंड के झरपो, भराजो, खैरा, डहरभंगा, डूमर, धरमपुर, बेड़म, और टाटीझरिया पंचायतों से आते हैं, हिस्सा ले सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थियों को इस शिविर में रजिस्ट्रेशन करवाना होगा, जिसके बाद उन्हें कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण पूरा होने पर 100% रोजगार की गारंटी दी जाएगी।

**रोजगार के क्षेत्र और अवसर :** शिविर में राधा गोविंद शैफफोर्ड, सीपीआईटी, कॉटन ब्लूजोन, शाही एक्सपोर्ट जैसी प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी। युवाओं को नर्सिंग, सिलाई मशीन ऑपरेटर, इलेक्ट्रिशियन, फिटर, डेटा एंट्री ऑपरेटर, इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर ऑपरेटर, मोबाइल रिपेयरिंग जैसे क्षेत्रों में रोजगार के अवसर दिए जाएंगे। इस शिविर के माध्यम से स्थानीय युवाओं को उनके कौशल के आधार पर प्रशिक्षण और रोजगार का सुनहरा मौका मिलेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए जेएसएलपीएस विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।

**युवाओं के लिए सुनहरा मौका :** शिविर का उद्देश्य युवाओं को न केवल रोजगार उपलब्ध कराना है, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना भी है। यह शिविर टाटीझरिया और आसपास के युवाओं के लिए एक बेहतरीन अवसर है। आयोजन में अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी से रोजगार और प्रशिक्षण का लाभ उठाने की अपील की गई है। युवाओं के उज्वल भविष्य की ओर यह पहल प्रखंड के विकास में मील का पत्थर साबित होगी।

### विज्ञान प्रदर्शनी का विधायक ने किया शुभारंभ, बच्चों की प्रतिभा की सराहना




अमित यादव व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरकट्ठा।** प्रखंड के कपका स्थित पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक अमित कुमार यादव ने दीप प्रज्वलित कर और फीता काटकर किया। इस अवसर पर विधायक ने बच्चों द्वारा तैयार किए गए विज्ञान मॉडलों का अवलोकन किया और उनकी रचनात्मकता व वैज्ञानिक सोच की प्रशंसा की। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी बच्चों की प्रतिभा और उनकी कल्पनाओं को साकार करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। इस आयोजन ने साबित किया है कि जब बच्चों को अवसर दिया जाता है, तो वे अद्भुत कौशल और नवाचार का प्रदर्शन करते हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी छात्रों की क्रिएटिविटी और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करती है, जिससे उनके भविष्य को आकार देने में मदद मिलेगी। उन्होंने विद्यालय के निदेशक सत्येंद्र प्रसाद और शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल बच्चों के ज्ञान का विस्तार करते हैं, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास और प्रेरणा भी प्रदान करते हैं।

**प्रदर्शनी में बच्चों ने किया अद्भुत प्रदर्शन :** विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों और प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन किया, जिनमें ऊर्जा संरक्षण, जल प्रबंधन, सौर ऊर्जा, और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर आधारित मॉडल शामिल थे। विधायक ने बच्चों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ये प्रयास न केवल शिक्षाप्रद हैं, बल्कि समाज के लिए प्रेरणादायक भी हैं। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज का योगदान सराहनीय है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों, शिक्षक-शिक्षिकाओं और स्थानीय गणमान्य लोगों ने भाग लिया। प्रदर्शनी का उद्देश्य बच्चों को प्रायोगिक शिक्षा और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से जोड़ना था, जो सफल रहा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने विधायक और सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। यह विज्ञान प्रदर्शनी क्षेत्र के बच्चों को आगे बढ़ने और अपनी प्रतिभा दिखाने का एक उत्कृष्ट मंच प्रदान कर रही है।

### सांसद मनीष जायसवाल ने शहीद कैप्टन करमजीत के परिजनों से की मुलाकात



परिजनों से मिलते सांसद

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** जम्मू-कश्मीर के अखनूर में हुए आईडी ब्लास्ट में शहीद हुए हजारीबाग के वीर सपूत कैप्टेन करमजीत सिंह बक्शी के परिवार से मिलने हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल शनिवार को उनके जुलु पार्क स्थित आवास पहुंचे।

उन्होंने शहीद के आत्मा की शांति के लिए चल रहे सुखमणि साहेब के पाठ में भाग लिया और उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सांसद ने शहीद के माता-पिता, बहन और अन्य परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा, कैप्टेन करमजीत ने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है। उनकी शहादत हमें गर्वित करती है और यह युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। सांसद ने इस दुखद घटना पर संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार से मिलकर शहीद के नाम पर किसी सड़क या चौक का नामकरण कराने और उनकी बहन को सरकारी नौकरी देने का प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने कहा, इस बलिदान का कोई मोल नहीं, लेकिन जो हम कर सकते हैं, वह जरूर करेंगे। इस मौके पर सांसद के साथ कई प्रतिनिधि, भाजपा नेता, और स्थानीय गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे, जिन्होंने परिवार के प्रति अपनी सहानुभूति व्यक्त की।

स्पीड न्यूज

## मोटरसाइकिल से गिरकर युवक घायल

डोमचांच (कोडरमा)। थाना क्षेत्र अंतर्गत रायडीह मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में एक मोटरसाइकिल चालक घायल हो गया। वहीं घायल की पहचान सिकंदर सिंह पिता भरत सिंह देवीपुर निवासी के रूप में की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चालक नशे में था और डोमचांच बाजार से कुछ कार्य कर वापस अपने घर देवीपुर जा रहा था, तभी अचानक उसने नियंत्रण खोकर गिरकर घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने युवक को उठाकर सदर अस्पताल भेज दिया।

## सड़क निर्माण के दौरान महुआ पेड़ों की कटाई से ग्रामीणों में आक्रोश

गिद्धौर। प्रखंड के इंदिरा मोड़ से रोल तक बन रही कालीकरण सड़क में संवेदक द्वारा अनियमितता बरते जाने की शिकायतें सामने आई हैं। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य के दौरान जेसीबी मशीन से महुआ के पेड़ों को मनमाने तरीके से उखाड़ा जा रहा है, जिससे उनके आजीविका पर संकट मंडराने लगा है। द्वारी के बाजार टांड़ के समीप संवेदक द्वारा कई महुआ के पेड़ों को गिराए जाने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

## इंडियन पब्लिक स्कूल वर्ग दशम के छात्रों को दी गयी विदाई

जयनगर (कोडरमा)। प्रखंड अंतर्गत कटिया परसाबाद में शनिवार को इंडियन पब्लिक स्कूल वर्ग दशम के छात्र-छात्राओं को विदाई दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के प्राचार्य चंदन कुमार बर्णवाल एवं निदेशक पंकज कुमार सिंह मुख्य रूप से मौजूद थे। वहीं प्राचार्य ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इस दौर से सभी को गुजरना पड़ता है, आप लोग बोर्ड परीक्षा में बेहतर से बेहतर प्रदर्शन कर अपने विद्यालय के साथ-साथ पूरा क्षेत्र का नाम रौशन करें। वहीं निदेशक ने कहा कि आप लोग ही देश के भविष्य हैं, आगे बढ़ने के लिए कुछ छोड़ना पड़ता है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं का उज्जवल भविष्य का कामना किया और परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने का आशीर्वाद दिया।

## जयनगर में टाइल्स ग्रेनाइट मार्बल दुकान का उद्घाटन

जयनगर (कोडरमा)। प्रखंड अंतर्गत मोदी मोहल्ला में तिरुपति बालाजी इंटरप्राइजेज में टाइल्स, ग्रेनाइट, मार्बल एवं सेनेटरी दुकान का आचार्य बसंत शास्त्री, पूर्व मुखिया बैजनाथ रजक, पंसस मिसवा उद्दीन सहित कई लोगों ने संयुक्त रूप से फीता काट कर उद्घाटन किया। वहीं उद्घाटन के पूर्व पंडित विष्णु कांत शास्त्री के द्वारा पूजा-अर्चना किया गया। वहीं तिरुपति बालाजी इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर सुदर्शन प्रसाद ने कहा कि उचित मूल्य पर ग्रेनाइट टाइल्स मार्बल ग्राहकों को मुहैया कराया जाएगा।

## फ्लाई ऐश लदा हाइवा दुर्घटनाग्रस्त, चालक गंभीर रूप से घायल

कोडरमा। थाना क्षेत्र अंतर्गत नौवा माइल घाटी में एक फ्लाई ऐश लदा हाइवा दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमें वाहन का चालक ग्राम रजाकपुर थाना नागकोठी जिला बेगूसराय बिहार निवासी 50 वर्षीय राम कुमार राय पिता स्व देवकी राय गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार चालक फ्लाई ऐश लदा हाइवा कोडरमा से बिहार की ओर लेकर जा रहा था। इसी दौरान वाहन नौवा माइल घाटी के समीप अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमें चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की सहायता से हाईवे पेट्रोलिंग पुलिस के द्वारा घायल चालक को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक की देख-रेख में घायल का इलाज किया जा रहा है। वहीं दुर्घटनाग्रस्त हाइवा में लदे फ्लाई ऐश मंदिर में फैल गया।

# पुलिस ने एक घर से 2800 लीटर अवैध देशी महुआ शराब किया बरामद







खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत जरगा एवं हथुआधारण में तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित कर अवैध देशी महुआ शराब बरामद किया गया। मिली जानकारी के अनुसार सूचना मिली थी कि उक्त स्थल पर अवैध रूप से देशी शराब निर्माण कर व्यापार एवं परिवहन किया जा रहा है। उक्त सूचना के आलोक में गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापामारी के दौरान पुलिस ने एक घर के एक कमरे से 20 लीटर वाले जार में 40 पीस कुल 800 लीटर अवैध देशी महुआ शराब बरामद किया। पुलिस ने आस-पास छानबीन की तो 500 लीटर वाले 50 सिन्टेक्स टैंक में अवैध जावा महुआ पाया, जिसमें प्रत्येक सिन्टेक्स का वजन लगभग 200 किलो था। कुल मिलाकर 10 हजार किलो जावा महुआ विनष्ट किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत करीब सात लाख रुपये है। इस छापामारी में कुल 17 हजार 4 सौ लीटर अवैध देशी महुआ शराब बरामद की गई, जिसे मौके पर विधिवत रूप से नष्ट कर दिया गया एवं 2800 लीटर अवैध देशी महुआ शराब जप्त किया गया। इस संबंध में तिलैया थाना द्वारा विधि-सम्मत अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

छापेमारी दल में विनय कुमार, तिलैया थाना प्रभारी, पुअनि.महादेव पाण्डेय व सशस्त्र बल, तिलैया थाना के जवान शामिल थे।

## मां की ममता हुई शर्मसार!

## नौकाडीह के तालाब किनारे प्लास्टिक में लिपटा मिला नवजात का शव



खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा/हंटरगंज। ममता को कलंकित करने वाली एक दिल दहला देने वाली घटना ने नौकाडीह गांव को झकझोर कर रख दिया। शनिवार दोपहर करीब 2 बजे, नतनी तालाब के किनारे उस वक्त सनसनी फैल गई, जब चरवाहों ने प्लास्टिक में लिपटे एक नवजात शिशु का शव देखा।

यह खबर जंगल में आग की तरह फैल गई, और देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। जिस मासूम ने अभी दुनिया में आंखें भी नहीं खोली थीं, उसे बेदर्दी से तालाब किनारे फेंक दिया गया। लोग स्तब्ध थे, आंखें नम थीं, और मन में सवाल उठ रहा था– क्या सच में ममता इतनी निर्दयी हो सकती है?

कोई कह रहा था कि किसी कलयुगी मां ने अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ लिया, तो कोई इसे अविवाहित मां की मजबूरी करार दे रहा था। पर सच जो भी हो, इस नन्ही जान को दुनिया में आने से पहले ही मौत की नींद सुला दिया गया।

बेजान पड़े इस नवजात के शव को देखकर हर किसी का दिल पसीज गया, लेकिन प्रशासन के कानों तक अभी तक यह खबर नहीं पहुंची थी।

मासूम की इस दर्दनाक कहानी का जिम्मेदार आखिर कौन है? क्या कोई मां इतनी पत्थरदिल हो सकती है? या यह समाज का वह स्याह चेहरा है, जहां डर और बदनामी के साए में एक नवजीवन को यूं ही खत्म कर दिया जाता है? खबर लिखे जाने तक मासूम का शव वहीं पड़ा था, न्याय की राह देखता हुआ, इंसानियत पर सवाल उठाता हुआ।

# चतरा पहुंचे मंत्री संजय प्रसाद यादव, टंडवा परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की




खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। झारखंड सरकार के श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग तथा उद्योग विभाग के मंत्री संजय प्रसाद यादव का शनिवार को चतरा आगमन हुआ। इस अवसर पर उपायुक्त रमेश घोलप ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात मंत्री श्री यादव की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में टंडवा क्षेत्र की विभिन्न परियोजनाओं से जुड़े अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में एन.टी.पी.सी., मगध संघ मित्रा क्षेत्र, आम्रपाली-चंद्रगुप्त, अशोका, पूर्णाडीह परियोजनाओं के महाप्रबंधकों समेत पंचायत प्रतिनिधि, रैयत और अन्य संबंधित लोग उपस्थित रहे। मंत्री ने बैठक के दौरान परियोजना क्षेत्र में चल रहे वाहनों, खनिज उत्खनन, मजदूरों की संख्या, स्थानीय श्रमिकों की भागीदारी, पुनर्वास, मुआवजा भुगतान, मजदूरों को मिलने वाली सुविधाओं और पेयजल आपूर्ति जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक के दौरान मंत्री संजय प्रसाद यादव ने परियोजना क्षेत्र में कार्यरत मजदूरों की संख्या और उनमें स्थानीय मजदूरों की हिस्सेदारी पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने अधिकारियों से स्थानीय श्रमिकों को प्राथमिकता देने, मानदेय का सही तरीके से भुगतान करने और श्रम कानूनों के अनुरूप सभी सुविधाएँ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।मंत्री ने परियोजनाओं के अधिकारियों से कहा कि मजदूरों की सुविधा और अधिकारों का पूरा ध्यान रखा जाए। इसके लिए स्थानीय श्रमिकों की सूची तैयार कर उनकी स्थिति स्पष्ट की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि मजदूरों को समय पर वेतन, स्वास्थ्य सुविधाएँ और अन्य लाभ दिए जाएँ, ताकि उनका शोषण न हो।मंत्री ने कहा कि सरकार टंडवा क्षेत्र की परियोजनाओं को सुचारू रूप से संचालित करने और स्थानीय लोगों को इसका अधिकतम लाभ दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को सभी आवश्यक कार्यों को तेजी से और पारदर्शिता के साथ पूरा करने का निर्देश दिया। इस बैठक में पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता, जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## विधायक ने रेल समस्या को लेकर ग्रामीणों के साथ की बैठक

# आने वाले दिनों में परसाबाद रेलवे स्टेशन पर किया जाएगा रेल आंदोलन : अमित यादव

खबर मन्त्र संवाददाता



जयनगर (कोडरमा)। प्रखंड के गोहाल पंचायत में रेल समस्या को लेकर मुखिया विनोद दास की अध्यक्षता में बैठक की गयी। बैठक में विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि रेलवे के द्वारा दोनों तरफ से घेरा बंदी कर दिया गया है, जिसके कारण गोहाल दो भागों में बट गया है, जिससे आने-जाने वाले लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

वहीं उन्होंने कहा कि धनबाद डीआरएम से मिलकर इन सभी समस्याओं से उनको अवगत करवाएंगे। उसके बाद डीआरएम के द्वारा क्या जवाब आता है देखा जाएगा। वहीं उन्होंने कहा कि अगर रेलवे के द्वारा पॉल संख्या 171 एवं 172 परसाबाद एवं यदुडीह स्टेशन के बीच रेलवे ब्रिज या अंडरपास का निर्माण नहीं करवाया गया तो आने वाले दिनों में बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव के लोगों के साथ परसाबाद रेलवे स्टेशन पर रेल आंदोलन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि रेलवे को हाई स्पीड से ट्रेन चलाना है, जिसको लेकर रेलवे के द्वारा दोनों तरफ से घेराबंदी कर दिया गया है, जिससे पूरी तरीके से आवागमन बाधित हो गयी है। मौके पर केदारनाथ यादव, मनोज दास, धनेश्वर राणा, अशोक यादव, मुंशी दास, चंदन पासवान, रंजीत दास, कौशल्या देवी, कंचन देवी, ममता देवी, ललिता देवी, रामसहाय यादव, छत्रु यादव, राजेश दास, राजेश ठाकुर, बालेश्वर राणा, धनेश्वर ठाकुर, महेश दास, राजकुमार यादव, बाला महतो सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों के सम्मान में विद्यार्थियों ने निकाला कैंडल मार्च

मरकच्चो (कोडरमा)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कादोडीह रोड स्थित सेंट्रल कान्वेंट पब्लिक स्कूल के द्वारा शुक्रवार को पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों के सम्मान में विद्यार्थियों ने कैंडल मार्च निकाला, जो दरदाही बाजार, दरदाही चौक होते हुए भ्रमण किया, जहां छात्र-छात्राओं ने भारत माता की जय, वीर जवान अमर रहे, वंदे मातरम् के नारे लगाए। वहीं विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाओं और बच्चों ने पुलवामा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी वीरता और बलिदानों को नमन किया। वहीं प्रधानाचार्य नरेश साव ने कहा कि पुलवामा हमला देश कभी नहीं भूल सकता, इस दिन 40 जवानों ने अपनी शहादत दी थी। भारत के इतिहास का यह काला दिन, जब कायराना हमला हुआ था। आज इस हमले की छठी बरसी है। इस दुखद घटना को याद करते हुए इसे ब्लैक-डे के रूप में मनाया जाता है।

# ग्रिजली कॉलेज में मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



कोडरमा। ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में संकाय सदस्यों एवं बीएड. सत्र 2024-26 प्रशिक्षुओं के बीच मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। मैच का उद्घाटन महाविद्यालय सचिव अविनाश कुमार सेठ एवं उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी ने सभी खिलाड़ियों से परिचय कर किया। तत्पश्चात् फैकल्टी इलेवन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। वहीं स्टूडेंट इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 178 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। फैकल्टी इलेवन ने उक्त स्कोर का पीछा करते हुए 15 ओवर में मात्र 122 रनों पर पारी सिमट गई और स्टूडेंट्स इलेवन ने 56 रनों से शानदार जीत दर्ज की। वहीं स्टूडेंट्स इलेवन की ओर से विक्रम कुमार धुंआधार अर्धशतकीय पारी खेली। वहीं फैकल्टी इलेवन की ओर से संजीत कुमार ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 54 रनों की पारी खेली एवं किफायती गेंदबाजी का नजारा प्रस्तुत करते हुए 4 ओवर में 4 विकेट हासिल किए। मैच में महाविद्यालय के खेल प्रशिक्षक अमित दास, अंपायर की भूमिका निभाई। मैच में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज फैकल्टी इलेवन से संजीत कुमार, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज स्टूडेंट्स इलेवन से विक्रम कुमार, मैन ऑफ-द मैच फैकल्टी इलेवन से संजीत कुमार एवं विजेता एवं उपविजेता टीम को महाविद्यालय की उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी द्वारा ट्रॉफी प्रदान की गई। वहीं सचिव अविनाश सेठ ने कहा कि ऐसे आयोजन से प्रशिक्षुओं को भविष्य में विभिन्न प्रकार के आयोजन करने की सीख मिलती है। जिससे वे एक पेशेवर के तौर पर कुशल शिक्षक बन पायेंगे। मैच में झुमरीतिलैया के समाजसेवी संजय अग्रवाल, महाविद्यालय के बीएड. सत्र 2024-26 के सभी प्रशिक्षु, सभी सहायक प्राध्यापक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी ने उपस्थित रहे। संपूर्ण मैच महाविद्यालय खेल प्रशिक्षक अमित दास के देखरेख में संपन्न किया गया।

## अज्ञात चोरों ने चोरी का घटना को दिया अंजाम

जयनगर (कोडरमा)। प्रखंड में इन दिनों चोर लगातार चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। इसी तरह का एक ताजा मामला थाना क्षेत्र के पश्चिमी पंचायत अंतर्गत खेशकरी रोड स्थित एक बंद घर में बीती रात अज्ञात चोरों ने बंद घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। बता दें की घर में रह रहे लोग प्रयागराज में थे, इसी मौका का फायदा उठाकर चोरों के द्वारा घटना का अंजाम दिया गया। घटना का सूचना मिलते ही एसआई प्रतीत टोपनो सहित कई पुलिस के जवान घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की। वहीं थाना प्रभारी बबलू कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है, इसमें जो भी दोषी होगा उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

एक नजर में

## स्वच्छता और सजावट से राजकीय इटखोरी महोत्सव को बनाएं यादगार: सीओ सविता

खबर मन्त्र संवाददाता



इटखोरी। आगामी 19, 20, और 21 फरवरी को आयोजित होने वाली तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव की तैयारियाँ जोरों पर हैं। इस बार महोत्सव को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए इटखोरी अंचलाधिकारी सविता सिंह ने इटखोरी वासियों और व्यापारियों से सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि यदि सभी इटखोरी वासी सफाई और सजावट में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें, तो महोत्सव का आनंद कई गुना बढ़ जाएगा। उन्होंने कहा कि महोत्सव को दिवाली की तरह रोशनी से जगमगाने के लिए सभी लोग अपने-अपने घरों और दुकानों के सामने रंग-बिरंगी लाइटें लगाएँ और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें। इससे न केवल इटखोरी की सुंदरता बढ़ेगी बल्कि महोत्सव को यादगार बनाने में भी मदद मिलेगी। सीओ सविता सिंह का मानना है कि महोत्सव की सफलता में इटखोरी वासियों की भूमिका अहम होती है।

## जैन मुनियों के संघ का शहर में हुआ मंगल प्रवेश

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। जैन मुनियों के संघ का शुक्रवार को शहर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। शहर में प्रवेश के मौके पर जहां जैन मुनियों का भव्य स्वागत किया गया, वहीं अन्य कार्यक्रम हुए। मुनियों के संघ के आगमन का सबसे ज्यादा आकर्षण झुमरीतिलैया में जन्मे अखिलेश भैया का 14 वर्षों बाद जैन मुनि 108 प्रांजल सागर जी महाराज बनकर शहर में आना रहा। श्वेत और केशरिया परिधान पहने जैन समाज के लोगों ने गुरुदेव की अगवानी की।

## अचानक मड़ई में लगी आग, 2000 नेवारी जलकर राख



खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। हंटरगंज थाना क्षेत्र के तिलहेत पंचायत के एकतारा गांव में शनिवार को एक मड़ई में अचानक आग लगने से उसमें रखा सारा सामान और 2000 नेवारी जलकर राख हो गया। इस घटना से पीड़ित परिवार पर संकट गहरा गया है प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव के मनोज दास की पत्नी कविता देवी खेत में काम करने गई थीं। शाम करीब 4 बजे जब वे घर लौटीं, तो मड़ई में आग की लपटें उठती देख बेहोश होकर गिर पड़ीं। आग की खबर फैलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

लेकिन तब तक मड़ई में रखा सारा सामान जल चुका था। पीड़ित कविता देवी ने बताया कि उनके पति दिल्ली में मजदूरी करते हैं और घर में तीन छोटे बच्चे हैं।

## गिद्धौर और बारीसाखी पंचायत में जेएमएम कमिटी का गठन

गिद्धौर। गिद्धौर प्रखंड के बटेश्वर शिव मंदिर परिसर में शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी के जिला अध्यक्ष पंकज प्रजापति और वरिष्ठ कार्यकर्ता देवनारायण दांगी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा ने की, जबकि संचालन राजेश कुशवाहा ने किया। बैठक में जिला अध्यक्ष पंकज प्रजापति ने संगठन को मजबूत करने और पार्टी के विस्तार पर चर्चा की। इस दौरान गिद्धौर और बारीसाखी पंचायत कमिटी का गठन किया गया।

## किसानों को वितरण किया गया फसल सुरक्षा का प्रमाण पत्र



खबर मन्त्र संवाददाता

टंडवा (चतरा)। कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा किसानों के बीच प्रमाण पत्र वितरण किया गया विभाग द्वारा धनगड्डा पंचायत के किसानों को तीन दिवसीय पंचायत स्तरीय फसल सुरक्षा योजना का प्रशिक्षण दिया गया। अंतिम दिन प्रशिक्षित किसानों के बीच स्थानीय मुखिया सह जिला मुखिया संघ अध्यक्ष अरबिंद कुमार सिंह ,पसस उषा देवी,प्रखंड कृषि पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह प्रशिक्षक सुधीर कुमार ने तीस किसानों को कृषि किट और प्रमाण पत्र वितरण किया। प्रशिक्षण में कृषि विज्ञान केंद्र के अभिजीत घोष के द्वारा फसल सुरक्षा के तहत रबी फसलों में लगने वाले प्रमुख रोगों एवं उसके निदान के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

## प्रमंडल स्तरीय किसान मेला में भाग लेने के लिए सिमरिया से 60 किसान रवाना




खबर मन्त्र संवाददाता

सिमरिया। गौरिया करमा बरही में आयोजित प्रमंडल स्तरीय किसान मेला सह फल, फूल, सब्जी एवं कृषि उत्पादन प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए सिमरिया प्रखंड से 60 किसानों का दल रवाना हुआ। प्रभारी तकनीकी प्रबंधक राजेश कुमार एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक सुधीर कुमार के नेतृत्व में यह जत्था सुरक्षित बस से कार्यक्रम स्थल के लिए प्रस्थान किया। कृषि मेले में भाग लेने को लेकर किसानों में काफी उत्साह देखा गया। यह मेला कृषि उत्पादों के प्रदर्शन और नई तकनीकों की जानकारी का बेहतरीन मंच प्रदान करता है। किसान अपने फल, फूल, सब्जी एवं अन्य कृषि उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे और आधुनिक कृषि पद्धतियों की जानकारी प्राप्त करेंगे।

## स्पीड न्यूज

### महाशिवरात्रि को लेकर 24 को चैती दुर्गा पूजा समिति करेगा रुद्राभिषेक कार्यक्रम



गुमला। चैती दुर्गा पूजा समिति की बैठक स्थानीय देवी मंदिर परिसर में अध्यक्ष सुरेश मंत्री की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 26 फरवरी 2025 दिन बुधवार को होने वाले महाशिवरात्रि से 2 दिन पहले 24 फरवरी दिन सोमवार को महा रुद्राभिषेक कार्यक्रम का करने का निर्णय लिया गया। प्रात: 9:30 बजे से समिति के आचार्य पंडित हरिशंकर मिश्रा एवं प्रकांड विद्वान पंडितो द्वारा पूजा संपन्न कराया जाएगा। इस पूजन समारोह में मुख्य यजमान के रूप में सुरेश मंत्री अपनी अर्धांगिनी के साथ होंगे। चैती दुर्गा पूजा समिति इस महा रुद्राभिषेक कार्यक्रम में गुमला जिला के सभी सनातनियों, हिंदू भाई- बहनों एवं माताओ से आग्रह करती है कि कार्यक्रम में ससमय पर सम्मिलित होकर एवं भगवान भोले के शिवलिंग पर दुग्ध अर्पित कर पुण्य के भागी बने। पूजन के उपरांत अपराह्न 1:00 से 4:00 बजे तक महा भंडारे का आयोजन किया जाएगा। हमारे शास्त्रों में बताया गया है की रुद्राभिषेक करने से भगवान शिव बहुत प्रसन्न होते हैं और व्यक्ति की मनोकामनाएं पूरी होती है। रुद्राभिषेक से व्यक्ति को शिव की कृपा मिलती है और वह कई तरह की समस्याओं से मुक्ति पता है। बैठक में समिति के सचिव सरजू प्रसाद साहू, संजीव उर्वशी, निर्मल गोयल, राजीव कुमार, महेश कुमार गुप्ता, निर्मल अग्रवाल, रितेश कुमार, शंभू नारायण चौरसिया, विजय सोनी, जयंत मुखर्जी, दुर्गा गुप्ता मोहित गुप्ता नितेश लाल, विशाल, किशोर फोगला आदि उपस्थित थे।

### नशामुक्ति अभियान के तहत गुमला में लिजेंड कप नाइट क्रिकेट मैच 8 मार्च से



गुमला। शहर के तेलंगा खड़िया स्टेडियम में लिजेंड कप सीजन-टू नाइट क्रिकेट मैच को लेकर शनिवार को मॉर्निंग क्रिकेट क्लब गुमला के खिलाड़ियों की बैठक हुई। बैठक में बताया गया मैच आठ मार्च से शुरू होगी जो 12 मार्च तक चलेगा। इससे पहले सात मार्च को फैंसी मैच गुमला शहर के प्रबुद्ध टीमों के बीच होगी। पांच दिनों तक चलने वाले इस क्रिकेट मैच में गुमला जिला के अलावा लोहरदगा, सिमडेगा, खूंटी व छत्तीसगढ़ राज्य के जशपुर जिला की टीम भाग लेगी। सभी मैच दूधिया रोशनी में कैनवस बॉल से होगी। ग्राउंड में स्क्रीन लगाया जायेगा। जिससे दर्शक मैच स्क्रीन पर भी देख सकेंगे। इसके अलावा कई सोशल मीडिया चैनल में मैच लाइव दिखाया जायेगा। ताकि लोग घर बैठे भी मैच का आनंद ले सकेंगे। यह मैच मॉर्निंग क्रिकेट क्लब गुमला द्वारा आयोजित है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए क्रिकेट मैच के संयोजक रोहित उरांव व अध्यक्ष दीपक वर्मा काजू ने कहा है कि ग्राउंड को आकर्षक ढंग से सजाया जायेगा। ग्राउंड में रात्रि कैंटिन भी लगेगा। जहां दर्शकों व खिलाड़ियों के लिए खाने की व्यवस्था रहेगी। बाजार मूल्य पर कैंटिन का लाभ लोग ले सकते हैं। गुमला में क्रिकेट खेल को बढ़ावा देने व नशामुक्त गुमला अभियान के तहत यह मैच हो रहा है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए दूसरे जिले के खिलाड़ियों को भी आमंत्रित किया गया है। जिससे मैच का भव्य आयोजन किया जा सके। उन्होंने गुमला के खेल प्रेमियों से अपील किया है कि मैच का आनंद लेने के लिए ग्राउंड जरूर आये। हर दिन मैच शाम छह बजे से शुरू हो जायेगा जो रात्रि 11 बजे तक चलेगा। बैठक में क्लब के कई सदस्य मौजूद थे।

### पोस्टमैन ने किया आत्महत्या



गुमला। गुमला थाना क्षेत्र के डुमरडीह गांव निवासी 27 वर्षीय ललित लकड़ ने कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर हाल बुरा है। मृतक पोस्टमैन था। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया की डुमरडीह के ललित लकड़ा ने शनिवार को सल्फास नामक कीटनाशक का सेवन कर लिया। जिसके बाद तबियत बिगड़ने लगी। जिसे देख परिजनों द्वारा आनन फानन में सदर अस्पताल लेकर उसे पहुंचे। जहां जांच के बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। घटना को लेकर गुमला पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस अस्पताल पहुंचकर परिजनों से जानकारी लेने के बाद मामले की छानबीन में जुट गई।

### सरहुल संचालन समिति की बैठक आज

गुमला। केंद्रीय सरहुल संचालन समिति गुमला की बैठक दिनांक 16 फरवरी दिन रविवार को अपराह्न 1:00 बजे से उरांव क्लब दुन्दुरिया में होगी। बैठक में सरहुल महोत्सव के संबंध में विचार विमर्श किया जाएगा। साथ ही साथ समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों का चुनाव कराया जाएगा। यह जानकारी समिति के सचिव दीपनारायण उरांव ने देते हुए बैठक में सभी सदस्यों से भाग लेने की अपील की।

### योग परिवार के 21 सदस्य कुंभ स्नान के लिए रवाना

गुमला। योग परिवार के सदस्य शनिवार को कुंभ स्नान के लिए यात्री बस से रवाना हुए। टीम में 21 सदस्य शामिल हैं। योग परिवार के अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल के नेतृत्व में टीम रवाना हुई है। टीम में अशोक कुमार जायसवाल, शंकर लाल जाजोदिया, योगेंद्र प्रसाद, मुरली मनोहर प्रसाद, किरण देवी, सरस्वती प्रसाद, रेणु देवी, जयकांत राय, सरिता देवी, गुलाबचंद प्रसाद, अनुराधा प्रसाद, संजय साहू, शशि किरण जयसवाल, विष्णु अग्रवाल, वर्षा अग्रवाल, सत्येंद्र गुप्ता, ममता देवी, प्रेमा देवी, शिवकुमार लाल, रीता लाल, पीयूष अग्रवाल शामिल हैं।

## बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में द्वितीय गुमला लिटरेचर फेस्टिवल कार्यक्रम आरंभ





**खबर मन्त्र संवाददाता**

कार्यक्रम में देश के ख्याति प्राप्त लेखक, साहित्यकार, कथाकार व रचनाकर शामिल हो रहे हैं

**गुमला।** बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में जिला प्रशासन गुमला द्वारा आयोजित तीन दिवसीय द्वितीय गुमला लिटरेचर फेस्टिवल कार्यक्रम आरंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ आगत अतिथियों के साथ उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, एसपी शंभू कुमार सिंह सहित कई वरीय अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर की। कार्यक्रम में बाहर से आये अतिथियों को मोमेंटो व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। वहीं अतिथियों ने उपस्थित लोगों के बीच अपना वक्तव्य रखा और साहित्य को जीवन में स्थान देने की बात कही। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि यह कार्यक्रम जिले के साहित्य प्रेमियों के लिए एक ऐतिहासिक अवसर होगा। जिसमें हजारों की संख्या में विभिन्न प्रकाशकों एवं लेखकों की पुस्तक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। नागरिकों के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक गतिविधियों, गुमला हाट एवं जिले से जुड़े महत्वपूर्ण उत्पादों की प्रदर्शनी तथा लाइव शो का भी आयोजन किया जाएगा। पूरे आयोजन स्थल की भव्य सजावट की गई है। जिससे आगंतुकों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। कार्यक्रम को लेकर पार्क में निशुल्क प्रवेश की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में टॉक शो, ओपन माइक सहित कई साहित्यिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। मौके पर डीडीसी दिलेश्वर महतो सहित देशभर के ख्यातिलब्ध लेखक, कवि, साहित्यकार, कथाकार एवं रचनाकार उपस्थित हुए।

## श्री संकट मोचन बड़ा हनुमान मंदिर का 24वां वार्षिक उत्सव धूमधाम से संपन्न





**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले के शहरी क्षेत्र गुदरी बाजार स्थित श्री संकट मोचन बड़ा हनुमान मंदिर का 24वां वार्षिक उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह से पूजा अर्चना और हवन के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। दोपहर में विशेष भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमे काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किए। 2002 में मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कराया गया था तब से इस मंदिर का महत्व बढ़ने लगा और लोग अपनी मनोकामना लेकर इस मंदिर में पहुंचते है। हर मंगलवार को मंदिर में विशेष पूजा अर्चना कराई जाती हैं, जिसमें श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी जाती है। वही 24 वां वार्षिक उत्सव को लेकर भगवान हनुमान जी के प्रति लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा। वही मंदिर समिति की ओर से वार्षिक उत्सव को लेकर फूलों से पूरे मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया गया है और संध्या आरती और जागरण का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति के सभी लोग जुटे रहे।

## चोरी की घटनाओं से व्यापारी अपने को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं : शिशिर

### गुमला शहर में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**गुमला।** शहर में हाल के दिनों में चोरी की घटनाओं में बे-तहाशा वृद्धि ने व्यापारियों के बीच भय और असुरक्षा का माहौल पैदा कर दिया है। लगातार हो रही इन आपराधिक गतिविधियों के कारण व्यापारियों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। जिससे उनके व्यवसाय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। शहर के समाज सेवी सह व्यापारी शिशिर गुप्ता ने इस गंभीर समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने कहा कि व्यापारी दिन-रात मेहनत करके अपनी रोजी-रोटी कमाते हैं। लेकिन बढ़ती चोरी की घटनाओं ने उन्हें असुरक्षित महसूस कराया है। यदि समय रहते इस पर लगाम नहीं लगाई गई, तो व्यापारियों का मनोबल गिर सकता है और व्यापारिक गतिविधियों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने शहर में पुलिस गश्त को और सख्त करने तथा संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने की मांग गुमला पुलिस से की है। साथ ही सीसीटीवी कैमरे लगाने की व्यवस्था को मजबूत बनाने पर जोर दिया है। जिससे अपराधियों की पहचान में सहायता मिल सके। चोरी की घटनाओं में शामिल अपराधियों को शीघ्र पकड़कर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने व व्यापारियों और पुलिस प्रशासन के बीच संवाद स्थापित कर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने का सुझाव दिया। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि व्यापारियों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए ताकि वे बिना किसी भय के अपने व्यवसाय का संचालन कर सके।

### ई-जनशिकायत कार्यक्रम में बिशुनपुर व पालकोट के नागरिकों की डीसी कर्ण सत्यार्थी ने सुनी समस्या, कहा

## पंचायत और ग्राम स्तरों की समस्याओं का निष्पादन ग्राम सभा में करें अधिकारी

संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्या का त्वरित निष्पादन का डीसी ने दिया निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



ऑनलाइन लोगों की समस्या सुनते डीसी कर्ण सत्याथी।

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित हुए साप्ताहिक ई-जनशिकायत कार्यक्रम में पालकोट और बिशुनपुर प्रखंड के नागरिकों ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर अपनी समस्याओं को रखा। कार्यक्रम में पालकोट और बिशुनपुर प्रखंड से लगभग 30 से अधिक आवेदकों ने अपनी समस्याओं का विवरण दिया। इन समस्याओं में पेंशन, राशन, पीएम किसान योजना और अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दे शामिल थे। उपायुक्त ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित बीडीओ को आवश्यक समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान करने का निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य रूप से पीसीसी बनाने तथा सड़क निर्माण के सम्बन्ध में कई गांव के ग्रामिणों ने वीसी के माध्यम से समस्याओं को रखा। इसके अलावा भी कई समस्याओं का समाधान प्रखंड स्तरों पर संबंधित बीडीओ के माध्यम से ऑन द स्पॉट किया गया। नागरिकों द्वारा उठाए गए मुद्दों में सड़क निर्माण, पुलिया निर्माण, पेंशन योजना, नाली निर्माण, राशन, जलमीनार मरम्मती, चैकडेम निर्माण, आवास संबंधित सहित अन्य समस्याएं थी। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सभी समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्थानीय रूप से जिन समस्याओं का समाधान किया जा सकता है उसका त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया, इसके साथ ही पंचायत एवं ग्राम स्तरों की समस्याओं के निष्पादन हेतु ग्राम सभा करते हुए उक्त समस्याओं के निवारण करने के निर्देश दिए।

### चैनपुर प्रखण्ड में अनुमंडल स्तरीय पुस्तक मेला का आयोजन 18 को

**गुमला।** पुस्तक प्रेमियों के लिए एक शानदार अवसर आने वाला है। इस वर्ष पहली बार चैनपुर प्रखण्ड के लूथरन हाई स्कूल मैदान में 18 फरवरी को अनुमंडल स्तरीय पुस्तक मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस भव्य पुस्तक मेले में देश के प्रमुख प्रकाशन समूह हिस्सा लेंगे। यह आयोजन साहित्य, इतिहास, विज्ञान, कला और संस्कृति समेत विभिन्न विषयों की पुस्तकों के संगम का साक्षी बनेगा। मेले में 10 विभिन्न स्टॉल्स लगेंगी जो हर आयु वर्ग के लिए ज्ञान और मनोरंजन का केंद्र साबित होगा। इसके अतिरिक्त मेले में विभिन्न कार्यक्रमों की प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम और वाराणसी के क्रिएटिव पपेट थिएटर ट्रस्ट द्वारा बिरसा मुंडा के जीवन पर आधारित पपेट शो जैसे आकर्षक कार्यक्रम होंगे। इस मेला का आयोजन एसडीओ, बीडीओ चैनपुर, जेएसएलपीएस व अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के द्वारा किया जा रहा है। पुस्तक मेला में अधिक से अधिक संख्या में भाग ले कर विभिन्न प्रकार की पुस्तकों से रूबरू हों और मेला को सफल बनाए।

## गुमला : एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम में पुलवामा हमले के शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** पुलवामा हमले में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देने हेतु खरका गांव में शुक्रवार की संध्या गुमला सत्या चैरिटेबल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के द्वारा एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गुमला जिला के विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। जिसमें पद्मश्री मधु मंसुरी, डॉ शकुंतला मिश्रा, भिखारी भगत, डॉ मृणालिनी अखौरी, कृष्ण कलाधर, महावीर साहु, पवन रॉय, पंकज रॉय, चिंता देवी, सुमन गुप्ता, दिलीप गोप, सीमा देवी, सतीश पाठक, शंकर नायक, अजय पाण्डेय, लक्ष्मी बाखला, पंकज सिंह, नौशाद खान, सयैद जुन्नू रैन, डॉ प्रकाश राम, अमरजीत दुबे, श्री निवास राव, हफीजुर रहमान, नीरज महतो, विकास साहु, आरीफ आबदीन, श्रेया उरांव, अनुष्का तिवारी, ज्योति कुमारी, हर्षित राज, प्रियांशु तिर्की, विवेकानन्द तिवारी, महावीर लोहरा, सद्दाम अंसारी सहित कई लोगों को झारखंड विभूति सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में प्रवीण तिवारी, मिशिर कुजूर, दीपांकर साहु, युगांत दूबे, मनोज बड़ाईक, अमित तिवारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### नाबालिग के अपहरण एवं दुष्कर्म के मामले में आरोपी को भेजा गया जेल

**कुडू, लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र में नाबालिग के अपहरण एवं दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। नाबालिग पीड़िता की मां ने अपने लिखित आवेदन में बताया कि उनकी पुत्री विगत 10 फरवरी को कुडू ब्लॉक मोड़ स्थित प्लस 2 प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय गई थी उसके बाद वापस नहीं आई। काफी खोजबीन के बाद जब पता नहीं चला तो 12 फरवरी को कुडू थाना को इसकी लिखित सूचना दी गई। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने एक टीम गठित कर मामले की जांच करवाई एवम 14 फरवरी को रांची से नाबालिग पीड़िता को बरामद एवम आरोपी को गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि आरोपी बरहे चन्हों निवासी स्व जयराम लोहरा के पुत्र राहुल लोहरा के द्वारा पीड़िता का अपहरण एवं दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है। कांड संख्या 19/25 धारा 96/ 65(1)/ 351 (2)/ 4/6 पॉस्को एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### नाबालिक बच्ची के लापता होने का सनहा दर्ज



सेन्हा-लोहरदगा। भड़गांव बेड़ा टोली से नाबालिक बच्ची के लापता की सूचना पर सेन्हा थाना में सनहा दर्ज कर पुलिस कारवाई में जुटी गई। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गांव बेड़ा टोली निवासी प्रदीप उरांव ने 13 फरवरी को आवेदन के माध्यम से थाना प्रभारी अजित कुमार को अवगत कराते हुए बताया कि 6 फरवरी को मेरी पुत्री गांव में ही शादी समारोह में गई हुई थी। परन्तु वहां से घर नही आई तो अपने स्तर से छानबीन कर खोजने लगा परंतु आज तक मेरी पुत्री सोनी कुमारी का कोई सुराग नही मिला। वही थाना प्रभारी को अवगत कराते हुए लापता नाबालिक बच्ची को सकुशल बरामद करने का पिता ने अनुरोध किया है। थाना प्रभारी ने कहा कि नाबालिक बच्ची का लापता होने से संबंधित आवेदन प्राप्त हुआ है। जिसके आलोक में पुलिस द्वारा कारवाई किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने आमजनों से अपील करते हुए कहा कि लापता बच्ची की सूचना मिलने पर पुलिस को सूचित करें।

### चोरी की घटना में शामिल दो अभियुक्त गिरफ्तार

**गुमला।** शहर के पंजाबी गली निवासी गगन दीप सिंह के घर में हुए चोरी के मामले का गुमला पुलिस ने खुलासा कर लिया है। चोरी की घटना में शामिल दो अभियुक्त आजाद बस्ती निवासी मो साहिल अंसारी व अंबेडकर नगर निवासी मो असफाक खान को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के निशानदेही पर चोरी के तीन मोबाईल, सात हजार रूपया व चांदी के जेवर बरामद किया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह नें बताया कि चोरी की घटना के बाद आस-पास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया। जिससे चोरों की पहचान की गई।

## फसल सुरक्षा योजना के तहत प्रशिक्षण प्रारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सेन्हा-लोहरदगा।** फसल सुरक्षा योजना के तहत प्रखंड क्षेत्र के उगरा पंचायत में तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारम्भ हुआ.आयोजित प्रशिक्षण शिविर में किसानों को फसल का बचाव के बारे में जानकारी देते हुए प्रदान संस्था के प्रशिक्षक एलियस कच्छप व एएटीम सुमन कुमार ने बताया कि जैविक तरीके से खेती करने और खर पतवार का नियमित साफ सफाई करने तथा जैविक तरीके से बीजोपचार, जीवामृत, केंचुआ खाद, निमास्त खाद, कम्पोस्ट, शिवांश खाद, ब्रह्मास्त्र सहित विभिन्न तरह का खाद व बीज का उपयोग के बारे खेती को बढ़ावा देने के लिये प्रशिक्षण के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई। वही जिप सदस्य राधा तिर्की ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेती करने में रसायनिक खाद का उपयोग करने से मिट्टी कठोर हो रहा है। तथा जल स्तर भूगर्भ में चला जा रहा। रसायनिक खाद से मनुष्य ही नही पशु पक्षी जीव जंतु को भी काफी नुकसान हो रहा है। इस लिये सभी लोग जैविक तरीके से खेती करें। वही जिप सदस्य द्वारा सफल किसानों को सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। मौके पर अनिल सिंह, शौकत अंसारी, जयप्रकाश सिंह, विशाल सिंह, उमेश हजाम, गुलजार अंसारी, अनिता उरांव, गंगोत्री कुमारी, प्रभाकर सिंह, रेणु कुमारी, परदेशिया उरांव, सोनी उराइन समेत किसान उपस्थित थे।

### अभियुक्त के घर चिपकाया इश्तेहार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा थाना प्रभारी तरुण कुमार ने शनिवार को गुमला प्रखंड के गढटोली डुमरडीह में जेजेएमपी के सक्रिय सदस्य पवन उरांव उर्फ पवन महतो उर्फ पवन कुम्हार पिता उदय महतो उर्फ उदय कुम्हार के घर इश्तेहार चिपकाया। मालूम हो कि 2021 में घाघरा थाना क्षेत्र में आगजनी की घटना को अंजाम दिया था। जिसमें वह संलिप्त था। पवन की गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयासरत थी लेकिन वह हमेशा घर से फरार रहता था। जिसके बाद न्यायालय से निर्गत इश्तेहार उसके घर में चिपकाया गया। साथ ही परिजनों को यह जानकारी भी दी गई कि आरोपी समय पर आत्मसमर्पण कर दें। अन्यथा आगे की कार्रवाई करते हुए कुर्की जब्ती किया जायेगा।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


## बिहार में आयोजित हॉकी प्रतियोगिता में कामडारा डे बोर्डिंग की टीम रही उप विजेता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

### वापस आने पर रांची में खिलाड़ियों का मिशन बदलाव टीम ने किया स्वागत



**गुमला।** पटना में आयोजित संजय गांधी मेमोरियल ट्राफी में कामडारा डे बोर्डिंग की लड़कियां ने अपनी बेहतर प्रदर्शन किया। हालांकि प्रतियोगिता के फाइनल में बिहार ने झारखण्ड की टीम को हरा दिया। झारखंड की टीम उपविजेता रही। मिशन बदलाव के भूषण भगत और मिशन बदलाव आदिवासी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष संजय बरला ने बताया कि पटना में आयोजित हॉकी टूर्नामेंट में कामडारा की लड़कियां ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए उपविजेता बनी। इसी क्रम में मोहनुल हक स्टेडियम में महिला हॉकी के सेमीफाइनल मैच खेले गए। पहला सेमीफाइनल मैच डे बोर्डिंग कामडारा ने जीता। जबकि दूसरा सेमीफाइनल मैच भी अपने नाम किया। 13 फरवरी को डे बोर्डिंग झारखण्ड और बिहार के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। बता दें कि सिक्स साईड महिला हॉकी के सेमीफाइनल मैच में खेल के अंत समय में 1-1 से बराबरी पर दोनों टीमें रही। झारखंण्ड की लड़कियों ने 6 मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किए हैं, जबकि की नीलांजलि ने 43 मिनट में गोल किए हैं। शूटआउट में बिहार की टीम ने 4-1 से मैच जीत लिया। डे बोर्डिंग के कोच अनिता होरो और सुषमा होरो ने बताया कि आगामी टूर्नामेंट में खिलाड़ियों को लेकर और मार्गदर्शन दिया जायेगा। जिससे बच्चे देश के लिये भी खेलेंगे और कड़ी मेहनत कर सफलता प्राप्त करेंगे।

## शिशु विद्या मंदिर कुडू में स्नेह मिलन समारोह का आयोजन, छात्राओं को किया गया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कुडू।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुडू में शनिवार को स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष विकास साहदेव एवं सचिव अनुराधा सिंह, प्रधानाचार्य रूपेश कुमार सिंह एवं सेंसई अमित सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। आयोजित कार्यक्रम में 10वी बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले भैया बहनों के साथ अंतर्राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन कर पदक प्राप्त करने वाली बहनों अनुष्का लोहारा, आर्या सिंह, गायत्री कुमारी, रिया कुमारी को विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष विकास साहदेव ने छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा के साथ खेल के क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर अपने साथ विद्यालय परिवार और परिजनों का नाम रोशन करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिव अनुराधा सिंह ने जीवन में आगे बढ़कर परिश्रम से सफलता अर्जित करने की बात कही। कार्यक्रम को सेंसई अमित सिंह, रूपेश कुमार, पार्वती देवी, पिंकी कुमारी, धनोज महतो आदि ने भी संबोधित किया। इस दौरान विद्यालय के भैया बहनों ने विद्यालय में बिताए खट्टी मीठी यादों को साझा किया।

मौके पर मानसी कुमारी, प्रतिमा कुमारी के साथ विद्यालय के सभी भैया बहने और विघार्थी कार्यक्रम में शामिल हुए।

# मनिका प्रखंड के खीराखाड़ में जनता दरबार का किया गया आयोजन

## डीसी, एसपी समेत जिला एवं प्रखंड के कई पदाधिकारी हुए शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत बिशुनबांध पंचायत स्थित खीराखाड़ गांव में दिन शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के डीसी,एसपी से लेकर सभी विभाग के पदाधिकारी शामिल हुए। वहीं खीराखाड़ गांव मूलभूत सुविधा से वंचित रहने के कारण अति पिछड़ा हुआ है। गांव में मुख्य रूप से सड़क,बिजली व पानी की समस्या व्याप्त है। गांव में सड़क नहीं रहने के कारण जिला के सारे पदाधिकारी मोटरसाइकिल से काफी कठिनाई के बाद चार किलोमीटर बिशुनबांध से खीराखाड़ गांव पहुंचे। गांव के ही स्कूल के पास जनता दरबार का आयोजन किया गया था। जहां सभी विभाग का अलग-अलग स्टॉल लगाया गया था। वहीं कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार ने उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता को पुष्प गुच्छा देकर व अंचल अधिकारी नंदकुमार राम ने पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को पुष्प गुच्छा देकर सम्मानित किए। साथ ही स्वयं सहायता समूह सखी मंडल के दीदियों ने सभी पदाधिकारियों को पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लातेहार जिला के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने कहा कि यह प्रखंड के अति पिछड़ा गांव है जो बिजली,पानी व सड़क के मुख्य समस्या से जूझ रहा है। इस गांव को जल्द ही प्राथमिकता के साथ मूलभूत सुविधा मुहैया कराई जाएगी। उपायुक्त श्री गुप्ता ने कहा की सरकार द्वारा कल्याण गुरुकुल में युवक एवं युवतियों के प्रशिक्षण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है जहां युवक के लिए मोबाइल एवं युवतियों के लिए सिलाई का कार्य सिखाया जा रहा है,जहां पर 18 वर्ष से ऊपर के युवक एवं युवति प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि ग्रामीण जनता अपनी कोई भी समस्या को लेकर हमारे पास आ सकते हैं। वहीं पुलिस अधीक्षक ने लोगों को शिक्षित करने व समाज से जुड़कर रहने की बात कहा। वहीं कार्यक्रम में सभी विभाग के लोग अपने-अपने विभाग के बारे में उपस्थित लोगों के बीच जानकारी दिए। इस दौरान कार्यक्रम में फूलों झानों योजना के तहत सोबतिया देवी एवं मंजू तिग्गा को 50 हजार रुपए व कमला स्वयं सहायता समूह को 3 लाख रुपए का चेक और सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत तीन लाभुकों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। वहीं कार्यक्रम के उपरांत डीसी, एसपी, समेत अन्य पदाधिकारियों ने पूरे गांव का भ्रमण किया और ग्रामीणों के समस्याओं से रूबरू हुए। साथ ही खीराखाड़ गांव के ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं से पदाधिकारियों को अवगत कराया। वहीं उपायुक्त श्री गुप्ता ने मनरेगा योजना अंतर्गत गांव में कोई भी कार्य नहीं रहने के कारण स्थानीय मुखिया को भी फटकार लगाया। बता दें कि गांव में जनता दरबार के आयोजन को लेकर प्रशासन सुबह से ही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ गांव में जमे हुए थे। वहीं कार्यक्रम के समापित के बाद डीसी, एसपी, समेत तमाम पदाधिकारी गांव में ही भोजन किए। प्रशासन की कड़ी सुरक्षा के होने के बाद भी वापसी के समय अज्ञात लोगों ने रास्ते में बड़े-बड़े पत्थर रखकर रास्ता को अवरुध किया। जिसे देखकर कई लोगों ने कई तरह के अर्थ निकालते हुए देखे गए। वहीं कुछ लोगों ने कहा कि यह प्रशासनिक चूक है तो कुछ लोगों ने कहा कि गांव में जाने का रास्ता नहीं रहने के कारण ग्रामीण आक्रोशित हैं। जिसके चलते इस तरह के रास्ता में पत्थर रख दिए हैं। मौके पर उप विकास आयुक्त सुरजीत सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक, अपर समाहर्ता, परियोजना पदाधिकारी आईटीडीए, खाद आपूर्ति पदाधिकारी, समाज कल्याण पदाधिकारी, सिविल सर्जन, समेत कई लोग उपस्थित थे।



कार्यक्रम में उपस्थित डीसी,एसपी व अन्य पदाधिकारी।



## झारखंड कांग्रेस के नए प्रभारी के. राजू को चंदवा प्रखंड कमिटि ने दी बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** वरिष्ठ नेता के. राजू को झारखंड प्रदेश कांग्रेस का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने शुक्रवार देर रात इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। झारखंड कांग्रेस के नए प्रभारी के. राजू को, चंदवा प्रखंड कांग्रेस कमिटि ने बधाई और शुभकामनाएं दी है। प्रखंड अध्यक्ष असगर खान ने कहा कि के राजू 1981 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा आईएएस अधिकारी रहे हैं, उन्होंने अपने प्रशासनिक कार्यकाल के दौरान आंध्र प्रदेश के नेल्लोर और कुरनूल जिलों के कलेक्टर के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभालीं। प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद वे 2013 में कांग्रेस पार्टी से जुड़े, वर्तमान में वे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एआईसीसी के अनुसूचित जाति (एससी) अनुसूचित जनजाति (एसटी) अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और अल्पसंख्यक विभागों के राष्ट्रीय समन्वयक के रूप में कार्यरत हैं। इनके झारखंड के नए प्रभारी बनने से राज्य में कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिलेगी। नए प्रभारी के रूप में उनकी नियुक्ति पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है। पार्टी संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनावों में कांग्रेस की स्थिति को बेहतर बनाने की दिशा में उनके नेतृत्व में मजबूती मिलेगी। झारखंड में कांग्रेस को नया रणनीतिक दृष्टिकोण देने के लिए के. राजू की प्रशासनिक और राजनीतिक अनुभव का लाभ पार्टी को मिलेगा।

## चंदवा के तोरार में पुलिस ने बड़े पैमाने पर अफीम की खेती को किया नष्ट

### एसपी के निर्देश के बाद से अफीम की खेती के विरुद्ध लगातार हो रही कार्रवाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** जिले के पुलिस कप्तान कुमार गौरव के द्वारा बीते दिनों जिले में तेजी से फल फूल रहे मादक पदार्थ अफीम पोस्ता के एक-एक पौधे को नष्ट कर कार्रवाई करने को लेकर निर्देश जारी किए जाने के बाद से पुलिस के द्वारा अवैध रूप से लगाये गए मादक पदार्थ अफीम की खेती के विरुद्ध लगातार कार्रवाई जारी है। एक सप्ताह के दौरान हुटाप पंचायत के तोरार वन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अफीम की खेती को नष्ट किया गया। शनिवार को पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार की अगुवाई में पुलिस की टीम ने विशेष अभियान चलाकर थाना क्षेत्र अंतर्गत हुटाप पंचायत के तोरार गांव के समीप वन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर लगाये गए अफीम (पोस्ता) की खेती को नष्ट किया। विदित हो कि तोरार का जंगली इलाका गत कई वर्षों से अफीम की खेती के लिए चर्चा में रहा है। लगभग एक माह के दौरान चंदवा पुलिस व वन विभाग की टीम द्वारा इसी स्थान के आसपास कई एकड़ में लगे अफीम की खेती को नष्ट किया था, लेकिन महज कुछ सप्ताह में पुनः बड़े पैमाने पर अफीम की खेती का तैयार हो जाना कहीं न कहीं इस धंधे में संलिप्त लोगों के दुस्साहस को दशार्ता है। बता दे कि अफीम की खेती पर रोकथाम को लेकर राज्य में सख्त कानून बनाया गया है। जो भी व्यक्ति इसकी खेती करते पकड़े जाते हैं उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई किये जाने का प्रावधान है, लेकिन अधिकांश मामलों में बड़े ही चालाकी से इस धंधे में संलिप्त लोग बच जाते हैं। चुकी इस धंधे में शामिल लोग सुदूरवर्ती जंगलों में नदी किनारे खाली पड़े वन भूमि का इस्तेमाल अफीम की खेती के लिए करते हैं। इस कारण जब कार्रवाई की बात आती है तो किसी का नाम ही सामने नही आ पाता है।



पोस्ता की खेती का नष्ट करती पुलिस।

## एक नजर में

### आवेदन देकर केश से नाम हटवाने की लगाई गुहार



**बारियातू।** थाना क्षेत्र के गोनिया पंचायत अंतर्गत नावाडीह ग्राम निवासी रामखेलावन गंझु पिता पिता लक्ष्मी गंझु द्वारा लातेहार पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर बारियातू थाना कांड संख्या 13/2025 धारा 15 (सी)17 (सी) 18 (बी) 22 ,25 ,29 एनडीपीएस एक्ट मे दिए गए नाम को हटवाने की गुहार लगाया है। वहीं आवेदन के माध्यम से बताया है की उक्त कांड मेरे और अन्य के विरुद्ध दर्ज हुआ है। ग्रामीण एंव गुप्तचर के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुआ है की मेरे नाम से प्राथमिकी दर्ज किया गया है। जबकि पोस्ता जैसे किसी भी अपराध मे मै सम्लिप्त नहीं रहा हूँ और न मेरे द्वारा पोस्ता से सम्बंधित किसी प्रकार का केस दर्ज है। किसी ने व्यक्तिगत विवाद को साधने के उदेश्य से उक्त कांड में नाम देकर फसाया जा रहा है। मै खेती बारी कर अपना परिवार का जीवन यापन करता हूँ। मेरे चार बच्चे हैं जो पढ़ाई लिखाई करते हैं। इस मुकदमा मे फसाये जाने से मेरे परिवार का जीवन अंधकार मे फंस जायेगा। इसलिए उचित जांच कर उक्त कांड मुक्त कराने की गुहार लगाई है।

### 20 एकड़ में लगे अफीम की खेती को किया नष्ट



नष्ट करती पुलिस।

**बालूमाथ।** बालूमाथ वन क्षेत्र के बालूभांग पंचायत अंतर्गत करमाटांड़, इन्दुआ, बुढ़ी सखुआ ग्राम में रैयती, गैरमजरुआ और वनभूमि में लगे लगभग 20 एकड़ अवैध पोस्ते की खेती को पुलिस और वन विभाग के संयुक्त अभियान चला कर नष्ट किया है। प्रभारी फॉरेस्टर आनंद कुमार चौधरी ने बताया कि इस संयुक्त अभियान में लगे अफीम को ट्रैक्टर, ग्रास कटर और लाठी डंडों की सहायता से पीटकर विनष्टीकरण किया गया। जल्द ही अवैध अफीम की खेती करने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज की जाएगी। मौके पर बरियातू थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार सिंह और बालूमाथ वन क्षेत्र पदाधिकारी नंदकुमार मेहता के साथ साथ अन्य पुलिस पदाधिकारी और वनकर्मी भी शामिल थे।

### उड़ते धूलकण से परेशान ग्रामीणों ने की बैठक, विधायक ने किया समर्थन



संबोधित करते प्रकाश राम।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में संचालित कुशमाही रेलवे कोल साइडिंग में उड़ते धूल कण से परेशान ग्रामीणों ने एक बैठक किया। जिसमें लातेहार के भाजपा विधायक प्रकाश राम शामिल हुए और ग्रामीणों की मांग को जायज बताया। मौके पर बोलते हुए विधायक प्रकाश राम ने कहा कि कुसमाही रेलवे साइडिंग में चलने वाले कोयला वाहनों एवं साइडिंग से उड़ते धूलकण से ग्रामीण परेशान है। कुसमाही रेलवे साइडिंग के धूलकण के कारण खेत बंजर हो गए हैं और लोग खेती नही कर पा रहे। यह साइडिंग नियम के विरुद्ध चलाया जा रहा है। लोग बीमारी के आगोश में समाते जा रहे इसलिए यह साइडिंग बंद होना चाहिए अगर इसपर प्रशासन पहल नहीं करती तो हजारो ग्रामीणों के साथ मिलकर शीघ्र ही बडा आंदोलन करेंगे। मौके पर धाधु पंचायत मुखिया कुमारी भगवती, रेखा देवी, सविता देवी, सुधा देवी, चिंता देवी, सविता देवी, मुरारी गंझू, निलेश गंझू, टीरु गंझू, मोहन गंझू, बैजनाथ ठाकुर, कपिल देव ठाकुर, अमेरिका यादव, प्रकाश यादव, संतोष यादव, शिवकुमार राम, दिनेश यादव, नंदकुमार यादव, शिवकुमार राम, बाबूलाल लोहरा लवली देवी समेत सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

## हथियार समेत 5 अपराधी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



जानकारी देती पुलिस।

बालूमाथ। बालूमाथ पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने बड़ी घटना को अंजाम देने पहुंचे पांच अपराधियों को हथियार सहित गिरफ्तार किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी ने बालूमाथ थाना में प्रेस वार्ता ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि शोषण मुक्त संगठन के नाम से संगठन बनाकर चंदवा, बालूमाथ के विभिन्न ईंट भट्ठा व्यवसाययों एवं बालूमाथ में कंस्ट्रक्शन का काम करने वाले साई कृपा कंस्ट्रक्शन समेत कई ठेकेदार लोगों को लेवी के लिए धमकाया जा रहा था।सूचना के बाद लातेहार एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया। इसके बाद बालूमाथ के बकरू रेलवे साइडिंग के जंगल के पास से सभी लोगों को पकड़ा गया। इन लोगों के पास से पांच एंड्राइड फोन, चार कीपैड फोन, एक देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है।

वही गिरफ्तार अपराधियों में मोहन गंझु 35 वर्ष पिता गोपाल गंझु ग्राम जतराटांड शेरेगड़ा थाना बालूमाथ निवासी, सागर तुरी 24वर्ष पिता जगदेव तुरी ग्राम शेरेगड़ा थाना बालूमाथ बिवासी, कुलदीप गंझु 25 वर्ष पिता लालू गंझु ग्राम बोदा थाना चंदवा,लक्ष्मण गंझु 20वर्ष पिता दशरथ गंझु ग्राम चामा थाना चान्हो एवं एक नाबालिक शामिल है। वहीं इस छापेमारी दल में बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर परमानंद बिरुआ, पिकेट प्रभारी अनुभव सिन्हा, एस.आई होसेन डांग, विकास कुमार, संतदेव कुमार समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। वही गिरफ्तार अपराधियों में लक्ष्मण गंझु पर चान्हो थाना में वर्ष 171/2023 एक मामला दर्ज है। वहीं मोहन गंझु ऊपर बालूमाथ थाना में वर्ष 42/2017 में मामला दर्ज है।

## ट्रेक्टर, लाठी डंडे व घांस कटर से 60 एकड़ मे लगाए गए पोस्ता खेती को किया नष्ट

➲ 2025 मे दोनों वार्ड सदस्यों को मिलाकर अभी तक 105 लोग से भी अधिक नामजद अभियुक्त

खबर मन्त्र संवददाता



नष्ट करती पुलिस।

**बारियातू।** थाना क्षेत्र बालूभांग पंचायत अंतर्गत ग्राम गुरुवे, इंदुवा में लगे पोस्ता अफीम के फसल को ट्रैक्टर एवं घांस कटर, एवं लाठी डंडों से पीटकर 60 एकड़ मे विनष्ट किया गया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया की लगातार कार्रवाई जारी है। जहरीले नशे अफीम पोस्ते की खेती करने वाले किसी हाल से नहीं बख्शे जायेंगे। निर्दोष फसेंगे नहीं और दोषी चाहे जितना दम लगा ले बचेंगे नहीं। इसके पूर्व भी लगातार कार्रवाई कर पोस्ता खेती को नष्ट किया गया। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी की देख रेख मे थाना प्रभारी के नेतृत्व मे ग्राम डाकादिरी व ग्राम इंदुआ में लगे पोस्ता की खेती के विनष्टीकरण के पश्चात बारियातू थाना कांड संख्या भी दर्ज किए गए हैं। जिसमें दोनों कांडों को मिलाकर दोनों वार्ड के वार्ड सदस्य सहित 70 लोगों से भी अधिक पोस्ता खेती करने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। जबकी वर्ष 2025 मे अबतक बालूभांग, गोनीया, शिबला पंचायत के विभिन्न गांवों में 180 एकड़ से भी अधिक पोस्ता(अफीम) जैसे जहरीले नशीली फसल को विनष्ट किया गया है। जिसमे 105 से भी अधिक नामजद एवं अन्य अज्ञात दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस लगातार कार्रवाई जारी रखेगी। अभियान मे मुख्य रूप से बारिया थाना कमीयों का अहम योगदान रहा है।

## इंदिरा गांधी पेंशन योजना के लाभुकों को 5 माह से नहीं मिली पेंशन

**चंदवा।** प्रखंड में इंदिरा गांधी वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन एक विकलांग पेंशन में लगभग 6 हजार लाभुकों का पेंशन भगतान गत अक्टूबर 2024 से लंबित है। पेंशन भुगतान नहीं होने के कारण इसके लाभुकों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। पांच महीना से भुगतान नहीं होने से इनके रोजमर्रा के जीवन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई वृद्ध व दिव्यांग सही से अपना इलाज भी नही करा पा रहे हैं।उल्लेखनीय हो कि प्रखंड में इंदिरा गांधी पेंशन योजना के लगभग 6000 पेंशनधारी हैं। सभी को हर माह मिलने वाली पेंशन की राशि ही जीवकोपार्जन का आधार है। लेकिन इन्हें पेंशन नही मिल पा रहा है। जबकि दूसरी ओर राज्य सरकार के द्वारा दी जाने वाली सर्वजन पेंशन का जनवरी माह तक का भुगतान हो चुका है। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद ने बताया कि आवंटन नहीं रहने के कारण भुगतान लंबित है। आवंटन आते ही इन का भुगतान कर दिया जाएगा।

## मृतक बच्चे की पिता ने एक महिला की पिटाई से, बच्चे की मौत होने का लगाया आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ छठ तालाब के समीप रहने वाला जितेंद्र भुईया ने आरोप लगाते हुए कहा है कि 2 दिन पूर्व मेरा पुत्र प्रिंस कुमार मुहल्ले के एक अन्य बच्चे के साथ खेलने के दौरान आपस में झगड़ने लगे इसी बीच एक बच्चे की मां ने प्रिंस कुमार आठ वर्ष पिता जितेंद्र भुईया ग्राम रोहतास बिहार की डंडे से पिटाई कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों द्वारा घायल अवस्था में प्रिंस कुमार को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर अलीशा टोप्पो द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। लेकिन बच्चों के पिता की माली हालत खराब होने एवं मृतक के परिजन जागरूक नहीं होने के कारण उसे रिम्स नहीं ले गया और घर में ही रखकर दवा खिला रहा था। इसी बीच शनिवार को बच्चों की मौत हो गई। इसके बाद मृतक के पिता ने बच्चों को लेकर बालूमाथ थाना पहुंचा और थाना में जाकर इसकी शिकायत की। थोड़ी देर बाद ही मृतक के पिता ने अपना बयान बदलते हुए कहा कि मेरे पुत्र को महिला एक माह पहले पिटाई की थी मेरे पुत्र का तबीयत खराब रहता था और इसकी मौत तबीयत खराब होने के कारण हो गई।

इससे असमंजस की स्थिति उतपन हो गयी। इस संबंध में थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने कहा कि मृतक के पिता का मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहने के कारण वह अपना बयान बार-बार बदल रहा है। वही जिस महिला पर आरोप लगाया है वह महिला की भी मानसिक रूप से ठीक नहीं है। प्रथम दृष्टि से बच्चों की मौत बीमारी के कारण होना प्रतीत होता है फिर भी पुलिस सारे पहलुओं को एक साथ में रखकर जांच कर रही है।



मृतक बच्चा व जांच करती पुलिस।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में 'विश्व शांति यज्ञ हवन कार्यक्रम' का किया गया आयोजन



हवन करते शिक्षक व छात्र।

**लातेहार।** डीएवी पब्लिक स्कूल परिवार ने पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी शनिवार को लातेहार जिले में 'विश्व शांति यज्ञ हवन कार्यक्रम' आयोजित कर एक नया आयाम खड़ा किया है। राष्ट्र एवं सामाजिक उत्थान के लिए डीएवी स्कूल परिवार के द्वारा वैदिक हवन और विश्व शांति यज्ञ की श्रृंखला जो बीते वर्ष शुरू की गई थी। उस श्रृंखला को इस वर्ष पुनः प्रारंभ की गई। आज लातेहार जिले के पहाड़पुरी क्षेत्र में आयोजित विश्व शांति यज्ञ के मुख्य यजमान के रूप में शहर के प्रसिद्ध समाजसेवी सह विद्यालय के अभिभावक प्रतिनिधि लाल आशीष नाथ शाहदेव ने भाग लिया। सर्वप्रथम विद्यालय के बच्चों ने संगीत शिक्षक सूरज कुमार मिश्रा के नेतृत्व में मंत्रोच्चारण के साथ वैदिक हवन प्रारंभ किया। तत्पश्चात आर्य समाज के भजनों को गाकर वातावरण संगीतमय और पवित्र कर दिया। उपस्थित आगंतुक अतिथि डॉ. नरेश पांडेय, संजय कुमार तिवारी, मनोज पांडेय, संदीप तिवारी, ने कहा कि डीएवी विद्यालय परिवार की यह 'विश्व शांति यज्ञ' श्रृंखला की शुरूआत काफी सराहनीय और प्रशंसनीय है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी, बच्चे सहित कई अभिभावक आगंतुक उपस्थित थे।

## सेवानिवृत्ति उम्र 62 वर्ष करने को लेकर झारोटेफ का हस्ताक्षर अभियान जारी

**लातेहार।** चार्टर्ड ऑफ डिमांड की मांगों को लेकर झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एंड इंप्लाइज फेडरेशन (झारोटेफ) का हस्ताक्षर अभियान चल रहा है। प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत सिंह एवं प्रांतीय कमेटी के आह्वान पर मांगों को पूरा करने के लिए आवाज उठाई गई है। लातेहार जिला अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव एवं महासचिव प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में लातेहार के विभिन्न विभागो वन विभाग, प्रखंड कार्यालय, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय एवं भविष्य निधि कार्यालय लातेहार में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। कर्मचारियों का मुख्य मांगो में सभी सरकारी कर्मियों की सेवानिवृत्ति उम्र 62 वर्ष करने, शिक्षक संवर्ग को एमएसपी का लाभ देने एवं सभी कर्मचारियों को शिशु शिक्षण भता देने को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। आज के हस्ताक्षर अभियान में अविनाश, शिक्षा विभाग से राहुल कुमार, अरुण कुमार वर्मा, अनिल कुमार, परमेश्वर कुमार, संजय कुमार, भविष्य निधि कार्यालय से अनिल कुमार, वन विभाग से उमेश कुमार, सरिता देवी, विनय कुजूर, धर्मेंद्र कुमार, सोनू यादव, जितेश्वर राम, अंजना यादव सहित कई कर्मी शामिल थे।

## टोरी में आरओबी, एफओबी निर्माण समेत कई मांगो को लेकर झाविस ने रेल मंत्री को सौंपा ज्ञापन

# रेल के साथ हाजीपुर जीएम, डीआरएम धनबाद को भी कराया है अवगत

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** पूर्व मध्य रेल के धनबाद रेल मंडल अंतर्गत राजस्व देने के मामले में अहम रेलवे स्टेशन टोरी जंक्शन के घोर उपेक्षा, टोरी रेल ओवर ब्रिज निर्माण समेत विभिन्न मांगो को लेकर झारखंड विकास समिति द्वारा शनिवार को टोरी यातायात निरक्षक संजय कुमार को रेल मंत्री भारत सरकार, हाजीपुर जोन के जीएम व धनबाद डीआरएम के नाम ज्ञापन 9 सूत्री मांग पत्र सौंपा है। मांग पत्र में टोरी में आरओबी का निर्माण कराने, टोरी स्टेशन के पश्चिमी छोर पर पैदल आवागमन को लेकर बन रहे फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य रूका हुआ है इस कार्य को अविलम्ब चालू कराने, स्टेशन के पूर्वी छोर पर रेलवे फाटक के पास बने अंडर पास को चालू कराने, यदि यह अंडर पास सफल नहीं है तो एक नए अंडर पास का निर्माण उचित चौड़ाई और उचित ऊँचाई के साथ निर्माण कराने, टोरी शिवपुर रेलवे लाईन पर सवारी गाड़ी चलाने, वन्दें भारत एक्सप्रेस का ठहराव टोरी रेलवे स्टेशन पर सुनिश्चित कराने, टोरी रेलवे स्टेशन पर एम्बुलेंस की व्यवस्था कराने, टोरी राँची मेमो सवारी गाड़ी का रोजाना फेरा बढ़ाने, चंदवा शहर की ओर टिकट काउंटर खोलने, वर्तमान फुट ओवर ब्रिज का विस्तार करने की मांग की है। समिति के लोगो ने कहा कि बहुत ही खेद और आक्रोश के साथ कहना पड़ रहा है कि रेल प्रशासन को मोटी राजस्व देने वाला अहम रेलवे स्टेशन टोरी जंक्शन आज भी घोर उपेक्षा का शिकार है। इस स्टेशन के पूर्वी छोर पर रेलवे फाटक को पार करना लोगो के लिए सिरदर्द बन गया है साथ ही साथ इस स्टेशन पर नागरिक सुविधा और यात्रि सुविधा भी नगण्य है। जिस पर तत्काल बेहद जरूरी है। अगर इन समस्याओं गम्भीरता से विचार नहीं होने की स्थिति में आंदोपन की भी बात कही गयी है। मांग पत्र सौंपने वालो में रवि डे, सत्येंद्र यादव, प्रदीप कुमार, महेंद्र उरांव, बलवंत सिंह, सुरेश प्रसाद, प्रमोद साहू, विश्वजीत कुमार, रामवृक्ष प्रजापति, प्रेम प्रकाश गुप्ता, कृष्णा साव समेत अन्य शामिल है।



आवेदन सौंपते झाविस।

# दुमका : चैन स्कैचिंग गिरोह के दो अपराधी गिरफ्तार, भेजे गये जेल



प्रेसवार्ता करते एसपी पिताबंर सिंह खेरवार व गिरफ्तार व जब्त समान।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** चैन स्कैचिंग गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दुमका पुलिस दो अपराधियों को धर दबोचने में सफल रही। गिरफ्तार अपराधी पड़ोसी राज्य बिहार के कटिहार जिले के थाना कोढ़ा के नया टोला जुराबगंज गांव निवासी युवक अनीष कुमार एवं संजू कुमार है। इस बावत एसपी पिताबंर सिंह खेरवार ने प्रेसवार्ता करते हुए कहा कि महज 24 घंटे में मामले का उद्भेदन करने में सफल रही। एसपी खेरवार ने बताया कि बीते 14 फरवरी को वादिनी कल्याणी दत्ता ग्राम लीची बगान थाना ईशाचक जिला भागलपुर बिहार वर्तमान अपने बेटा का ससुराल रसिकपुर बेसिक स्कूल के पास थाना नगर, दुमका के लिखित आवेदन के अधार पर चैन स्कैचिंग का अज्ञात अपराधियों के खिलाफ अंकित मामला दर्ज करायी थी। लिखित शिकायत में पीड़िता ने बताया कि बेटे के ससुराल के घर से निकलने के सामने वाली गली में टहल रही थी कि इसी बीच एक काला रंग प्लसर पर सवार दो युवक गले से चैन झपटा मार कर छीनकर टीन बाजार की ओर भाग निकलने में सफल रहा। तभी इनके द्वारा बाइक का नंबर जेएच 05बीबी-3463 देखा लिया। एसडीपीओ के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन कर छापेमारी की गई। छापेमारी कर पुलिस अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफल रही। पुलिस गिरफ्तार अपराधियों के पास से 8 हजार नगद समेत घटना में प्रयुक्त बाइक, एक आईटेल सिम, आधार कार्ड, खुजली करने वाला पाउडर, मास्टर की, एक पिठु बैग बरामद करने में सफल रही। अपराधी घटना को अंजाम देकर बैग में रखे पहनने वाला कपडा बदला करते थे।

# कसमार : ठेकेदारी प्रथा के कारण मात्र पंद्रह दिन में हीं बाउंड्री वाल ध्वस्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** बोकारो जिला के कसमार प्रखंड के ओरमो मे बना कर्मचारी भवन बाउंड्री वाल ठीकेदार की मनमानी के कारण बनने के मात्र 15 दिन में ही ध्वस्त हो गया। इससे स्पष्ट रूप से पता चलता है कि काम कितना गुणवत्ता के आधार पर हुआ है। इस कार्य के सम्बंधित विभागीय अधिकारी यानी जिला के और भवन निर्माण के जिला अभियंता तथा प्रखंड अभियंता की लापरवाही से यह घटना देखने को मिल रहा है। वही ठेकेदार की मनमानी से बाउंड्री वाल पर अभियंता द्वारा ध्यान नहीं देने के कारण ठेकेदार का मनोबल बढ़ता गया। काम गुणवत्ता के आधार पर नहीं हुआ, जिसके चलते आज एक तरफ का बाउंड्री वाल टूटकर गिर चुका है। अभियंता द्वारा कभी भी निर्माण कार्य में झांकना तक मुनासिब समझें। जिसके चलते काम का स्तर कितना अच्छा होगा, यह स्वतः हीं समझ जा सकता है। जब इस संबंध में संबंधित ठेकेदार से पूछा जाता है कि अच्छा काम क्यों नहीं करते है, तो संवेदक का स्पष्ट कहना है कि जब कमिशन 30 से 40 प्रतिशत लिया जाता है तो गुणवत्ता कैसा होगा। उन्होंने कहा कि कमीशनखोरी बंद कराए काम का गुणवत्ता अच्छा होगा। ध्यान देने योग्य यह कि यह एक योजना की कहानी नहीं है यह सभी योजनाओं पर लागु है। याने कमिशन के चलते कोई भी विकास योजना में जो काम होता है, उसका सही गुणवत्ता काम में नहीं मिल पायेगा। सूत्रों का मानना है कि कोई योजना पर प्राक्कलन गलत तरीके से बनाया जाता है। उस पर अंकुश लगाया जाए। तभी काम सही रूप से धरातल पर काम देखने को मिलेगा।

## एक नजर में

### पूजा महोत्सव के भक्ति जागरण का पूर्व विधायक बबीता देवी ने किया उद्घाटन



बोकारो/कसमार। कसमार प्रखंड के कुरको गांव में नौ दिवसीय श्री श्री राम राजा पूजा महोत्सव में आयोजित भक्ति जागरण का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि पेयजल एवं स्वच्छता और उत्पाद व मद्य निषेध मंत्री योगेन्द्र प्रसाद की धर्म पत्नी सह गोमिया के पूर्व विधायक बबीता देवी ने किया। मुख्य अतिथि बबीता देवी को राम राजा पूजा कमिटी व ग्रामीणों ने 101 किलो का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। रामगढ़ व धनबाद से आए भक्ति जागरण टीम के महिला पुरुष कलाकारों ने एक से बढ़कर भक्तिगीत प्रस्तुत कर श्रध्दालुओं को रातभर झुमाया। इस दौरान मुख्य अतिथि बबीता देवी ने कहा गीत-संगीत और भक्तिमय जागरण से लोगों को उर्जा मिलती है। भक्ति में अपारशक्ति है। इस तरह के धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन से मानसिक विकार दूर होता है। बबीता देवी ने कहा कि झारखंड को विकास के मामले में देश का नम्बर वन बनाना हेमंत सोरेन का भरपूर प्रयास रहेगा। कुछ छुटभैये नेता विधानसभा क्षेत्र में घूम रहे हैं। केवल जात-पात के नारे लगाकर लोगों को दिग्भ्रमित कर रहे हैं। मौके पर समिति के अध्यक्ष रामकुमार महतो सचिव ब्रजेश कुमार महतो कोषाध्यक्ष अंचित चक्रवर्ती प्रकाश महतो बिनोद बिहारी महतो नरेश महतो सुफल महतो राजेश महतो महेश शर्मा विशेश्वर महतो लखन महतो मिथिलेश महतो हराधन ठाकुर गंगाधर महतो आदि मौजूद थे।

### तेनुघाट विद्युत मजदूर यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री योगेंद्र से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन



बेरमो/ललपनिया। पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री योगेंद्र प्रसाद से शनिवार को तेनुघाट विद्युत मजदूर यूनियन के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुरुबंदा स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने टीवीएनएल में प्रस्तावित 2660=1320एमडब्लू परियोजना का विस्तारीकरण करने हेतु बजट आवंटित करने के संबंधमें माननीय मंत्री योगेंद्र प्रसाद ज्ञापन सौंपा। यहां मौके पर माननीय मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने उनकी इस मांग पर जल्द से जल्द सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सरकार कृतसंकल्पित है। टीवीएनएल में प्रस्तावित परियोजना बिजली उत्पादन के क्षेत्र महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। साथ ही साथ इसके शुरू होने से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। मौके पर पूर्व मुखिया बबुली सोरेन, मुखिया बबलू हेम्ब्रम, बुधन सोरेन सहित दर्जनों लोग थे।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विदाई सह आशीर्वाद दीक्षा समारोह संपन्न



बोकारो। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेक्टर-9 डी में कक्षा द्वादश के भैया-बहनों का विदाई सह आशीर्वाद दीक्षा समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के उपाध्यक्ष निरंजन कुमार सिंह ने कहा कि अब आप उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर होने वाले हैं। आपके अध्ययन का दायरा बढ़ेगा ऐसे में बड़े ही संयमित तरीके से परिश्रम करने की आवश्यकता है। उपाध्यक्ष कृष्णा राय ने कहा कि यह सौभाग्य का विषय है कि आप विद्या भारती के छात्र हैं। विद्या भारती वैश्विक स्तर पर शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाली सबसे बड़ी गैर सरकारी संस्था है। विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र कामत ने कहा कि विद्या भारती योजना में भैया-बहनों को विद्यालय शिक्षा पूर्ण करने पर विदाई देने की परिपाटी नहीं है। हम उन्हें आशीर्वाद देकर दीक्षा प्रदान करते हैं। हिंदी की वरिष्ठ आचार्या सरोज पाण्डेय ने सभी के उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामना दी। मौके पर द्वादश के भैया अनिरुद्ध व बहन आकांक्षा को स्टूडेंट ऑफ द ईयर भैया अंकित व बहन अंशिका को बेस्ट अकैडमिशियन बहन शालू को अनुशासन के लिए और भैया सुजल ठाकुर को इंटरटेनर ऑफ द ईयर का पुरस्कार दिया गया। एकादश के भैया-बहनों ने गीत-संगीत नृत्य खेल आदि प्रस्तुत किए। संचालन एकादश की बहन रोशनी व भैया अनुभव ने किया। मौके पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सह-सचिव जीपी सिंह समिति सदस्य अरुण केसरी सहित समस्त आचार्य बंधु भगिनी एवं कक्षा एकादश व द्वादश के भैया- बहन उपस्थित रहे।

## स्पीड न्यूज

### पूर्व सांसद टेकलाल महतो की जयंती मनी



बेरमो/फुसरो। पूर्व सांसद सह झारखंड राज्य के अग्रणी नेता स्व टेकलाल महतो की 80वीं जयंती फुसरो नगर के करगली गेट स्थित निर्मल महतो स्मारक भवन में मनायी गयी। यहां लोगों ने स्व महतो की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि स्व टेकलाल बाबू ने झारखंड राज्य को अलग कराने में अहम भूमिका निभायी। कहा स्व टेकलाल जी के द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए उनके पदचिन्हों में चलने की अपील सभी से किया। मौके पर झामुमो बोकारो जिला संयोजक मंडली सदस्य जयनारायण महतो, पान बाबू केवट, इकबाल अहमद, पर्यवेक्षक दीपक महतो, नगर प्रमुख भोलू खान, रंजीत महतो, महताब खान, टीकू महतो, दीपक गुप्ता, आनंद सोनी, जितेंद्र नायक, नवाज खान आदि लोग मौजूद थे।

### दो मालवाहक वाहन के बीच जोरदार टक्कर बाल बाल बचे लोग



बेरमो। पेटरवार थाना क्षेत्र के तेनु चौक में दो मालवाहक वाहनों के बीच भीषण टक्कर हो गई। घटना सुबह लगभग 9:00 की है। भारतमाला परियोजना के तहत फोरलेन सड़क निर्माण में कार्य कर रहे हाईवा बोकारो से रामगढ़ की ओर जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से तेज रफ्तार गति से आ रही 709 टर्बो मालवाहक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हालांकि टक्कर के दौरान दोनों वाहनों के चालक बाल बाल बच गए। हाईवा ड्राईवर संदीप कुमार महतो ने बताया कि 709 टर्बो वाहन तेज गति से रॉन्ग साइड होते हुए हाईवे वाहन में जोरदार टक्कर मार दी। हालांकि गनी मत रही कि अगर यह टक्कर नहीं होती तो सड़क किनारे स्थित दुकानों को अपने चपेट में ले लेता जिससे कई लोगों की जान जा सकती थी, जो बाल बाल टल गई। मौके पर पहुंची पेटरवार पुलिस ने दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया।

### चेक बाउंस के एक मामले मे साक्ष्य के अभाव में आरोपी रिहा

**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** चेक बाउंस के एक मामला मे माननीय न्यायालय एसीजेएम बेरमो तेनुघाट के द्वारा आरोपी चास निवासी पिंटू कुमार को साक्ष्य के अभाव में रिहा किया गया। इस मामले मे दुग्दा निवासी राजेश कुमार यादव तेनुघाट न्यायालय मे यह कहते हुए चेक बाउंस का वाद दायर किया था कि उसके साफ्ट कोक प्लान्ट को किराए पर चलाने हेतु एक एकरारनामा के तहत आरोपी तीन लाख का चेक दिया था जिसे भुगतान के लिए वादी द्वारा बैंक मे डाला गया किन्तु आरोपी के खाते मे रकम नहीं होने के कारण चेक बाउंस कर गया। दोनों पक्षों के द्वारा गवाह और कागजात न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए गए। उसके बाद दोनों पक्षों के अधिवक्ता के द्वारा न्यायालय में प्रस्तुत गवाह और बहस सुनने के बाद तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के एसीजेएम ने आरोपी पिंटू कुमार को साक्ष्य के अभाव में रिहा किया। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार तिवारी ने बहस किया।

### नागपुर में भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के अधिवेशन में कोयला मंत्री किशन रेड्डी ने कहा

# कोयला खदान में काम करनेवाले कर्मचारियों की सुरक्षा और कल्याण के लिए सरकार वचनबद्ध

- मंत्री रेड्डी ने कहा कि कोयला खनन के लिए रैयतों से ली गई जमीन के बदले उचित मुआवजा के साथ पुनर्वास कराकर उत्खनित जमीन को पर्यावरण के अनुकूल विकसित किया जाएगा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के 19 वें त्रैवार्षिक अधिवेशन में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री किशन रेड्डी ने कहा कि देश में अगले 50 साल तक कोयले पर निर्भरता रहेगी। नागपुर में आयोजित सम्मेलन में उन्होंने कहा कि कोयला क्षेत्र में कार्यरत सभी श्रेणी के मजदूरों का सरकार बीमा करायेगी। जबकि देश के किसी भी पीएसयू में मजदूरों के बीमा का प्रावधान नहीं है। उन्होंने कोयला कर्मियों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए कई लाभकारी योजनाओं की घोषणा की। उन्होंने कहा कि कोयला उत्पादन में कर्मियों की सुरक्षा प्राथमिकता है। देश के कई अन्य सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल कोल इंडिया की इंपैनल सूची में सम्मिलित किए जा रहे हैं। सभी मजदूरों को यूनिफॉर्म देकर कार्यस्थल पर ड्रेस कोड लागू कराया जाएगा। सेवानिवृत्त कोल कर्मियों और ठेका मजदूरों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलेगी। इन सारी सुविधाओं के लिए भारतीय मजदूर संघ के कोल उद्योग प्रभारी के लक्ष्मा रेड्डी द्वारा बराबर वातालर्पाप कर कोयला कर्मचारियों की हक की लड़ाई हमसे करते रहते है और कर्मचारियों के कल्याण संबंधित विषयों को अवगत कराते रहते है। कोल उधोग प्रभारी द्वारा अवगत कराने के उपरांत हमने सीएमपीएफ में हुए घोटाले की संज्ञान में लेकर जांच जल्द कराएंगे तथा कोयला कामगारों की मेहनत से कमाए पैसे को वसूलने की बात कही। उन्होंने ने कहा कि मजदूरों की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाते हुए वैधानिक पदों को भरा जाएगा। कोयला खनन के लिए रैयतों से ली गई जमीन के बदले उचित मुआवजा के साथ पुनर्वास कराकर उत्खनित जमीन को पर्यावरण के अनुकूल विकसित किया जाएगा।

### सीएमपीएफ घोटाले की सीबीआइ जांच कराये सरकार : के लक्ष्मा रेड्डी





### देश के 140 माइंस को तीन साल के अंदर ईको-फ्रेंडली बनाया जायेगा

केंद्रीय कोयला मंत्री ने कहा कि कोयला उत्पादन के क्षेत्र में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर है। कोयला कर्मियों के बल पर एक बिलियन टन के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। कोयाला मंत्री ने कहा कि कोयले के आयात में कमी लाने के लिए देश में उत्पादन बढ़ाना है। कोलियरी क्षेत्र में पर्यावरण की सुरक्षा के लिए देश के 145 खदानों को माइन क्लोजर प्रोग्राम के तहत लिया गया है। इसमें 140 माइंस को ग्रीनरी और इको फ्रेंडली माइंस बनाने का काम अगले तीन साल में पूरा करना है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत तेजी से काम किया जा रहा है। इस दौरान मजदूर एवं राष्ट्रहित में काम करने के लिए कोयला मंत्री ने अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ की सराहना की।

# बीएसएल में सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में लोगों ने ली शपथ



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में आयोजित सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम में संयंत्र के विभिन्न विभागों के 21 अधिशासी प्रतिभागी के रूप में तथा मेसर्स एएसके-ईएचएस द्वारा बीएसएल के प्रशिक्षित अधिकारी संकाय के रूप में सक्रिय रहे। ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के एसकेडी भौमिक ने अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। जीएम डीआर टोप्पो ने कार्यक्रम में प्रतिभागियों को सुरक्षा शपथ दिलाई और संयंत्र में सुरक्षा के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि वे इस प्रशिक्षण में अर्जित ज्ञान को सहकर्मियों के साथ साझा करें और इसे अपने कार्यस्थल पर लागू करें। जीएम एसके भगत ने प्रतिभागियों को संयंत्र में सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने और संयंत्र में सुरक्षा को निरंतर सशक्त बनाने का आह्वान किया। विभाग के वरीय ऑपरेटिव राकेश कुमार और इंस्ट्रक्टर अर्जुन प्रसाद बाउरी का सराहनीय योगदान रहा। सीजीएम शालिग्राम सिंह की अध्यक्षता में सुरक्षा प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सीईडी विभाग के डीएसओ बीवी चंद्र द्वारा सुरक्षा शपथ और परिचय भाषण से हुई।

# बोकारो में बैंककर्मियों ने दो दिवसीय हड़ताल को लेकर किया रोषपूर्ण प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**बोकारो।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के बैनर तले 24-25 मार्च को घोषित दो दिवसीय बैंक हड़ताल की सफलता तथा अपनी मांगों के समर्थन में निर्धारित आंदोलनात्मक कार्यक्रमों के आलोक में आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया गया। चास-बोकारो के सभी बैंक कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने सैकड़ों की संख्या में उपस्थित होकर स्थानीय भारतीय स्टेट बैंक सेक्टर 4 सिटी सेंटर के सामने विशाल प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन मूलतः ग्राहक सेवा में सुधार हेतु सभी संवर्गों में समुचित बहाली पांच दिवसीय बैंकिंग इंडियन बैंक एसोसिएशन के साथ लंबित मुद्दों का शीघ्र निपटारा बैंक प्रबंधनों द्वारा लगातार द्विपक्षीय समझौता का उल्लंघन आदि मुख्य मांगे शामिल है- को लेकर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यूएफबीयू के बोकारो जिला उप संयोजक राघव कुमार सिंह ने कहा इंडियन बैंक एसोसिएशन द्वारा यूएफबीयू के साथ हुई वार्ताओं में अनेक लंबित मुद्दों को सुलझाने की बात कही गई थी। जिसमें पांच दिवसीय बैंकिंग के साथ-साथ सभी संवर्गों में समुचित बहाली करने की बात की गई थी। मौखिक सहमति के बावजूद भी लंबित मुद्दे पर इंडियन बैंक एसोसिएशन द्वारा किसी प्रकार की सकारात्मक पहल अभी तक नहीं की गई है। साथ ही भारत सरकार अपने वित्तीय सेवा विभाग के माध्यम से अनावश्यक बैंकों में लगातार दखल दे रही है। जिससे जहां एक ओर ग्राहक सेवा में दिन प्रतिदिन ह्रास हो रहा है। वहीं बैंक में कार्यरत कर्मचारियों एवं अधिकारियों को असहनीय कार्य बोझ एवं तनाव से ग्रस्त होने के लिए विवश किया जा रहा है। यदि सरकार एवं आईबीए हमारी उपरोक्त मांगों पर जल्द से जल्द सकारात्मक रूख नहीं अपनाती है तो हमें आंदोलन को और तीव्र करना होगा एवं 24-25 मार्च को आयोजित दो दिवसीय हड़ताल को पूर्ण सफल करना होगा। प्रदर्शन को राजेश कुमार ओझा, मिथिलेश कुमार, विभाष झा, राजेश श्रीवास्तव, प्रदीप झा, अवधेश प्रसाद, पीके श्रीवास्तव, राजकुमार प्रसाद, रतन राज मुर्मू पंकज सिंह, दिलीप कुमार, विवेक ठाकुर, अरुण ने भी संबोधित किया।

### बेरमो क्षेत्र में झामुमो ने चलाया सदस्यता अभियान



बेरमो। झारखंड मुक्ति मोर्चा के सदस्यता अभियान झामुमो के वरीय नेता अनिल अग्रवाल के द्वारा बेरमो क्षेत्र सहित आस पास के गांव में सदस्यता अभियान चलाया। जिसमें कई लोगों ने पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया। अग्रवाल ने बताया कि बोकारो जिले में झामुमो के 50000 से अधिक सदस्य बनाने का लक्ष्य है। उनके लिए गांव-गांव में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है प्रत्येक गांव से कम से कम 100 सदस्यों को जोड़ा जाएगा। इस अभियान में जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत बनाने के लिए आम जनता तक पार्टी के विचारधारा को पहुंचाने का महत्वपूर्ण कदम होगा। मौके पर दर्जन लोग उपस्थित रहे।

### दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में पेपर प्रेजेंटेशन करने छत्तीसगढ जायेंगे एसपी कॉलेज के डॉ बिनोद शर्मा

दुमका। संताल परगना कॉलेज के मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष एवं निदेशक-मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केंद्र सह मेंटल हेल्थ मिशन इंडिया के नोडल ऑफिसर डॉ विनोद कुमार शर्मा को गवर्नमेंट वीवाईटीपीजी ऑटोनॉमस कॉलेज (नैक एक्रीडिटेड ग्रेड-।$), दुर्ग, छत्तीसगढ़ के इतिहास विभाग द्वारा आयोजित एक दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में पेपर प्रेजेंटेशन के लिए आमंत्रित किया गया है। डॉ विनोद कुमार शर्मा आगामी 5-6 मार्च को आयोजित इस अंतर्विषयक सेमिनार में साइको सोशल प्रॉब्लम्स ऑफ ट्राइबल्स इन संताल परगना विषय पर अपना पेपर प्रस्तुत करेंगे। डॉ शर्मा इससे पूर्व कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सेमिनार एवं कॉन्फ्रेंस में टेक्निकल सत्र के चेयरपर्सन के साथ संसाधन सेवी के रूप में अपनी भूमिका निभा चुके है। अब तक डॉ शर्मा ने 20 से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में पेपर प्रेजेंटेशन कर चुके है। वर्तमान में डॉ शर्मा संताल ट्राइबल के मेंटल हेल्थ के स्वास्थ्य विधि एवं पाथवेज विषय पर शोध कार्य कर रहे है। यह प्रोजेक्ट उच्च शिक्षा विभाग के स्टेट रिसर्च प्रोजेक्ट (एसआरपी) द्वारा प्रायोजित है।

### बोकारो : उत्क्रमित प्रा वि हड़साली में मात्र एक शिक्षक, पठन-पाठन हो रहा बाधित

बोकारो/कसमार। कसमार प्रखंड के उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र हिसीम पंचायत के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय हड़साली में मात्र एक शिक्षक होने के कारण पठन-पाठन कार्य कुप्रभावित हो रहा है। विद्यालय में कक्षा एक से लेकर पांचवी तक की पढ़ाई होती है। इधर विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारी व सदस्यों ने बोकारो उपायुक्त से विद्यालय में एक सहायक अध्यापक अति शीघ्र बहाल करने की मांग की है। वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह सचिव महेश कुमार हेम्ब्रम ने बताया कि एक शिक्षक के भरोसे पढ़ाई करने में दिक्कत होती है। हेंब्रम ने कहा कि स्कूल में एक शिक्षक से दिक्कत होने को लेकर नवंबर माह में सहायक अध्यापक शिक्षक बहाल या नियुक्त करने को लेकर बीईओ घनश्याम साहू को लिखित पत्र दिया गया था। इस संबंध में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जीतलाल महतो सुलेखा देवी उपाध्यक्ष के अलावे सुशीला देवी, राजमती देवी, मोहिनी देवी, मंडल मांझी, सुखराम मांझी, विश्वनाथ किस्कू, शिवचरण मांझी, कान्हू मांझी, रिंकी देवी तथा बाल संसद के नमिता देवी वार्ड सदस्य जितेन्द्र किस्कू ने बोकारो डीसी से उत्क्रमित विद्यालय हड़साली में सहायक अध्यापक शिक्षक देने की मांग की है।

### एसकेएमयू में पीजी नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन का अंतिम तिथि आज तक

दुमका। सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय प्रशासन चांसलर पोर्टल के माध्यम से पीजी में नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि आज रविवार तक निर्धारित की गई है। विदित है कि विवि द्वारा 2 फरवरी से ऑनलाइन आवेदन के लिए चांसलर पोर्टल खोला गया था। शनिवार की शाम 4 बजे तक कुल 5471 छात्र-छात्राओं ने चांसलर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया है। ज्ञात हो है कि एसकेएमयू के कुल पांच कॉलेजों में पीजी की पढ़ाई होती है। जिसमें अब तक सबसे अधिक आवेदन पीजी विभाग में 2177, देवघर कॉलेज देवघर में 1437, साहिबगंज कॉलेज साहिबगंज में 1326, गोड्डा कॉलेज गोड्डा में 408 एवं एएस कॉलेज में 103 आवेदन प्राप्त हुए हैं। पीजी विभागों में से सबसे अधिक आवेदन भूगोल में 369, हिंदी में 291, इतिहास में 281, संथाली में 179, अर्थशास्त्र में 169, जन्तु विज्ञान में 157, राजनीति विज्ञान में 154 में प्राप्त हुए हैं। जबकि सबसे कम आवेदन दर्शनशास्त्र में 2, बंगाली में 5 और उर्दू में 7 में प्राप्त हुए हैं। इस बावत सहायक डीएसडब्ल्यू डॉ पूनम हेम्ब्रम ने बताया कि छात्र 16 फरवरी रविवार रात 12 बजे तक चांसलर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# दुमका : एएन कॉलेज के इको क्लब ने चलाया जागरूकता अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



एएन कॉलेज दुमका में जागरूकता अभियान चलाते छात्र।

**दुमका।** एएन कॉलेज के इको क्लब एवं वनस्पति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण एवं जागरूकता संरक्षण विषय पर जागरूकता अभियान आदिवासी बहुल नेतुरपहाड़ी गांव में चलाया गया। अभियान का संयुक्त नेतृत्व कॉलेज प्राचार्य डॉ संजय कुमार सिंह एवं इको क्लब के समन्वयक सह वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ अमरनाथ सिंह ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ संजय कुमार सिंह ने ग्रामीणों एवं छात्र-छात्राओं को पर्यावरण एवं जैव विविधता संरक्षण के लिए जागरूक रहने होने का अपील किया। प्राचार्य डॉ सिंह ने इको क्लब के द्वारा समय-समय पर फलदार पौधों, कम्बल एवं पाठ्य सामग्रीयों के वितरण जैसे उत्साहवर्धक कार्यों की सराहना की। झारखंड बायोडाइवर्सिटी बोर्ड के सदस्य एवं इको क्लब के समन्वयक डॉ अमरनाथ सिंह ने ग्रामीणों एवं स्वयंसेवक छात्र-छात्राओं से पेड़ पौधों एवं जीव जंतुओं से मित्रता स्थापित करने की अपील की। जिससे पर्यावरण एवं जैव विविधता संरक्षण के लक्ष्य को पाने में सफल हो पाएंगे। इस अवसर पर इको क्लब की ओर से बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। इको क्लब स्वयंसेवकों में सिमरन, गजल, एंजेलीना, पारस, करिश्मा, मीरू, सुनीता, भोलेनाथ, दीनबंधु, कोमल, आलिया, आशीष, सिमरन, सुमन, समीर एवं अन्य छात्र-छात्राओं की भागीदारी रही।

# मंत्री दीपिका पांडेय सिंह मामले में कोर्ट में हुई पेशी, बयान हुआ दर्ज



पेशी के बाद निकलती मंत्री दिपिका पांडेय सिंह।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका सिंह पांडेय की एमपी-एमएलए विशेष अदालत में शनिवार को पेशी हुई। विशेष न्यायाधीश सह एसडीजेएम मोहित चौधरी के न्यायालय में हुई। आज केस में सफाई बयान दर्ज हुआ। अगली तिथि 1 मार्च को निर्धारित है। इससे पहले वाली तिथि में तीन पुलिस पदाधिकारी समेत 12 गवाहों की गवाही गुजरी। सभी गवाहों ने घटना का समर्थन किया। बता दें कि यह मामला वर्ष 2017 का है। जहां क्षेत्र भ्रमण के दौरान महागामा में सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति के घायल होने के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया था। इस दौरान कांग्रेस के तत्कालीन जिला अध्यक्ष के रूप में दीपिका पांडेय सिंह घटनास्थल पर पहुंची थी। मामले में थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई थी।

स्पीड न्यूज

### फ्रांस और अमेरिका की यात्रा से लौटे पीएम मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी फ्रांस और अमेरिका की महत्वपूर्ण यात्रा संपन्न कर स्वदेश लौट आए हैं। उनका विमान शुक्रवार रात दिल्ली के पालम हवाई अड्डे पर लैंड हुआ, जहां उन्होंने अधिकारियों का अभिवादन किया। इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात कर विभिन्न द्विपक्षीय एवं वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने फ्रांस में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता की। इसके बाद दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग को लेकर चर्चा की।

### पोप फ्रांसिस अस्वस्थ अस्पताल ले जाया गया

**वेटिकन सिटी।** पोप फ्रांसिस अस्वस्थ हैं। उन्हें वेटिकन सिटी के पॉलीक्लिनिको एगोस्टिनो जेमेली में भर्ती कराया गया है। प्रारंभिक चिकित्सीय जांच में पुष्टि हुई कि बुखार पीड़ित पोप फ्रांसिस के श्वसन तंत्र में संक्रमण है। उनका इलाज शुरू कर दिया गया है। यह जानकारी वेटिकन ने दी। वेटिकन के अनुसार, 14 फरवरी को पोप फ्रांसिस के अस्पताल में भर्ती होने के बाद 15 फरवरी को जयंती समारोह रद्द कर दिया गया। 16 फरवरी को जयंती अवसर के पवित्र मास की अध्यक्षता संस्कृति और शिक्षा विभाग के प्रीफेक्ट कार्डिनल जोस टॉलेन्टिनो डी मेंडोंका करेंगे। सिनेसिटा में पोप फ्रांसिस के साथ 17 फरवरी को होने वाली कलाकारों की बैठक को भी रद्द कर दिया गया है। पहले वेटिकन ने बताया था कि ब्रोंकाइटिस के इलाज के लिए पोप को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वेटिकन का कहना है कि उनकी चिकित्सीय स्थिति ठीक है। उन्हें हल्का बुखार है।

### इजराइल की घोषणा, हमास आज तीन बंधकों को छोड़ेगा

**तेल अवीव।** इजराइल ने गाजा पट्टी में आज आतंकवादी समूह हमास के जरिये फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद की कैद से रिहा किए जाने वाले तीन बंधकों के नामों की घोषणा की। ये हैं-अमेरिकी-इजराइली सागुई डेकेल-चेन (बाएं), रूसी-इजराइली एलेक्जेंडर ट्रूफानोव (मध्य) और अर्जेंटीनाई इजराइली आयर हॉर्न (दाएं)। तीनों को सात अक्टूबर, 2023 को अगवा किया गया था।

### गाजा में रिहा हुए तीन इजरायली बंधक इजरायल पहुंचे

**यरूशलम।** फिलिस्तीनी समूहों हमास और इस्लामिक जिहाद ने तीन इजरायली बंधकों को इजरायली अधिकारियों को सौंप दिया गया है और युद्धविराम के भाग के रूप में शनिवार को वे इजरायल में सीमा पार कर गए। इसकी जानकारी इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने दी।

### पाकिस्तान सड़क दुर्घटना में 12 की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिणी सिंध प्रांत में शनिवार को तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस के पलट जाने से 12 लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह दुर्घटना प्रांत के खैरपुर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग पर तब हुई, जब यात्री पूर्वी पंजाब प्रांत से सहवान शहर में एक धार्मिक उत्सव के लिए जा रहे थे। इस दौरान वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें 12 लोगों की मौत हो गई और 15 लोग घायल हो गये। घायलों को पास के ही अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### सिंगापुर में 80 संदिग्ध ड्रग अपराधी गिरफ्तार

**सिंगापुर।** सिंगापुर के सेंट्रल नारकोटिक्स ब्यूरो ने सोमवार से शुक्रवार तक चली देशव्यापी मादक पदार्थ विरोधी अभियान के दौरान 80 संदिग्ध ड्रग अपराधियों को गिरफ्तार किया। ब्यूरो ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में एक 14 वर्षीय लड़की भी शामिल है, जो इस अभियान में सबसे कम उम्र की है, जिस पर नशीली दवाओं के दुरुपयोग का संदेह है।

# नया कश्मीर संघर्ष की नहीं, बल्कि विश्वास बहाली और आस्था के प्रतिफल की कहानी : धनखड़

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि जम्मू कश्मीर में सफल चुनावों से वहां लोकतंत्र की जड़ें मजबूत हुई हैं और नया कश्मीर अब संघर्ष की नहीं, बल्कि विश्वास बहाली और आस्था के प्रतिफल की कहानी है। श्री धनखड़ ने शनिवार को कटरा में श्री माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय के 10वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा, जम्मू-कश्मीर में 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान 35 वर्षों में सबसे अधिक मतदान हुआ। लोकतंत्र को अपनी वास्तविक आवाज और सच्ची प्रतिध्वनि मिल गई है। यह क्षेत्र अब संघर्ष की कहानी नहीं रह गया है। नए कश्मीर में प्रत्येक निवेश प्रस्ताव केवल पूँजी का विषय नहीं है, बल्कि यह पुनर्स्थापित विश्वास और पुरस्कृत आस्था का प्रतीक है। उन्होंने कहा, यह परिवर्तन अदृश्य नहीं है, बल्कि प्रत्यक्ष रूप से दिखाई दे रहा है। धारणाएँ बदल चुकी हैं, जमीनी हकीकत बदल रही है, और जनता की आकांक्षाएँ नई ऊँचाइयों को छू रही हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा, सिर्फ दो वर्षों में जम्मू-कश्मीर को 65,000 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जो क्षेत्र में आर्थिक विश्वास की मजबूती को दर्शार्ता है। 2019 के बाद पहली बार प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) जम्मू-कश्मीर में आया है, और कई अंतरराष्ट्रीय कंपनियाँ यहाँ निवेश को लेकर उत्सुक हैं। यह क्षेत्र अब आत्मविश्वास और पूँजी का संगम बन चुका है। श्री धनखड़ ने कहा, 2019 में धारा 370 के ऐतिहासिक निरसन ने पीढ़ियों की आकांक्षाओं को पंख दिए। उपस्थित युवाओं को मैं यह बताना चाहता हूँ कि धारा 370 केवल एक अस्थायी प्रावधान था। भारतीय संविधान के निमार्ता डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने इसे लिखने से इनकार कर दिया था। सरदार पटेल, जिन्होंने अधिकांश रियासतों का भारतीय संघ में एकीकरण किया, वे भी जम्मू-कश्मीर के पूर्ण एकीकरण को नहीं कर सके। परंतु 2019 में, इस पवित्र भूमि पर एक नई यात्रा का शुभारंभ हुआ-अलगाव से एकीकरण की ओर। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में 2 करोड़ से अधिक पर्यटकों ने जम्मू-कश्मीर की यात्रा की, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को अभूतपूर्व बढ़ावा मिला। जो कभी धरती का स्वर्ग कहलाता था, वह अब आशा और समृद्धि का प्रतीक बन गया है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि इस पावन भूमि के एक महान सपूत ने कभी ह्यएक देश में एक निशान, एक विधान, एक प्रधानह्व की माँग की थी। आज वह स्वप्न साकार हो चुका है। जहाँ कभी अव्यवस्था और अस्थिरता थी, वहाँ अब सुशासन और स्थिरता देखी जा रही है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि राष्ट्रवाद हमारी पहचान है। हमारा परम कर्तव्य है कि हम सदैव राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखें। कोई भी राजनीतिक या व्यक्तिगत स्वार्थ राष्ट्रहित से बड़ा नहीं हो सकता।

कर्तव्यों के महत्व पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक के कुछ कर्तव्य होते हैं। हमारी संस्कृति हमें हमारे कर्तव्य सिखाती है। जब हम अपने नागरिक कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करेंगे, तो परिणाम असाधारण होंगे। हमें विकसित भारत की ओर अपनी यात्रा को तीव्र गति से आगे बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा, आज आप एक आत्मविश्वासी और सशक्त भारत में रह रहे हैं। वैश्विक स्तर पर भारत निवेश और अवसरों के सबसे पसंदीदा गंतव्यों में से एक बन चुका है। स्वतंत्रता के बाद हमारे इतिहास में पहली बार, किसी भारतीय प्रधानमंत्री की आवाज वैश्विक मंच पर इतनी प्रभावशाली और प्रभावशाली ढंग से सुनी जा रही है। उप राष्ट्रपति ने इस बात पर बल दिया कि जम्मू-कश्मीर का यह रूपांतरण केवल एक क्षेत्रीय बदलाव नहीं है, बल्कि भारत के राष्ट्रीय पुनर्जागरण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस अवसर पर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, जम्मू-कश्मीर की शिक्षा मंत्री सकीना मसूद एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

# राजग के सहयोगी वक्फ संशोधन विधेयक पर सहमत: किरेन रिजिजू

खबर मन्त्र संवाददाता




**श्रीनगर।** संसदीय कार्य मंत्री एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के दो प्रमुख सहयोगी, बिहार के मुख्यमंत्री एवं जनता दल (यूनाइटेड) के प्रमुख नीतीश कुमार और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू, वक्फ (संशोधन) विधेयक पर सहमत हैं। वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट विपक्ष के हंगामे के बीच 13 फरवरी को संसद में पेश की गई। श्री रिजिजू ने कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक पर फर्जी कहानी फैलाई जा रही है।

केंद्रीय मंत्री ने श्रीनगर में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, जब हमने वक्फ (संशोधन) विधेयक संसद में पेश किया, तो हमारा इरादा बहुत स्पष्ट था और हमने संसद को यह भी बताया कि विधेयक का एकमात्र उद्देश्य भारत में वक्फ संपत्तियों की रक्षा करना है, जो दुनिया में सबसे बड़ी हैं। श्री रिजिजू ने कहा,ह्लवक्फ के पास करोड़ों रुपये की संपत्ति होने के बावजूद अगर कोई भीख मांग रहा है कि है, तो यह अफसोस की बात है। इसीलिए हमने वक्फ विधेयक में यह स्पष्ट कर दिया है कि मुसलमानों से संपत्ति छीनकर किसी और को देने का कोई सवाल ही नहीं है। उन्होंने कहा कि देश कानून से चलता है और कोई किसी की संपत्ति नहीं छीन सकता। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित विधेयक पारदर्शिता लाएगा। केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि महिलाओं समेत हजारों मुसलमानों ने उनसे मुलाकात की है और विधेयक की सराहना की है। उन्होंने कहा, ह्लविधेयक के बारे में बहुत दुष्प्रचार किया जा रहा है। यहां तक कि विधेयक का समर्थन करने वाले कई विपक्षी मुस्लिम सांसद भी पार्टी की मजबूरियों के कारण इसका विरोध कर रहे हैं। हालांकि, मंत्री ने विपक्षी मुस्लिम सांसदों का नाम बताने से इनकार कर दिया, जिन्होंने विधेयक को एक महान कार्य कहा था। यह पूछे जाने पर कि क्या बिहार के मुख्यमंत्री और तेदेपा प्रमुख विधेयक का समर्थन करते हैं, मंत्री ने कहा कि सभी वक्फ (संशोधन) विधेयक के साथ हैं। विभिन्न विपक्षी नेताओं ने वक्फ संशोधन का विरोध करने के लिए नायडू और कुमार से हस्तक्षेप की मांग की है। जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने पर श्री रिजिजू ने कोई समयसीमा बताने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने अतीत में यह स्पष्ट कर चुके हैं कि उचित समय में राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह राज्य का दर्जा बहाल करने की समयसीमा पर टिप्पणी नहीं करना चाहेंगे क्योंकि उनकी कश्मीर यात्रा पूरी तरह से केंद्रीय बजट से संबंधित है। श्री रिजिजू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर का मजबूती से विकास होगा।

## भारत बनेगा परमाणु ऊर्जा का पावरहाउस : केंद्रीय मंत्री



**नयी दिल्ली(एजेंसी)।** केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा कि विकसित भारत के लिए परमाणु ऊर्जा मिशन भारत की परमाणु क्षमताओं को बढ़ाने, निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करने और उन्नत परमाणु तकनीक को स्थापित करने की एक बड़ी योजना है। गुजरात चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए डॉ. सिंह ने बताया कि केंद्रीय बजट में छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों (रटफ) के अनुसंधान और विकास के लिए ?20,000 करोड़ का आवंटन किया गया है। सरकार का लक्ष्य 2033 तक कम से कम पांच स्वदेशी रटफ को चालू करना है। उन्होंने कहा कि यह पहल 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा क्षमता हासिल करने के भारत के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के अनुरूप है। यह कदम कार्बन उत्सर्जन को कम करने और स्वच्छ एवं सस्टेनेबल ऊर्जा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। डॉ. सिंह ने परमाणु उद्योग में निजी क्षेत्र की भागीदारी की अनुमति देने को गेमचेंजर बताया और कहा कि इससे ऊर्जा आत्मनिर्भरता के साथ-साथ भारत को वैश्विक परमाणु प्रौद्योगिकी में अग्रणी बनने में मदद मिलेगी। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि जिस तरह स्पेस सेक्टर को निजी कंपनियों के लिए खोला गया, उसी तरह परमाणु क्षेत्र में भी सुधारों से नवाचार और विकास को बढ़ावा मिलेगा। सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि परमाणु ऊर्जा भारत की ऊर्जा रणनीति की आधारशिला बनेगी, जिससे देश तकनीकी रूप से उन्नत और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ेगा।

## एस जयशंकर ने म्यूनिख में यूक्रेन और जर्मनी के विदेश मंत्रियों से मुलाकात की

एजेंसी



**नई दिल्ली।** म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में भाग लेने के लिए जर्मनी गए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यूक्रेन के विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा और जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस से मुलाकात की है। विदेश मंत्री ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के मौके पर यूक्रेन के विदेश मंत्री से मिलकर अच्छा लगा। यूक्रेन संघर्ष के समाधान की दिशा में चल रहे प्रयासों पर चर्चा की। हमारे द्विपक्षीय सहयोग को और आगे बढ़ाने के बारे में भी बात की।

यूक्रेनी विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा ने भी एक पोस्ट में कहा, मैं हमारी सार्थक बैठक के लिए डा जयशंकर को धन्यवाद देता हूं। हम भारत के साथ संबंध विकसित करने और व्यापार, प्रौद्योगिकी, कृषि, सुरक्षा और अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने में रुचि रखते हैं। हम न्यायपूर्ण और स्थायी शांति के लिए भारत की मजबूत वैश्विक आवाज पर भी भरोसा करते हैं।

## 122 करोड़ गबन मामले में प्रबंधक पर केस दर्ज, एक गिरफ्तार

### न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक से निकासी पर रोक



**मुंबई ।** आरबीआई द्वारा न्यू इंडिया कॉरपोरेटिव बैंक लिमिटेड से निकासी पर प्रतिबंध लगाने के बाद बैंक के महाप्रबंधक के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी गयी है। मुंबई के दादर पुलिस स्टेशन में शनिवार को बैंक के कार्यवाहक मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) देवर्षि शिशिर कुमार घोष ने महाप्रबंधक हितेश मेहता और उनके सहयोगियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। देवर्षि शिशिर कुमार घोष की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर में आरोप है कि महाप्रबंधक हितेश मेहता और उनके कुछ सहयोगियों ने आपराधिक षड्यंत्र रचकर बैंक में 122 करोड़ रुपए का गबन किया। महाप्रबंधक ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अपने साथियों के साथ मिलकर यह घोटाला किया। शिकायतकर्ता देवर्षि शिशिर कुमार घोष, जो वर्तमान में बैंक के कार्यवाहक सीईओ के तौर पर कार्यरत हैं, उन्होंने शुक्रवार को इस मामले की तहरीर दी। एफआईआर में आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 316(5) और 61(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

इस मामले की जांच अब मुंबई की इकनॉमिक ऑफेंस विंग (ईओडब्ल्यू) को सौंपी गई है। इस जांच को डीसीपी मंगेश शिंदे के नेतृत्व में उनकी विशेष टीम द्वारा देखा जाएगा। डीसीपी मंगेश शिंदे बैंकिंग मामलों से संबंधित अपराधों की जांच करने के लिए जाने जाते हैं, और इस मामले में भी उनकी निगरानी में जांच आगे बढ़ेगी। इन सब के बीच बैंक के घाटकोपर ब्रांच के बाहर शनिवार को लोगों की लंबी कतार देखी गई। बैंक के एक खाताधारक ने बताया कि शुक्रवार को बैंक से निकासी पर प्रतिबंध लगाने की खबर आई, जिसके बाद हम सब घबरा गए। लेकिन, आज घाटकोपर शाखा केवल बैंक के लॉकर से पैसे निकालने की अनुमति दे रही है।

शुक्रवार को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने मुंबई के न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक पर प्रतिबंध लगा दिया है। आरबीआई का कहना है कि ये प्रतिबंध बैंक की स्थिति में सुधार होने तक लागू रहेंगे। इस प्रतिबंध के बाद खाताधारक अलग-अलग बैंक जाकर अपने खाते की जानकारी प्राप्त करते हुए नजर आ रहे हैं।

## एक्टर साहिल खान ने रचाई दूसरी शादी



48 वर्षीय अभिनेता साहिल खान ने दूसरी बार शादी कर ली है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर शादी की तस्वीरें शेयर कर इसकी जानकारी दी। शादी की तस्वीरें सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर एक्टर और उनकी पत्नी के बीच उम्र के फासले को लेकर चर्चा छिड़ गई है, क्योंकि उनकी पत्नी उनसे 26 साल छोटी हैं। स्टाइल और 'एक्सक्यूज मी' से चर्चित हुए अभिनेता साहिल ने अपनी गर्लफ्रेंड मिलेना एलेक्जेंड्रा से दूसरी शादी कर ली है, जो उनसे 26 साल छोटी हैं। वेलेंटाइन डे के अवसर पर इस जोड़े के लिए दुबई के बुर्ज खलीफा में एक रिसेप्शन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उनके परिवार और करीबी मित्र मौजूद थे। अब इस रिसेप्शन की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। शादी के रिसेप्शन में साहिल खान और मिलेना बेहद खूबसूरत लग रहे हैं। अभिनेता ने क्लासिक काला सूट पहना था। उनकी पत्नी ने इस विशेष दिन के लिए सफेद गाउन चुना। दोनों ने रिसेप्शन में केक काटा। साहिल ने केक काटते हुए अपना एक वीडियो पोस्ट किया।

# सीवीसी ने पूर्व सीएम केजरीवाल के बंगले की जांच के दिए आदेश




**नयी दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जिस बंगले में रहते थे उसके जीर्णोद्धार में हुई कथित गड़बड़ी को लेकर केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) ने जांच के आदेश दिए हैं। श्री केजरीवाल मुख्यमंत्री रहते हुए जिस आवास में रह रहे थे सीवीसी ने उसकी जांच के आदेश दिए हैं। यह आदेश केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) द्वारा प्रस्तुत एक रिपोर्ट के आधार पर दिया गया है। सीपीडब्ल्यूडी के इस रिपोर्ट में दिल्ली के सिविल लाइन्स में 6, फ्लैगस्टाफ रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास के जीर्णोद्धार में अनियमितता का आरोप लगा है।

उल्लेखनीय है कि इस बंगले को लेकर भाजपा ने पूरे चुनाव प्रचार के दौरान इसे ह्लशीश महलह्व का नाम देकर आम आदमी पार्टी और श्री केजरीवाल पर हमले किए थे। गौरतलब है कि भाजपा के नेता विजेंद्र गुप्ता ने इस मामले में शिकायत देकर आरोप लगाया था कि दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग ने लगभग आठ एकड़ में बने बंगले का पुनर्निर्माण करते समय नियमों का उल्लंघन किया। उन्होंने दावा किया था कि इसके निर्माण में कई प्रकार की गड़बड़ी हुई है ।

### एक भारत-श्रेष्ठ भारत का अनमोल उदाहरण है महाकुम्भ : पीयूष गोयल

**महाकुम्भ नगर।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल शनिवार को त्रिवेणी संगम में स्नान करने पहुंचे। उन्होंने महाकुम्भ को एक भारत श्रेष्ठ भारत का अनमोल उदाहरण बताते हुए कहा कि विश्व भर के लोगों की आस्था देख कर आनंद की अनुभूति हो रही है।




# नौसेना की जांबाज अधिकारियों ने केप हॉर्न पार किया

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** स्वदेशी नौका तारिणी पर नाविका सागर परिक्रमा अभियान पर निकली नौसेना की दो जांबाज अधिकारियों ने समुद्र की विषम परिस्थितियों में दक्षिण अमेरिका के दक्षिणी छोर पर स्थित केप हार्न को सफलतापूर्वक पार करके इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज करा लिया है। नौसेना के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि लगातार बारिश, समुद्र की विषम स्थिति , 75 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवा और 5 मीटर से अधिक ऊंची लहरों के बीच लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा ए ने समुद्र के रास्ते दुनिया का चक्कर लगाने के अभियान के दौरान यह सफलता हासिल की। यह मार्ग नाविकों को ड्रेक पैसेज से होकर ले जाता है जो एक खतरनाक जलमार्ग है और तेज हवाओं, ऊंची लहरों तथा अप्रत्याशित मौसम के लिए जाना जाता है। इस क्षेत्र की परिस्थितियाँ सबसे अनुभवी नाविकों की भी परीक्षा लेती हैं। ड्रेक पैसेज का नाम अंग्रेजी खोजकर्ता सर फ्रांसिस ड्रेक के नाम पर रखा गया है जिन्होंने दक्षिण अमेरिका के दक्षिण में एक खुले समुद्री मार्ग के अस्तित्व की पुष्टि की थी।

इन कठिन जलक्षेत्रों का साहसपूर्वक सामना करने के बाद, अधिकारियों ने अब केप हॉर्नर्स का प्रतिष्ठित खिताब अर्जित किया है। यह खिताब पारंपरिक रूप से उन नाविकों को दिया जाता है, जिन्होंने पाल के नीचे केप हॉर्न को सफलतापूर्वक नेविगेट किया है।